आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* नहाय खाय
* सूर्य षष्ठी व्रतारंभ

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 300 | उज्जैन, शुक्रवार 13 नवम्बर, 2026 | कार्तिक शुक्ल 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

जम्मू-कश्मीर से लापता दोनों स्पेशल पुलिस ऑफिसर के शव मिले

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसपीओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी। दोनों के ही हथियार गायब हैं। दोनों आर्मी के साथ इलाके में सर्चिंग के लिए गए थे। जब वे लापता हुए थे, तब जंगल से फायरिंग की आवाजें भी सुनाई दी थीं। मृतकों की पहचान रशपाल कुमार और बाबी चंद के रूप में हुई है।


यूपी में चंद्रशेखर-ओवैसी की पार्टियों के बीच गठबंधन

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन का ऐलान किया है। इसका नाम सामाजिक परिवर्तन मोर्चा रखा गया है। गठबंधन यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेसवार्ता में ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर यूपी में सीएम का चेहरा होंगे। भाजपा को रोकने के लिए हमारा मोर्चा मजबूत विकल्प बनेगा।

महादेव सट्टा केस: सौरभ चंद्राकर ने लाइजनिंग से किया इनकार

रायपुर। करीब 6 हजार करोड़ रुपये के कथित महादेव ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट की जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो को पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां मिली हैं। मामले के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर ने आठ दिन की हिरासत के दौरान सट्टा नेटवर्क के संचालन और हवाला के जरिए पैसों के लेनदेन से जुड़ी जिम्मेदारियों को लेकर अपनी भूमिका बताई, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कथित संपर्क यानी लाइजनिंग की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में सौरभ ने लाइजनिंग का काम रवि उप्पल द्वारा संभाले जाने की बात कही।

छठ पूजा से पहले रिलीज हुआ आयुष्मान खुराना की फिल्म का गीत 'बुलाए छठी मां'



मुंबई। छठ पूजा के त्योहार से पहले बॉलीवुड में भी इसकी आस्था और परंपरा की झलक देखने को मिल रही है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना 'बुलाए छठी मां' रिलीज कर दिया गया है. छठ पूजा को समर्पित इस गीत में परिवार के साथ पूजा-अर्चना और त्योहार की भावनात्मक खूबसूरती दिखाई गई है। मेकर्स ने 13 नवंबर को यह गाना सोशल मीडिया और यूट्यूब पर जारी किया। वीडियो में आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ अपने परिवार के साथ छठ पूजा करते नजर आ रहे हैं। गीत रिलीज होने के बाद दर्शक इसे पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर छठी मैया के प्रति अपनी श्रद्धा जाहिर कर रहे हैं। गाने को साझा करते हुए फिल्म के निर्माताओं ने लिखा कि कुछ त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं, जबकि कुछ पूरे दिल से महसूस किए जाते हैं।

नैनो न्यूज

- **मुंबई :** सोने के दाम 21% घटे तो खरीदारी 30% बढ़ी, दिवाली-धनतेरस पर 52 टन सोना 72 हजार करोड़ में बिका, चांदी की खरीदारी भी 10% बढ़ी।
- **नई दिल्ली :** राहुल गांधी हैदराबाद में डिलीवरी बॉय-कैब ड्राइवरों से मिलेंगे, तेलंगाना में 14 नवंबर को गिग वर्कर्स के लिए कल्याण बोर्ड शुरू होगा।
- **नई दिल्ली :** मोदी बोले- न्यूज की तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी, दिवाली मिलन समारोह में कहा- सीएम बना तो मुझसे पहले मीडिया को पता था।
- **मुंबई :** सेंसेक्स 32 अंक चढ़कर 81911 पर बंद, निफ्टी में भी 44 अंक की तेजी रही, रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।
- **तेहरान :** नेतन्याहू को पीएम बनने से रोकने का बिल लाए आइजनकोट, भ्रष्टाचार के आरोपी प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे, तय समय से ज्यादा पद पर भी नहीं रह सकेंगे।
- **नई दिल्ली :** मप्र में सीजन में पहली बार पारा 10 डिग्री से कम, यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के भीतर कैश के जरिए पैसे भेजने और प्राप्त करने की व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए जारी किए नए दिशा-निर्देश

नगद पैसे भेजने पर 5 हजार की लिमिट, मोबाइल और केवायसी अनिवार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के भीतर कैश के जरिए पैसे भेजने और प्राप्त करने की व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 11 नवंबर 2026 को जारी आरबीआई डायरेक्शन 2026 तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। नए नियमों के तहत कैश आधारित मनी ट्रांसफर के लिए मोबाइल नंबर का सत्यापन, पहचान संबंधी दस्तावेज और अतिरिक्त प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।

आरबीआई के इस फैसले का असर खासतौर पर उन लोगों पर पड़ेगा, जो बैंक खाते के बिना या बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के माध्यम से दूसरे शहरों में अपने परिवार और परिचितों को नकद के जरिए पैसे भेजते हैं। नए नियमों में पैसे भेजने और प्राप्त करने की अलग-अलग सीमाएं निर्धारित की गई हैं।

एक बार में 10 हजार तक नकद प्राप्त कर सकेंगे

आरबीआई ने कैश पे-आउट सुविधा के तहत एक ट्रांजैक्शन में अधिकतम 10 हजार रुपये नकद प्राप्त करने की अनुमति दी है। हालांकि, एक लाभार्थी को पूरे महीने में इस सुविधा के तहत अधिकतम 25 हजार रुपये ही मिल सकेंगे। इस व्यवस्था में बैंक खाताधारक अपने खाते से किसी ऐसे व्यक्ति को पैसे भेज सकता है, जिसका संबंधित बैंक में खाता नहीं है। लाभार्थी अधिकृत एजेंट, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट, एटीएम या अन्य स्वीकृत माध्यमों से नकदी प्राप्त कर सकता है। बैंकों के लिए लाभार्थी का नाम और पता अपने रिकॉर्ड में रखना भी जरूरी होगा।

कैश जमा करके भेज सकेंगे 5 हजार रुपये

दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते में नकद जमा करके पैसे भेजने की सुविधा पर भी सीमा निर्धारित की गई है। ग्राहक सीधे बैंक शाखा में जाकर एनईएफटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में 50 हजार रुपये तक भेज सकता है। एक ट्रांजैक्शन में अधिकतम 5 हजार रुपये भेजे जा सकेंगे। बीसी एटीएम और अन्य अधिकृत माध्यमों से इस सुविधा के तहत एक व्यक्ति महीने में अधिकतम 25 हजार रुपये भेज सकेगा। इसका मतलब है कि बैंक शाखा और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से होने वाले कैश ट्रांसफर के नियम अलग-अलग होंगे।

मोबाइल नंबर और पहचान दस्तावेज का सत्यापन जरूरी- नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, कैश के जरिए पैसे भेजने वाले व्यक्ति का पंजीकरण अब सत्यापित मोबाइल नंबर और स्वयं प्रमाणित आधिकारिक वैध दस्तावेज के आधार पर किया जाएगा। यह प्रक्रिया आरबीआई के केवायसी डारेक्शन 2025 के अनुरूप पूरी करनी होगी। इसके अलावा प्रत्येक ट्रांजैक्शन को अतिरिक्त प्रमाणीकरण (एएफआई) से सत्यापित करना अनिवार्य होगा। बैंक और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट को ग्राहक की पहचान से संबंधित जानकारी सुरक्षित रखनी होगी।

हर ट्रांजैक्शन पर रहेगी निगरानी- आरबीआई ने बैंकों और गैर-बैंकिंग पेमेंट संस्थाओं को कैश आधारित लेनदेन की निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अचानक किसी खाते में बड़ी संख्या में रकम जमा होने या असामान्य ट्रांजैक्शन गतिविधियां दिखाई देने पर जांच करनी होगी। बैंकों को लेनदेन की संख्या और गति पर नजर रखने के साथ खाते में रकम जमा होने पर ग्राहकों को अलर्ट भेजने की व्यवस्था भी करनी होगी। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना भी जरूरी होगा।

एनईएफटी और आईएमपीएस मैसेज में भेजने वाले की जानकारी होगी शामिल- नए नियमों के तहत बैंकों को एनईएफटी और आईएमपीएस ट्रांजैक्शन मैसेज में पैसे भेजने वाले की जानकारी शामिल करनी होगी। साथ ही एक विशेष पहचान चिह्न भी दिया जाएगा, जिससे पता चल सके कि संबंधित ट्रांसफर कैश आधारित है। इस व्यवस्था का उद्देश्य लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ाना और धोखाधड़ी की संभावनाओं को कम करना है।

रियल टाइम में होगा पैसे का ट्रांसफर- आरबीआई के नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, घरेलू मनी ट्रांसफर को रियल टाइम या लगभग रियल टाइम में पूरा करने की व्यवस्था होनी चाहिए। बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाएं इस सेवा के लिए उचित शुल्क निर्धारित कर सकेंगी। ग्राहकों की शिकायतों के समाधान के लिए भी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के डिंडौरी में रसगुल्ला बताकर दोस्त ने सूअरमार बम खिला दिया

बम मुंह में फटते ही युवक की चली गई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ डिंडौरी

मध्य प्रदेश के डिंडौरी में एक शख्स को रसगुल्ला बताकर सूअरमार बम खिला दिया गया। बम मुंह में फटते ही युवक की जान चली गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मध्य प्रदेश के डिंडौरी से एक बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 35 वर्षीय शख्स को कथित तौर पर उसके दोस्त ने रसगुल्ला बताकर सुअरमार बम खिला दिया गया। 'द न्यू इंडियन एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद मुंह में रखते ही धमाका हुआ और शख्स की मौत हो गई। विस्फोट इतना तगड़ा था कि शख्स के मुंह के भीतर का हिस्सा और जबड़ा बुरी तरह उड़ गए। घटना पड़रिया छांटा गांव में मंगलवार शाम की है। युवक को बातों-बातों में सुअरमार बम खाने को दिया गया था जिसके बाद मुंह में रखने और चबाने के साथ उसमें विस्फोट हो गया। युवक को इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि जिसे वह रसगुल्ला समझकर खा रहा है वह असल में बम है।



सूअरमार बम क्या होता है?

आपको बता दें कि सुअरमार बम बारूद और पोटाश से तैयार किया जाता है। इसका इस्तेमाल जंगली सूअरों को मारने के लिए किया जाता है। हल्का दबाव पड़ने पर ही इसमें धमाका हो जाता है। इस तरह के बम का इस्तेमाल शिकारी जंगलों में छोटे जानवरों के शिकार के लिए भी करते हैं।

घटना पर क्या बोले पुलिस अधिकारी?

डिंडौरी कोतवाली पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर दुर्गा प्रसाद नागपुरे के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 7 बजे राजेंद्र ने अपने परिवार के साथ खाना खाया और फिर आंगन में आग तारने के लिए आग के पास बैठ गया। इसके बाद गांव में ही रहने वाला रामभगत बरौतिया वहां आया और उसके पास बैठ गया। ठंड की शाम में परिवार के बीच एक सामान्य और शांत माहौल था।

खाने के लिए दिया था सुअरमार बम

इसके बाद दोनों आपस में बातें करने लगे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान रामभगत ने कथित तौर पर राजेंद्र को सुअरमार बम यह कहते हुए दिया कि वह रसगुल्ला है। मिठाई समझ राजेंद्र ने तुरंत उसे मुंह में डाल लिया और जैसे ही चबाया तो उसमें विस्फोट हो गया जिससे उसका मुंह बुरी तरह जख्मी हो गया। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम किया जिसके बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

परिजन आनन-फानन में राजेंद्र को अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने ईलाज के बाद मृत घोषित कर दिया। 'द न्यू इंडियन एक्सप्रेस' की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने रामभगत के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज किया है।

मामले की जांच में जुटी है पुलिस

घटना के बारे में जानकर गांव के लोग हैरान हैं। वहीं पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश में जुट गई है कि आखिरकार शख्स के पास बम आया कहां से और उसने रसगुल्ला बताकर राजेंद्र को क्यों खिलाया। पुलिस मामले में हर पहलू की बारीकी से तफ्तीश कर रही है।

नीमच में तीन हजार की रिश्वत लेते होमगार्ड कमांडेंट गिरफ्तार

नयागांव बैरियर पर ड्यूटी और पोस्टिंग के बदले सैनिकों से हर महीने मांगते थे रकम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



नीमच में लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने गुरुवार को होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट युवराज सिंह चौहान को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा।

आरोप है कि वे नयागांव आरटीओ बैरियर पर ड्यूटी और पोस्टिंग देने के बदले होमगार्ड सैनिकों से हर महीने रकम मांग रहे थे। टीम ने उन्हें कोट मोहल्ला स्थित होमगार्ड कार्यालय में सैनिक महेश थोरेचा से पैसे लेते पकड़ा।

महेश थोरेचा ने 10 नवंबर को लोकायुक्त एसपी विनोद कुमार दीक्षित से लिखित शिकायत की थी। इसमें बताया था कि युवराज सिंह चौहान कार्यालय में पदस्थ सैनिक बलवंत सिंह के जरिए नयागांव आरटीओ बैरियर पर ड्यूटी और पोस्टिंग के बदले हर महीने 3 हजार रुपए मांग रहे हैं।

शिकायत मिलने के बाद एसपी ने निरीक्षक राजेंद्र वर्मा से रिश्वत मांगने की बात का सत्यापन कराया। मांग सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया और चौहान को रकम लेते पकड़ लिया। महेश थोरेचा ने बताया कि पोस्टिंग और ड्यूटी के नाम पर उनका और दूसरे सैनिकों का लगातार मानसिक शोषण किया जा रहा था। हर महीने 3 हजार रुपए तय थे। इसी वजह से उन्होंने लोकायुक्त में शिकायत की। लोकायुक्त निरीक्षक राजेंद्र वर्मा ने बताया कि आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

रिटेल महंगाई 6.09%, 12 महीने में सबसे ज्यादा

प्याज, दूध, अंडे समेत खाने-पीने की रोजाना इस्तेमाल होने वाली चीजें महंगी होना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अक्टूबर में देश की रिटेल महंगाई दर बढ़कर 6.09% पर पहुंच गई है। सितंबर में यह 5.54% थी। यानी, एक महीने में महंगाई दर में 0.55% की बढ़ोतरी हुई।

अक्टूबर में रिटेल महंगाई दर आरबीआई की तय 6% की ऊपरी सीमा भी पार कर गई है। आरबीआई ने देश में महंगाई दर की सीमा 4% से 6% तय की थी।

रिटेल महंगाई बढ़ने की वजह खाने-पीने की चीजें महंगी होना है। अक्टूबर में दूध-अंडे और प्याज-लहसुन समेत रोजाना इस्तेमाल की चीजों के दाम बढ़े हैं। इससे अक्टूबर में खाद्य महंगाई 8.94% हो गई, जो सितंबर में 7.74% थी। देश के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी सीपीआई में खाने-पीने की चीजों की हिस्सेदारी करीब 40% है। यानी इनकी कीमतों में बदलाव का सीधा असर कुल महंगाई पर पड़ता है।

24 महीने में पहली बार महंगाई दर 6% के पार

इससे पहले अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई 6% की सीमा पार कर 6.2% पर पहुंची थी। उस समय महंगाई का आंकड़ा सीपीआई की पुरानी सीरीज के आधार पर जारी किया गया था, जिसका बेस ईयर 2012 था। मौजूदा नई सीरीज में अक्टूबर 2026 में महंगाई पहली बार आरबीआई की 6% की ऊपरी सीमा से ज्यादा हुई है।

केजरीवाल को लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी

7 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी, मोहाली में एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▸▸ मोहाली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति ने 7 करोड़ रुपये की मांग करते हुए रकम नहीं मिलने पर केजरीवाल और उनकी बेटी को नुकसान पहुंचाने की चेतावनी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहाली के साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



पुलिस अब धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान करने और उसके पीछे की वास्तविक मंशा का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि धमकी के पीछे वास्तव में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े किसी व्यक्ति का हाथ है या किसी अन्य ने गैंग का नाम इस्तेमाल किया है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, दिल्ली की तिलक नगर विधानसभा सीट से आप विधायक जरनैल सिंह को 6 नवंबर की शाम को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल और वॉट्सऐप मैसेज मिला था। विधायक ने इस घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए धमकी भरे संदेश का विवरण भी उपलब्ध कराया।

सीआरपीएफ कैंप पर हमले की जिम्मेदारी पसदरान-ए-हुर्रियत ने ली

एजेंसी ▸▸ कुलगाम

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के अखरान कैंप पर हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन पसदरान-ए-हुर्रियत ने ली है। आतंकी संगठन ने हिंदूवादी सरकारों और आरएसएस पर भी हमले की चेतावनी दी है। कुलगाम में कल यानी 11 नवंबर को हुए हमले में 3 जवान घायल हो गए थे। वीडियो में हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आए थे।

हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया की सरेराह हत्या

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में बुधवार रात एक हिस्ट्रीशीटर की सरेराह हत्या से सनसनी फैल गई। जोबनेर निवासी विजय बाजिया पर करधनी थाना क्षेत्र के जगदंबा नगर में कैंपर गाड़ी में सवार बदमाशों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले उसकी फॉर्च्यूनर गाड़ी को टक्कर मारकर रोका और फिर उसे घेरकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। हमले में विजय की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की है। विजय बाजिया जोबनेर से अपनी टोयोटा फॉर्च्यूनर में जयपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान कैंपर गाड़ी में सवार 4 से 6 लोगों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया।

मुंबई लोकल में लड़की से छेड़छाड़, विरोध करने पर दे दिया धक्का

ट्रेन के नीचे आने से हाथ कटा, सिर में 16 टांके आए

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई की लोकल ट्रेन में छेड़छाड़ का विरोध करने पर 20 साल की लड़की को आरोपी ने ट्रैक पर धक्का दे दिया। ट्रेन की चपेट में आकर उसका हाथ कट गया, जबकि सिर में 16 टांके आए हैं।

घटना 4 नवंबर की है। लड़की लोकल ट्रेन में गोरेगांव से नायगांव जा रही थी। आरोप है कि सफर के दौरान जितेंद्र हिरमुखे नाम के आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

जब लड़की ने विरोध किया, तो दोनों के बीच हाथापाई हुई। ट्रेन रुकने पर आरोपी ने लड़की को धक्का दे दिया, जिससे वह दो कोच के बीच गिरी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मेरी जिंदगी खराब हो गई



पीड़ित ने वीडियो में आपबीती सुनाई। उसने कहा, 'मैं गोरेगांव से ट्रेन में बैठी थी। मुझे नायगांव स्टेशन उतरना था। ट्रेन में वह मुझे गलत तरीके से छू रहा था। मैंने विरोध किया तो झगड़ा हो गया और मैं नीचे उतर गई। इसके बावजूद वह मुझे छूता रहा। मैंने उनसे कहा कि क्या आपके घर में मां-बहन नहीं है? वह फिर भी नहीं माना। उसने मुझे गालियां दीं, चप्पल से पीटा और धक्का दे दिया। मेरी पूरी जिंदगी खराब हो गई। मेरे घर की सारी जिम्मेदारी मैं ही संभालती थी। मुझे बस न्याय चाहिए।'

परिवार ने पुलिस जांच पर सवाल उठाए- पुलिस ने आरोपी जितेंद्र हिरमुखे को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 117 और अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित के परिवार ने पुलिस जांच पर सवाल उठाया है, उनका कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश से जुड़ी धारा 109 क्यों नहीं लगाई गई? परिवार ने एमएनएस पदाधिकारियों के साथ रेलवे पुलिस के सीनियर इंस्पेक्टर से मुलाकात की।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

कुछ घंटों जान सांसत में फंसी रही

बुधवार शाम को धर्मनगरी के मध्य में स्थित एक 5माला भवन में कुछ जिंदगियों की जान सांसत में फंसी रही। आगजनी के इस मामले ने धर्मनगरी की तैयारी और आपदा प्रबंधन पर सीधे-सीधे ही प्रहार कर दिया है। इस दौरान मात्र फंसे हुए लोगों की ही जान सांसत में नहीं रही है। घटनाक्रम से जुड़े तमाम अफसरों की जान भी सांसत में ही रही है। भला हो बाबा का जिन्होंने धर्मनगरी में अनहोनी से बचा लिया। फंसे हुए दो दर्जन से अधिक लोगों को भला चंगा ही निकालने में नीचे के नियमों का पालन करवाने वालों की मदद करते हुए इज्जत बख्शी, अन्यथा अगर कुछ हो जाता तो इन सब के लिए भी जवाब देना महंगा पड जाता। 5 माला भवन में हादसे के दौरान शहर की संस्था के पास संसाधनों की कमी साफ तौर पर सामने आई है। इस दौरान आपदा प्रबंधन दल के पास भी संसाधनों की कमजोरी स्पष्ट रूप से सामने रही है। मानव संसाधनों से ही ज्यादातर काम बचाव एवं राहत में सामने आए हैं। कुछ घंटों के दौरान धर्मनगरी की महाआयोजन की धरातल की तैयारी का ऐसा रूप सामने आया जिसे देखने के बाद सवालों की फेहरिस्त खड़ी हो रही है। 5 माला भवन के निवासी और वहां अपना धंधा चलाने वालों की जिम्मेदारी भी इन सवालों के दायरे में है। अग्निशमन के लिए हमारी तैयारी का स्तर भी देखने को मिला जिसमें हाईड्रोलिक अग्निशमन की व्यवस्था में हमारे पास सिढ़ाव तक नहीं देखने को मिला। पुताई के लिए लगाई जाने वाली बडी सिढियां ही यहां काम में ली और पुताई का काम करने वालों ने जमकर बहादुरी दिखाई। बच्चों से लेकर बड़ों तक को मुश्किलों के दौर में निकालने में अपनी मदद की। अग्निशमन दल के साथ आमजन एवं खासकर वे युवा अगेवान रहे जो इस 5 माला भवन के पीछे ही निवास करते रहे हैं और उन्हें भवन के हिस्सों के बारे में बेहतर जानकारी थी। खुसूर-फुसूर है कि शहर में कई माला भवनों का निर्माण पिछले सालों में नियमों के विपरित किया गया है। व्यवसायिक भवनों के लिए तो अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर काफी कुछ किया जा रहा है लेकिन रहवासी बहुमंजिला भवनों में अग्निशमन की दुर्गति के हाल ऐसे हैं कि उसे देखने तक को जिम्मेदार तैयार नहीं हैं। अब सिरे से ही रहवासी भवनों को लेकर अग्निशमन की तैयारी की जाना चाहिए ।

न्यूज कॉलम

रेशम के कालिन में टाट का पैबंद

उज्जैन। शहर की सुन्दरता में चार चांद लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग व नगरनिगम अपनः तई बहुत प्रयास करता रहता है। धार्मिक नगरी में विगत कुछ वर्षों से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी और शहर एक पर्यटन नगरी के रूप में पहचान बनाने की राह पर अग्रसर है किन्तु कुछ स्थानों पर कतिपय लोग अपने निहित स्वार्थवश ऐसी स्थिति निर्मित कर रहे हैं जिससे सब किए कराए पर पानी फिर जाता है। शहर का प्रवेश मार्ग नानाखेड़ा के बस स्टैंड के बाहर अभी कुछ सभय पूर्व लोक निर्माण विभाग ने फुटपाथ निर्मित किया और आगंतुक अतिथियों के स्वागत के लिए हाथ जोड़ती हुई और मंदिर की आकृति के शीट बोर्ड नानाखेड़ा बस स्टैंड के बाहर लगाए हैं जो शहर सौन्दर्यीकरण मे चार चांद लगा रहे हैं किन्तु इसी के पीछे राहगीरों के चलने वाले संकरे से मार्ग पर विशालकाय क्रेन खडी की जा रही हैं जो इस स्थान पर टाट का पैबंद साबित हो रही हैं। अधिकारी संज्ञान लेकर इन क्रेनों को बस स्टैंड से शीघ्र हटाने का कदम उठाएं तो शहर की सुन्दरता प्रभावित न हो पाएगी।

नैनो न्यूज

- **शहिद मंच उज्जैन,** दसनाम गोस्वामी समाज, मध्य प्रदेश द्वारा अमर शहीद टी आई दिलीप पुरी गोस्वामी को टावर चौराहे पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई
- **आग में** फंसी जिंदगियों को बचाने वाले युवा हुए सम्मानित, बागड़िया टॉवर अग्निकांड में पार्षद प्रतिनिधि मोहित जायसवाल सहित अदम्य साहस दिखाने वाले नौजवानों का कांग्रेस ने किया सम्मान
- **मन, वचन** और काया से पीड़ा न पहुँचाना ही सच्ची अहिंसा, जैन धर्म के आधारभूत सिद्धांत अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद का विवेचन
- **श्री सिंथेटिक्स** कर्मचारियों की बैठक 15 नवंबर रविवार को दोपहर 12:15 बजे शहीद पार्क में आयोजित की जाएगी, कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ी उम्मीदें
- **मौलाना** अबुल कलाम आजाद की जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, मेधावी विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों का हुआ सम्मान
- **4 व 15 नवंबर** को होगा देवासद्वार मराठी विद्यालय का पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन जल्लोष 2026, तिलक स्मृति मंदिर में जुटेंगे पूर्व छात्र और शिक्षक, 75 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके मित्रों का होगा सम्मान
- **उज्जैन में** श्री यतीन्द्र सुरीश्वर गुरूदेव का 144वाँ जन्मोत्सव मानव सेवा के साथ मनाया
- **मनोहर परमार** बने सैन जी महासंघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अनुशंसा पर दो वर्ष के लिए मिला दायित्व

दीपावली मिलन समारोह में शुभ मुहूर्त की खरीदी, ढोल की धुन पर किसानों ने मनाया जश्न

बैलगाड़ियों से मंडी पहुंचे किसान, 9 हजार रु. प्रति क्विंटल बिका सोयाबीन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में दीपावली के बाद नए व्यापारिक साल की शुरूआत इस बार परंपरा और उत्साह के साथ हुई। कृषि उपज मंडी में शुभ मुहूर्त में फसल बेचने के लिए किसान गुरुवार करीब 12 बजे बैलगाड़ियों से पहुंचे। आधुनिक दौर में ट्रैक्टर और अन्य वाहनों के बीच बैलगाड़ियों से पहुंचे किसानों ने पुरानी परंपरा की याद ताजा कर दी।

शुभ मुहूर्त की खरीदी के लिए किसानों की फसल के नाम की चिट्ठियां निकाली गईं। जिस किसान की चिट्ठी सबसे पहले खुली, उसकी उपज व्यापारियों ने तय शुभ मुहूर्त में ऊंचे भाव पर खरीदी।

शुभ मुहूर्त में सोयाबीन का भाव 9 हजार रुपए प्रति क्विंटल रहा। शांतिलाल तुलसीराम की सोयाबीन अग्रवाल ने खरीदी। गेहूं 4200 रुपए प्रति क्विंटल में बिका। संतोष सिंह बाबूसिंह पवसा का गेहूं अंबिका फर्म ने खरीदा। वहीं, चने की खरीदी 21 हजार 11 रुपए प्रति क्विंटल में हुई। मनोज नाथूलाल का चना महावीर ट्रेडिंग कंपनी ने खरीदा। इन ऊंचे भावों के साथ मंडी में नए व्यापारिक साल की शुरूआत हुई। खरीदी पूरी होने के बाद मंडी परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। जनप्रतिनिधियों, किसानों और व्यापारियों ने ढोल की धुन पर नृत्य कर खुशियां मनाईं। इस दौरान किसानों की ओर से दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

व्यवसाय एक ही जगह शुरू कराने की मांग

समारोह में विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने किसानों और मंडी व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंडी में अनाज कारोबार के साथ किसानों की जरूरत के अन्य व्यवसायों की सुविधा भी एक ही स्थान पर उपलब्ध होनी चाहिए। इसमें ट्रैक्टर पार्ट्स, खाद, कीटनाशक दवाइयां, किराना और खेती से जुड़ी अन्य सामग्री शामिल हैं। विधायक ने बताया कि महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। इसके चलते दूधतलाई क्षेत्र में ट्रैक्टर लेकर जाने वाले किसानों को भीड़ और जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। किसान अनाज बेचने के बाद दूसरी जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जाते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने विधानसभा में कृषि उपज मंडियों में किसानों की जरूरत के अनुसार अन्य व्यवसायों की अनुमति और कार्ययोजना को लेकर प्रश्न लगाया है। उन्होंने कहा कि मंडी केवल व्यापारियों की नहीं, बल्कि किसान, व्यापारी, तुलावटी और हम्माल सभी की है। सभी के सहयोग से ही मंडी का संचालन बेहतर हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार भी किसान और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

17 नवंबर की रैली में शामिल होने का आह्वान

अपने संबोधन में विधायक ने 17 नवंबर को प्रस्तावित लोकतंत्र बचाओ रैली का भी जिक्र किया और लोगों से इसमें शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) का समर्थन करते हुए कहा कि मतदाता सूची में एक व्यक्ति का नाम एक ही स्थान पर होना चाहिए। जिन लोगों का निधन हो चुका है, उनके नाम मतदाता सूची में नहीं रहने चाहिए। संबोधन के दौरान उन्होंने बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल होने के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। इस तरह उज्जैन मंडी में दीपावली के बाद नए व्यापारिक साल की शुरूआत बैलगाड़ियों और शुभ मुहूर्त की खरीदी के साथ पारंपरिक अंदाज में हुई। वहीं, किसानों की सुविधाओं और मंडी की व्यवस्थाओं से जुड़े मुद्दे भी समारोह में प्रमुखता से उठे।

दौलतगंज होलसेल किराना एसोसिएशन के दीपावली मिलन व मुहूर्त सौदों में की घोषणाएं



दौलतगंज होलसेल किराना एसोसिएशन द्वारा 12 नवंबर को दीपावली मिलन, व्यापारी सम्मान समारोह और मुहूर्त के सौदों का आयोजन किया गया। समारोह में अतिथियों ने उज्जैन विकास और व्यापारिक हितों को लेकर कई अहम जानकारियां साझा कीं। विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी ने सिंहस्थ कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि गरोठ रोड पर नया ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जाएगा। वहीं, सिंहस्थ प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने बताया कि उज्जैन में प्रदेश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बनेगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब श्रद्धालुओं को मिलेगी

चाय, दूध, छाछ एवं महाप्रसाद की सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्रसाद एवं अल्पाहार वितरण की नई व्यवस्था का शुभारंभ किया गया।

इसके अंतर्गत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निशुल्क अन्नक्षेत्र के अतिरिक्त मानसरोवर भवन एवं विश्राम धाम सहित निर्धारित स्थानों पर श्रद्धालुओं को दूध, छाछ, हलवा, पोहा एवं अन्य मीठा प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा।

मंदिर प्रशासक श्री प्रथम कौशिक ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंध समिति द्वारा दर्शनार्थियों को कतार में ही प्रसाद एवं अल्पाहार उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। मंदिर में दर्शनार्थियों की कतार निरंतर संचालित रहती है तथा सामान्यतः 15 से 20 मिनट में श्रद्धालु सुगमता से दर्शन कर लेते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए कतार में चलते हुए ही प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जा रही है।



मौसम के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे पेय पदार्थ

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मौसम के अनुरूप पेय पदार्थों की व्यवस्था की जाएगी। शीतकाल में चाय, कॉफी एवं गर्म दूध उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि ग्रीष्मकाल में छाछ, शरबत एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था रहेगी। इससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान आवश्यक पेय पदार्थ एवं अल्पाहार की सुविधा मिल सकेगी।

श्री कौशिक ने बताया कि पूर्व में भस्म आरती में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं को पोहा प्रसाद वितरित किया जाता था, लेकिन अब सामान्य दर्शनार्थियों को भी पोहा प्रसाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही अलग-अलग दिनों में अन्नक्षेत्र में तैयार होने वाला हलवा, पोहा एवं अन्य पारंपरिक मीठा प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। कतार में आने वाले छोटे बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए गर्म दूध एवं बिस्किट की विशेष व्यवस्था भी रहेगी।

प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की तैयारी

सप्ताहांत एवं अवकाश के दिनों में मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रबंध समिति द्वारा प्रसाद एवं अल्पाहार वितरण की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। समिति द्वारा प्रतिदिन लगभग एक लाख श्रद्धालुओं तक प्रसाद एवं अल्पाहार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवश्यकता एवं श्रद्धालुओं की संख्या के अनुसार इस व्यवस्था का विस्तार भी किया जा सकेगा।

राज्यस्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन, संस्था ने किया सम्मानित




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन के होनहार खिलाड़ियों पर्व साहू, दिव्यांश यादव, मंथन टाटावत, सार्थक परमार, लक्ष्य द्रोणावत एवं पर्व गेहलोद का शालेय क्रीड़ा जिम्नास्टिक राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। प्रतियोगिता इंदौर में 12 से 16 नवंबर तक आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर संस्था द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि दिलीप चौहान, संस्था अध्यक्ष शकुंतला सोलंकी, सचिव संतोष सोलंकी, उपाध्यक्ष सपना माली एवं सुनीत सोलंकी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

क्रिकेटर उमेश यादव भस्म आरती में हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भारतीय क्रिकेटर उमेश यादव गुरुवार सुबह उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचे। उन्होंने प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता और अच्छे मैचों में जीत की कामना की। भस्म आरती के बाद मंदिर परिसर से बाहर आने पर उन्होंने दर्शन का अनुभव भी साझा किया।

संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर के साथ साझा की स्वच्छता राष्ट्रीय पुरस्कार की खुशियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 अंतर्गत उज्जैन शहर ने 3 से 10 लाख जनसंख्या श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने के पश्चात इस सम्मान को बाबा महाकाल के श्रीचरणों में अर्पित किया गया।

इसके पश्चात निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संभाग आयुक्त आशीष सिंह एवं जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से भेंट कर उज्जैन को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने की खुशियां साझा कीं तथा उन्हें पुरस्कार से अवगत कराया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त एवं जिला कलेक्टर ने नगर निगम परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस पहचान और गौरव को निरंतर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की पुस्तक 'बिलॉगिंग ए जर्नी ऑफ लव' में

ऐतिहासिक तथ्यों की प्रमाणिकता एवं सम्मान के विषय पर भाजपा उज्जैन ग्रामीण का विरोध प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी उज्जैन ग्रामीण द्वारा आज उज्जैन के शहीद पार्क में ऐतिहासिक तथ्यों की प्रमाणिकता एवं सम्मान के विषय को लेकर विशाल रैली निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी की पुस्तक बिलॉगिंग ए जर्नी ऑफ लव में ऐतिहासिक तथ्यों के कथित गलत चित्रण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। कार्यकताओं ने पुस्तक में प्रस्तुत ऐतिहासिक घटनाओं एवं तथ्यों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि इतिहास किसी एक व्यक्ति, परिवार या पार्टी की निजी संपत्ति नहीं है। इतिहास पूरे राष्ट्र की धरोहर है। इतिहास और राष्ट्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों का उल्लेख करते समय तथ्यों की प्रमाणिकता एवं ऐतिहासिक सच्चाई का सम्मान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इतिहास को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना न केवल आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय है, बल्कि राष्ट्र के स्वाभिमान और शहीदों के बलिदान का भी अपमान है।

कार्यकताओं ने विशेष रूप से इस बात पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया कि पुस्तक में सोनिया गांधी जी द्वारा यह बताया गया है कि 1984 के दंगों का उन्हें उतना दर्द नहीं हुआ था, जितना बाबरी मस्जिद ढहाए जाने पर हुआ था।

इससे साफ दिखाई दे रहा है कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति इस पुस्तक में भी साफ झलक रही है। एक ओर 1984 में हजारों निर्दोष सिख भाइयों-बहनों का नरसंहार हुआ, जिस पर इतना दर्द नहीं हुआ और दूसरी ओर बाबरी मस्जिद के ढहने पर इतना दर्द होना, कांग्रेस की सोच और मानसिकता को उजागर करता है।



भारतीय जनता पार्टी इतिहास की सच्चाई के साथ खड़ी

जिला मीडिया प्रभारी गजेंद्र परमार ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, जिला महामंत्री राकेश यादव, श्याम शर्मा भाजपा उज्जैन नगर के पूर्व अध्यक्ष इकबाल गांधी, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा,एवं युवा मोर्चा ग्रामीण अध्यक्ष हरजीत सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शंभूसिंह तंवर,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती चौहान सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ व जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी इतिहास की सच्चाई के साथ खड़ी है। हम किसी भी पुस्तक, लेख या वक्तव्य में इतिहास को विकृत करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं करेंगे। राष्ट्र के महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है।

देश की जनता को सच्चा इतिहास बताया जाए

सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा इतिहास को अपने राजनीतिक हितों और तुष्टिकरण की राजनीति के अनुसार प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। अब समय आ गया है कि देश की जनता को सच्चा इतिहास बताया जाए, न कि एक परिवार की सुविधा के अनुसार लिखा गया इतिहास। इस अवसर पर सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रहित, इतिहास की गरिमा और तथ्यों की प्रमाणिकता की रक्षा के लिए हमेशा सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करता रहेगा। विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार 13 नवंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

26-27 के लिए पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रबी सीजन 2026-27 के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी देने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों को डीएपी सहित पीएंडके श्रेणी के 28 प्रकार के उर्वरक रियायती दरों पर उपलब्ध हो जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे किसानों को कृषि लागत कम करने में सहायता मिलेगी।

धार, जोबट और खंडवा में होगे राज्यस्तरीय समारोह

इंदौर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती (राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर राज्य सरकार आगामी 14, 15 एवं 16 नवम्बर को त्रिदिवसीय जयंती समारोह मनाने जा रही है। इसके तहत राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में 14 नवम्बर को जबलपुर, 15 नवम्बर को धार एवं जोबट (जिला आलीराजपुर) और 16 नवम्बर को खंडवा जिले में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन होने जा रहा है। धार जिले में 15 नवम्बर को होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को धार पहुंचेगें तथा भगवान बिरसा मुंडा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डा. यादव धार जिले में रोड शो भी करेंगे।

हजारों ग्रामीणों को होगा सुगम आवागमन का लाभ

इंदौर। प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट आगामी 14 नवंबर शनिवार को ग्राम कांकरिया बोर्डिया में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित 10 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कांकरिया बोर्डिया स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि आगामी सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों एवं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दृष्टि से यह सड़क परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

21 से 27 नवंबर तक सजेगा कालिदास समारोह



उज्जैन। महाकवि कालिदास की नगरी उज्जैन एक बार फिर साहित्य, संगीत और संस्कृति के रंगों में रंगने जा रही है। 21 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय कालिदास समारोह में देशभर के विद्वान, कलाकार, शोधकर्ता और विद्यार्थी जुटेंगे। सात दिन तक चलने वाले इस समारोह में कालिदास के साहित्य और दर्शन पर राष्ट्रीय स्तर की शोध संगोष्ठी होगी। शास्त्रीय संगीत, काव्य पाठ, वाद-विवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ इस बार पहली बार विभिन्न राज्यों के नृत्य दलों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। समारोह के लिए 4 करोड़ 35 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और कालिदास संस्कृत अकादमी की ओर से आयोजित समारोह में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के चार सत्र होंगे। इसमें 12 से अधिक राज्यों के प्राध्यापक और शोधकर्ता कालिदास के साहित्य, दर्शन, कला और सौंदर्यबोध से जुड़े विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी में कालिदास की रचनाओं के प्रामाणिक पाठ और उनकी ऐतिहासिकता पर भी चर्चा होगी। इस बार कालिदास के साहित्य का अध्ययन केवल साहित्यिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि समाजविज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, वास्तुकला, पुरातत्व, पर्यावरण और इतिहास के नजरिए से भी किया जाएगा।

नैनो न्यूज

- **बैटरी उद्योग परियोजना को 609 करोड़ प्रोत्साहन-** देवास के सिसोदा औद्योगिक क्षेत्र में टीएसीसी की सिंथेटिक ग्रेफाइट एनोड सामग्री परियोजना को केंद्र सरकार से 609.50 करोड़ रुपए प्रोत्साहन मंजूर हुआ। इससे इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी सामग्री उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।
- **मंडी में मक्का 2700 रुपए क्विंटल-** आगर मालवा जिले की सुसनेर मंडी में 11 नवंबर को मक्का का मॉडल भाव 2700 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। कृषि उपज मंडियों में किसानों की आवक और खरीदी गतिविधियां जारी हैं।
- **बड़ोद मंडी में मक्का के भाव स्थिर-** शाजापुर जिले की बड़ोद मंडी में 11 नवंबर को मक्का का भाव 2600 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। पिछले सप्ताह की तुलना में भाव में सुधार के बाद बाजार में स्थिरता दिखाई दी।
- **मक्का के भाव में तेजी का रुख-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में मक्का का मॉडल भाव 2700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। पिछले सप्ताह के औसत से भाव में लगभग 12.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।
- **औद्योगिक पार्क और बायोप्लांट प्रस्तावित-** मध्यप्रदेश सरकार की आगामी कैबिनेट बैठक में रतलाम में औद्योगिक पार्क और बायोप्लांट स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। योजनाओं से क्षेत्र में उद्योग और रोजगार विस्तार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

907 करोड़ की लागत से बना उज्जैन-बदनावर फोरलेन 18 महीने में उखड़ा

सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिकायत कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन से बदनावर तक 907 करोड़ रुपये की लागत से बना फोरलेन हाईवे महज 18 महीने में ही बदहाल होने लगा है। 69.1 किलोमीटर लंबे इस हाईवे (ठल्ह-752ऊ) की सड़क से डामर उखड़ गया है और गिट्टी बाहर निकलकर फैल गई है। हालात ऐसे हैं कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठल्हअक) को तपोभूमि से चिंतामन के बीच आधी सड़क बंद कर मिलिंग और दोबारा डामरीकरण कराना पड़ रहा है। मामले ने तूल पकड़ा तो उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने सीधे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिकायत की। सांसद ने निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं हुआ है। शिकायत के बाद अब निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है।

ऋ्रुश इंडिया का पैकेज-1 भी जांच के घेरे में

उज्जैन से खेड़ाखजुरी तक सड़क निर्माण का काम पैकेज-1 के तहत जीएचवी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। सांसद की शिकायत के बाद अब इस निर्माण की गुणवत्ता की भी जांच की जा रही है। जांच में यह पता लगाया जाएगा कि निर्माण के दौरान निर्धारित मानकों का पालन किया गया या नहीं। 15 साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी, फिर 18 महीने में क्यों उखड़ी सड़क?

इस फोरलेन का निर्माण मेसर्स जीआर उज्जैन बदनावर हाईवे प्राइवेट लिमिटेड ने हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के तहत किया था। समझौते के अनुसार निर्माण एजेंसी अगले 15 वर्षों तक सड़क के रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। इसके बावजूद महज 18 महीने में सड़क की ऊपरी परत उखड़ने से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एनएचएआई अधिकारियों का तर्क है कि सड़क में आई खराबी स्थायी नहीं है, बल्कि मानसून के बाद नियमित रखरखाव के तहत मरम्मत कराई जा रही है। हालांकि, सवाल यह है कि इतनी नई सड़क की सतह को खुरचकर दोबारा डामरीकरण करने की जरूरत क्यों पड़ी? क्या निर्माण में इस्तेमाल किए गए डामर की गुणवत्ता, सामग्री और सड़क की रोलिंग में कोई कमी रह गई थी?

पहले भी विवादों में रही हैं एनएचएआई की परियोजनाएं

उज्जैन-गरोठ फोरलेन परियोजना में भी पहले गंभीर खामियां सामने आ चुकी हैं। फरवरी 2026 में सड़क की रिटेनिंग वॉल धंस गई थी। जून में मरम्मत के बाद अगस्त में आरई वॉल के पैनल फिर खिसक गए। इसके बाद आईआईटी दिल्ली के विशेषज्ञों की सिफारिश पर करीब 500 मीटर हिस्से को तोड़कर दोबारा बनाने का फैसला लिया गया। सितंबर में भी रिटेनिंग वॉल के ब्लॉक खिसकने की घटना सामने आई थी। सिंहस्थ 2028 से पहले राष्ट्रीय राजमार्गों की परियोजनाओं में लगातार सामने आ रही निर्माण संबंधी खामियों ने प्रशासनिक तैयारियों और निर्माण एजेंसियों की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



सांसद की चेतावनी- दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि उन्होंने घटिया और गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत सीधे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की है। फिलहाल निर्माण एजेंसी की जमा राशि से सड़क का रखरखाव कराया जा रहा है, लेकिन जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और ठल्हअक के अध्यक्ष ने उन्हें दोषियों और संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सांसद ने कहा कि उज्जैन-देवास-बदनावर और उज्जैन-गरोठ मार्ग पर हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। इससे पहले देवास रोड पर चंदेश्वरी गांव के समीप एक पुल का हिस्सा ढह गया था। अब चिंतामन के पास सड़क उखड़ने के बाद उसकी मरम्मत कराई जा रही है।

शिकायत वापस लेने के लिए फोन और दफ्तर बुलाकर शिकायतकर्ताओं को डराने के आरोप

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत तो अधिकारी बनाने लगे दबाव

शिकायतकर्ता को ही समझाने में जुट जाते हैं जिम्मेदार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और सरकारी विभागों की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से शुरू की गई मध्यप्रदेश सरकार की सीएम हेल्पलाइन 181 अब कुछ मामलों में खुद सवालों के घेरे में आती दिखाई दे रही है। जिस हेल्पलाइन को आम आदमी की आवाज और सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने का प्रभावी माध्यम माना जाता है, उसी पर शिकायत करने वाले नागरिकों को कथित तौर पर दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले कुछ अधिकारी-कर्मचारियों पर आरोप हैं कि वे अपनी खराब रेटिंग और वरिष्ठ अधिकारियों की कार्रवाई से बचने के लिए शिकायतकताओं को फोन कर शिकायत वापस लेने या उसे बंद कराने का दबाव बना रहे हैं।



शिकायतों के निराकरण की वास्तविक स्थिति जानने के बजाय कुछ मामलों में संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शिकायतकर्ता को ही समझाने और मनाने में जुट जाते हैं। आरोप है कि शिकायतकर्ता को कभी फोन पर तो कभी कार्यालय बुलाकर यह कह दिया जाता है कि जब 181 में शिकायत की है तो वहीं से अपना काम करवा लो। कई बार बातचीत का लहजा इतना सख्त और असम्मानजनक हो जाता है कि आम नागरिक दोबारा शिकायत करने से भी डरने लगता है। ऐसे व्यवहार से सरकारी व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर होता है। सवाल यह भी है कि यदि किसी नागरिक की समस्या का समाधान संबंधित विभाग नहीं कर पा रहा है तो शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति को ही असहज स्थिति में क्यों डाला जा रहा है?

रेटिंग बचाने की कोशिश में जवाबदेही से बचने का आरोप

सीएम हेल्पलाइन की व्यवस्था में शिकायतों का निराकरण और विभागों की प्रदर्शन रेटिंग महत्वपूर्ण मानी जाती है। ऐसे में शिकायतों के लंबित रहने या संतोषजनक निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को जवाब देना पड़ता है। आरोप लग रहे हैं कि इसी जवाबदेही से बचने के लिए कुछ कर्मचारी शिकायतकर्ता पर शिकायत बंद कराने का दबाव बनाते हैं। यदि शिकायतकर्ता बिना वास्तविक समाधान के संतुष्टि दर्ज कर देता है तो कागजों में समस्या का निराकरण दिखाया जा सकता है, जबकि धरातल पर स्थिति जस की तस बनी रहती है। इस तरह शिकायत निवारण की पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

दबाव बनाया जाए तो नागरिक क्या करें?

यदि किसी शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए धमकाया जाता है अथवा अभद्र व्यवहार किया जाता है तो उसे घबराने के बजाय पूरे मामले का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना चाहिए। संबंधित अधिकारी का नाम, पद, विभाग, फोन करने की तारीख और समय सहित बातचीत का विवरण लिखकर रखें। उपलब्ध परिस्थितियों और कानून के अनुरूप कॉल रिकॉर्डिंग, संदेश अथवा अन्य डिजिटल साक्ष्य भी सुरक्षित रखे जा सकते हैं। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन 181 पर दोबारा संपर्क कर मूल शिकायत क्रमांक का उल्लेख करते हुए संबंधित अधिकारी के व्यवहार और दबाव बनाने की घटना की जानकारी दी जा सकती है। शिकायतकर्ता को यह स्पष्ट करना चाहिए कि मूल समस्या का निराकरण अभी नहीं हुआ है और शिकायत बंद कराने के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा है। आवश्यक होने पर इस व्यवहार के संबंध में अलग शिकायत दर्ज कराने की मांग भी की जा सकती है।

बिना समाधान के संतुष्टि दर्ज कराने से बचें

शिकायत के संबंध में आने वाली फीडबैक कॉल पर नागरिकों को वास्तविक स्थिति ही बतानी चाहिए। यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ है तो संतुष्टि व्यक्त नहीं करनी चाहिए। केवल फोन पर आश्वासन मिल जाने अथवा कागजों में कार्रवाई दिखा देने को समस्या का निराकरण नहीं माना जाना चाहिए। शिकायतकर्ता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसकी मूल समस्या वास्तव में हल हुई है। असंतुष्टि दर्ज कराने से शिकायत की आगे की समीक्षा या निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उच्च स्तर पर कार्रवाई का रास्ता खुला रह सकता है। हालांकि शिकायत का आगे बढ़ना संबंधित नियमों और प्रकरण की स्थिति पर निर्भर करता है।

जनसुनवाई में भी उठा सकते हैं मामला

हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई भी ऐसे मामलों को प्रशासन के सामने रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिकायतकर्ता संबंधित अधिकारी के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दे सकता है। मूल सीएम हेल्पलाइन शिकायत क्रमांक, संबंधित विभाग का नाम, अधिकारी का विवरण और उपलब्ध साक्ष्य आवेदन के साथ संलग्न किए जा सकते हैं। कलेक्टर से मांग की जा सकती है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और शिकायतकर्ता को प्रताड़ित करने या शिकायत के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

सरकारी कुर्सी अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है

सीएम हेल्पलाइन का मूल उद्देश्य आम नागरिक को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत देना और प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना है। यदि कोई अधिकारी अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारी निभाने के बजाय शिकायतकर्ता को ही डराने या दबाव में लेने लगे तो यह व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है। शिकायतकर्ता को प्रताड़ित करने के मामलों में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच और नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। दोष सिद्ध होने पर संबंधित सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई भी संभव है। अब जरूरत इस बात की है कि जिला प्रशासन और विभागीय वरिष्ठ अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की संख्या और उनके निराकरण के आंकड़ों से आगे बढ़कर शिकायतकताओं के वास्तविक अनुभव की भी समीक्षा करें। यह भी जांच हो कि कितनी शिकायतें वास्तविक समाधान के बाद बंद हुईं और कितने मामलों में शिकायतकर्ता पर दबाव बनाकर संतुष्टि हासिल करने की कोशिश की गई। आखिर सवाल यही है कि जब सरकारी अधिकारी ही शिकायतकर्ता को डराने लगेंगे तो आम आदमी अपनी परेशानी लेकर कहां जाएगा? सीएम हेल्पलाइन 181 की सफलता शिकायतों को बंद करने के आंकड़ों से नहीं, बल्कि आम नागरिक की समस्या के वास्तविक समाधान और उसे मिलने वाले सम्मान से तय होनी चाहिए।

पार्किंग निगल गया कॉफी कॉन्सेप्ट... रहवासी परेशान

आखिर किसकी शह पर चल रहा खेल?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में व्यावसायिक गतिविधियों के नाम पर रहवासी क्षेत्रों की सुविधाओं पर कब्जे का मामला एक बार फिर चर्चा में है। स्कीम नंबर 103 स्थित कॉफी कॉन्सेप्ट को लेकर रहवासियों की परेशानी सामने आ रही है। शिकायत है कि जिस जगह का इस्तेमाल पार्किंग के लिए होना चाहिए, वहां कैफे संचालित किया जा रहा है। अगर यह शिकायत सही है, तो सवाल साफ है—ग्राहकों की कॉफी के चक्कर में रहवासियों की पार्किंग व्यवस्था क्यों दांव पर लगाई जा रही है?

कैफे के संचालक के रूप में योगेश सोनी का नाम सामने आया है। रहवासियों की आपत्ति का मुख्य मुद्दा पार्किंग की जगह पर व्यावसायिक गतिविधि संचालित होने को लेकर है। कैफे में आने वाले ग्राहकों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कहां है और क्या निर्धारित पार्किंग स्थल का इस्तेमाल नियमानुसार हो रहा है, इसकी जांच जरूरी है। यदि पार्किंग के लिए निर्धारित जगह पर ही कैफे चल रहा है, तो संबंधित जिम्मेदार विभागों को मौके पर पहुंचकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

विवादों से पुराना नाता, अब पार्किंग पर सवाल!

कॉफी कॉन्सेप्ट का नाम पहले भी विवादों में आने की बात कही जा रही है। कभी खाने की गुणवत्ता को लेकर शिकायतों की चर्चा तो कभी देर रात तक संचालन को लेकर सवाल—अब पार्किंग की व्यवस्था ने एक नया मुद्दा खड़ा कर दिया है। वही कॉफी कांसेप्ट का मालिक योगेश सोनी द्वारा उसके अथा रेस्टोरेंट पर काफी कॉन्सेप्ट के ऊपर फुटपाथ पर से अवैध चढ़ाओं निकालकर रास्ता दिया गया है इस पर भी नगर निगम को संज्ञान लेना चाहिए।

जिम्मेदार विभाग करेंगे जांच या मामला यूं ही चलता रहेगा?- अब सवाल नगर निगम और संबंधित जिम्मेदार विभागों से है कि क्या मौके पर पहुंचकर पार्किंग की वास्तविक स्थिति की जांच की जाएगी? भवन के स्वीकृत नक्शे में पार्किंग के लिए निर्धारित जगह का इस्तेमाल किस उद्देश्य से हो रहा है, कैफे के संचालन की अनुमति किन शर्तों पर दी गई है और क्या उन शर्तों का पालन किया जा रहा है—इन बिंदुओं पर जांच होनी चाहिए। व्यावसायिक गतिविधियों से किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन यदि उनके कारण रहवासियों की सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं, तो शिकायत को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि स्कीम नंबर 103 के इस मामले में जिम्मेदार विभाग नियमों की पड़ताल करते हैं या पार्किंग का सवाल फाइलों में ही घूमता रहता है।

इंदौर से छीन गया स्वच्छता का ताज...क्योंकि इंदौर में शुरू हो गया था सफाई के नाम पर कमाई का खेल

हमारे स्वच्छ शहर इंदौर के लिए बेहद शर्मनाक पल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर ने स्वच्छता का ताज हासिल करने के लिए दिन-रात एक कर दिए। यह ताज एक-दो बार नहीं, बल्कि लगातार आठ बार हासिल किया। इस उपलब्धि के पीछे न दिन देखा गया, न रात और न ही कोई त्योहार। दिखाई देता था तो सिर्फ स्वच्छता अभियान और शहर को देश में अव्वल बनाने का जुनून।

देश-दुनिया के हजारों शहरों ने इंदौर की सफाई व्यवस्था को देखा, समझा और अपनाने की कोशिश की। लेकिन इसी स्वच्छता अभियान के भीतर धीरे-धीरे एक ऐसा सिस्टम खड़ा हो गया, जहां सफाई से ज्यादा प्रभाव एजेंसियों, कंसल्टेंट और अनुबंध पर रखे गए कर्मचारियों का बढ़ता चला गया। टेंडर से लेकर एजेंसी के चयन, एनजीओ की भूमिका और बिलों के भुगतान तक सवाल उठने लगे। स्वच्छ भारत मिशन में एक ऐसा प्रभावशाली ग्रुप तैयार हो गया, जिसकी पहुंच और राजनीतिक संरक्षण भी मिला। वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने वाली जानकारी पर भी इसी गैंग का पूरी तरह प्रभाव था।

कंसल्टेंट के इशारे पर चलता रहा सिस्टम

स्वच्छ भारत मिशन में कंसल्टेंट की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। सूत्रों की मानें तो कंसल्टेंट और अनुबंध पर रखे गए कुछ कर्मचारियों ने समय के साथ ऐसा प्रभाव कायम कर लिया था कि अधिकारियों तक पहुंचने वाली सूचनाओं और रिपोर्टों में उनकी अहम भूमिका हो गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के सामने जमीनी समस्याओं की वास्तविक तस्वीर पहुंचने के बजाय चुनिंदा जानकारियां ही रखी जाती थीं। बताया जाता था कि शहर में सब कुछ ठीक है तो अन्य साथी भी उसी को आधार मानकर आगे की रणनीति बनाते थे और अफसरों को गुमराह करते थे। जबकि दूसरी तरफ शहर की कई कॉलोनियों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे की समस्या बनी रहने की शिकायतें सामने आती थीं।

टेंडर से भुगतान तक होनी चाहिए जांच

इस पूरे मामले में केवल आरोप-प्रत्यारोप से काम नहीं चलेगा। नगर निगम को स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले वर्षों में जारी किए गए टेंडरों, एजेंसी चयन, एनजीओ के अनुबंध, कंसल्टेंट की नियुक्तियों और भुगतान की स्वतंत्र जांच करानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि जिन कार्यों के लिए लाखों रुपये खर्च किए गए, उनका वास्तविक परिणाम शहर में कितना दिखाई दिया। यदि किसी व्यक्ति ने अपने पद, प्रभाव या राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल कर एजेंसियों को अनुचित लाभ पहुंचाया है तो उसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। आखिर स्वच्छता अभियान किसी व्यक्ति या एजेंसी की निजी जागीर नहीं है।

सवाल यह है कि जिस शहर की स्वच्छता व्यवस्था की मिसाल देशभर में दी जाती रही, वहां जमीनी हकीकत और अधिकारियों को दिखाई जाने वाली तस्वीर में इतना अंतर कैसे पैदा हुआ। इंदौर की स्वच्छता की कहानी केवल पुरस्कारों की कहानी नहीं है। यह सफाई मित्रों की मेहनत, नागरिकों की भागीदारी और नगर निगम के हजारों कर्मचारियों के संघर्ष का परिणाम रही है, लेकिन स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े कुछ लोगों की भूमिका को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। कंसल्टेंट व कुछ शातिर लोगों ने इस अभियान में अपना प्रभाव इतना बढ़ा लिया कि एजेंसियों के चयन से लेकर टेंडर की शर्तों और कामकाज की प्रक्रिया तक में उनकी भूमिका निर्णायक होने लगी। किस एजेंसी को काम मिलेगा, किस एनजीओ को प्राथमिकता दी जाएगी और किसके बिल आगे बढ़ेंगे, इन तमाम प्रक्रियाओं की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

15 नवंबर को जुटेंगे देश के प्रख्यात पत्रकार

लोकतंत्र में वर्चस्व की राजनीति पर होगी वैचारिक परिचर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लोकतंत्र में सत्ता का वर्चस्व, जनमत की भूमिका और वास्तविक जनहित के बीच बढ़ती दूरी जैसे महत्वपूर्ण सवालों पर शहर में एक विशेष वैचारिक परिचर्चा आयोजित की जा रही है। स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के तत्वावधान में रविवार 15 नवंबर को लोकतंत्र में वर्चस्व की राजनीति; कहाँ जनमत झ्र कितना जनहित? विषय पर देश के प्रतिष्ठित पत्रकारों और राजनीतिक विश्लेषकों के बीच संवाद होगा।

परिचर्चा में अमर उजाला के सलाहकार संपादक एवं प्रख्यात राजनीतिक विश्लेषक विनोद अग्निहोत्री, सत्य हिंदी के संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष तथा देशबंधु के कार्यकारी संपादक और प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य जयशंकर गुप्त अपने विचार रखेंगे। तीनों वक्ता समकालीन राजनीति, लोकतांत्रिक मूल्यों, सत्ता की भूमिका और मीडिया की जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा करेंगे।

कार्यक्रम का सूत्र-संचालन 4 पीएम (मध्यप्रदेश) के संपादक संजीव श्रीवास्तव करेंगे। आयोजन के माध्यम से लोक और तंत्र के बीच बढ़ती दूरी, जनमत और जनहित के अंतर्विरोध तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक वर्चस्व के प्रभाव जैसे मुद्दों पर सार्थक विमर्श की पहल की जाएगी। स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल एवं मुख्य महासचिव नवनीत शुक्ला ने पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और शहर के जागरूक नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

न्यूज कालम



यातायात व्यवस्था में सहयोग करने वाले ट्रैफिक मित्र सम्मानित

खंडवा। धनतेरस और दीपावली पर्व पर शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ट्रैफिक मित्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में ट्रैफिक मित्रों ने यातायात पुलिस के साथ भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और चौराहों पर व्यवस्था संभालने में सहयोग दिया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय ने ट्रैफिक मित्रों के सेवाभाव और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया तथा भविष्य में भी इसी तरह सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।

रक्तदान करें, मानव सेवा में सहभागी बनें 14 नवंबर को रक्तदान शिविर होगा



बुरहानपुर। कलेक्टर विवेक कुमार ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि 14 नवंबर शनिवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी होकर स्वैच्छिक रक्तदान करें। कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का अनमोल कार्य है। आपका रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। जिले के युवाओं, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों तथा समस्त पात्र नागरिकों से आग्रह है कि इस मानवीय अभियान में आगे आएं। स्वयं रक्तदान करें तथा अपने परिजनों, मित्रों एवं परिचितों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें।

छठ पूजा पर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे चलाएगा पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

मालीगांव। छठ पूजा के अवसर पर घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने एक बड़ा निर्णय लिया है। बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड जाने वाले यात्रियों की सहूलियत के लिए रेलवे 5 जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। इसके साथ ही कुछ ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए हैं और एक ट्रेन का विस्तार किया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि इन विशेष ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को त्योहारी सीजन में अतिरिक्त यात्रा विकल्प मिलेंगे। कटिहार-अररिया के बीच चलेगी विशेष ट्रेन यात्रियों की सुविधा के लिए कटिहार-पूर्णिया-कटिहार (07555/07554) ट्रेन का विस्तार अब अररिया तक कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 07555 कटिहार-अररिया फेस्टिवल स्पेशल 11 से 30 नवंबर तक प्रतिदिन रात 21.30 बजे कटिहार से रवाना होकर 23.30 बजे अररिया पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन संख्या 07554 अररिया-कटिहार 12 नवंबर से 1 दिसंबर तक प्रतिदिन रात 15 बजे चलकर 2.15 बजे कटिहार पहुंचेगी। 8 कोच वाली यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 20-20 फेरे लगाएगी।

बड़वानी कलेक्टर ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अंजड़ का निरीक्षण



बड़वानी । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने बुधवार को अंजड़ नगर के सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया । इस दौरान कलेक्टर ने शहरी विकास अभिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अंजड़ नगर में वार्डवार जोड़े गये कनेक्शन, सीवरेज योजना के कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी बनाकर उनके समक्ष प्रस्तुत करे। साथ ही अंजड़ नगर के बह रहे नाले को भी सीवरेज लाइन से जोड़ा जाए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम मोहीपुरा में निर्माणाधीन पेयजल प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से प्लांट के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री राजा रवि वर्मा, तहसीलदार श्री भूपेंद्र भिड़े सहित नगर पालिका सीएमओ उपस्थित थे।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का हुआ आयोजन

बड़वानी । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले की सिंचाई परियोजनाओं से रबी सिंचाई के लिए किसानो को नहरो से समय पर पर्याप्त पानी सिंचाई के लिये उपलब्ध हो, किसानो को सिंचाई के लिये किसी प्रकार की परेशानी न होना चाहिये । कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिले में अल्प वर्षा होने से जल स्त्रोतों में सीमित मात्रा में जल है अतः जल संसाधन, कृषि एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मैदानी अमला किसानों को बताए कि वे पानी का दुरुपयोग ना करे एवं कम पानी की फसलों की बुआई करे। इस संबंध में ग्रामों में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया जाए।बैठक के दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिले में संचालित विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं में पानी छोड़ा गया है। विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचे। कही भी ऐसी स्थिति नहीं हो कि नहर को तोड़कर पानी किसी नाले या खेत में मोड़ लिया जाए।

प्रतिभा योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु 31 दिसं. तक आवेदन करें

बड़वानी । प्रतिभा योजना अंतर्गत निर्धारित पाठ्यक्रमो एवं संस्थाओं में वर्ष 2026-27 में प्रवेशित अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभार्थियो को प्रतिभा प्रोत्साहन का लाभ दिये जाने हेतु एमटास पोर्टल पर आवेदन की सुविधा 31दिसम्बर तक प्रदाय की गई है। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्राप्त किये जाने हेतु ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जा सकेंगे । प्रतिभा योजना में प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त हेतु एमपीटॉस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है।

नई पीढ़ी को जनजातीय नायकों के इतिहास से जोड़ना जरूरी : संदीप ठाकरे

नेपा लिमिटेड में जन जातीय गौरव पखवाड़े के तहत कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर



जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा 1 से 15 नवंबर तक देशभर में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने कहा था कि जो लोग अपना इतिहास भूल जाते हैं, वे इतिहास नहीं बना सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने की पहल इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अभिनव प्रयास है।

इसका उद्देश्य जनजातीय समाज के स्वतंत्रता संग्राम, उसके नायकों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करना तथा देश की नई पीढ़ी को इस ऐतिहासिक योगदान से परिचित कराना है। ठाकरे ने भगवान बिरसा मुंडा के साथ मध्यप्रदेश के जनजातीय नायकों टंट्या मामा भील, भीमा नायक, खाज्या नायक, रघुनाथ सिंह मंडलोई, वीरांगना रानी दुर्गावती और रानी फूलकुंवर के ऐतिहासिक योगदान का भी स्मरण किया। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र पर बोलते हुए सीएमडी सचिवालय में कार्यरत लक्ष्मी सेन ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक जागरण और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चलाए गए उलगुलान आंदोलन की जानकारी दी। कार्मिक एवं प्रशासन विभाग की प्रशिक्षु अंकिता पाटिल ने जनजातीय समाज की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता बताई। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए बिरसा मुंडा द्वारा किए गए संघर्ष पर भी प्रकाश डाला। आईटी विभाग के पवन पवार ने डिजिटल माध्यमों से जनजातीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने पर विचार रखे। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष पर आधारित वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, उप प्रबंधक वित्त विकास रेड्डी, उप प्रबंधक सतर्कता विजेन्द्र चौधरी, देवेंद्र कुमार पाण्डेय, दीपक सिंह ठाकुर, सुरेश रघुवंशी, गोविंदा महाजन, संतोष दुबे, सपना दुबे, वर्षा पाटिल, शिवनंदन उमाले, मीना श्रीवास्तव, पंकज गुर्जर सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित रहें।

इंदौर में 14 नवंबर को निकलेगी भावी त्रय मुनिराजों की भव्य बिनौली यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



जैन समाज में त्याग, तपस्या और वैराग्य का संदेश देने वाली भावी त्रय मुनिराजों की भव्य बिनौली यात्रा 14 नवंबर की रात इंदौर में निकाली जाएगी। बाल ब्रह्मचारी अतिशय भैया, विशाल भैया और रोहित भैया के जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करने के संकल्प के उपलक्ष्य में आयोजित इस महामंगल उत्सव में सकल जैन समाज के श्रद्धालु शामिल होंगे।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि तीनों बाल ब्रह्मचारी 16 दिसंबर को जयपुर में श्रमण संस्कृति के पट्टाचार्य भगवंत श्री 108 विशुद्धसागर जी यतिराज ससंघ के सान्निध्य में श्रमण मुनि श्रुतसंवेगी महाश्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी मुनिराज के करकमलों से जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करेंगे।

दीक्षा महोत्सव से पहले इंदौर में तीनों दीक्षार्थियों के सम्मान में भव्य बिनौली यात्रा आयोजित की जा रही है।यात्रा शनिवार, 14 नवंबर को रात्रि 7 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, अंजनी नगर से प्रारंभ होगी। यात्रा अंजनी नगर एवं आसपास की कॉलोनियों का भ्रमण करेगी। इस दौरान तीनों भावी मुनिराज सुसज्जित रथ पर विराजमान होंगे।

बैंड-बाजे, भजन मंडलियों, जयघोष और पुष्पवर्षा के साथ समाजजन उनका अभिनंदन करेंगे। श्रद्धालुओं से अपने घरों के सामने दीप प्रज्वलित करने और रंगोली सजाकर स्वागत करने का आग्रह किया गया है।बिनौली यात्रा के समापन के बाद संत सदन में तीनों दीक्षार्थी भैयाजी का उद्बोधन होगा। इसमें वे अपने वैराग्य भाव और दीक्षा ग्रहण करने के संकल्प के संबंध में विचार साझा करेंगे।

त्यौहारी भीड़ के दौरान कामाख्या में यात्रियों को एनएफआर स्काउट्स एंड गाइड्स कर रहे सहयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव।



दीवाली और छठ पूजा की तैयारियों के तहत, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने कामाख्या रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सहायता व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया है। एनएफआर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों और वाणिज्य कर्मचारियों के साथ मिलकर प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को सुरक्षित रूप से ट्रेन पर चढ़ने और उतरने में मदद कर रहे हैं। कामाख्या स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करना आरपीएफऔर वाणिज्य स्टाफ के नियमित कार्यों का हिस्सा है। त्योहारों की भीड़ के दौरान, स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों ने कोच के दरवाजों के पास कतारलगवाने में मदद कर रहे है, ताकि यात्रियों को ट्रेन से उतरने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके और फिर दूसरे यात्री ट्रेन में चढ़ सकें। इसके अलावा, उनलोगों ने तीर्थयात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों के बीच निःशुल्क पेय जल वितरण भी किया।

एनएफआरभारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त के निर्देशनऔर एनएफ आरके प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के प्रोत्साहन व मार्गदर्शन से, मुख्यालय जिला संघ ने स्वयं सेवकों के जरिए यह पहल आयोजित की।

एनएफआरअपने जोन के विभिन्न स्टेशनों से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है और मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़ रहा है, ताकि दीवाली और छठ पूजा के मौके पर अपने घर या तीर्थस्थलों की यात्रा करने वाले अधिक यात्रियों को सुविधा दी जा सके। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ का प्रबंधन विशेषकर उन रेलवे स्टेशनों के लिए प्राथमिकता है, जहाँ से ये ट्रेनों की यात्रा शुरू होती हैं या ठहरती हैं। एनएफआरप्रमुख स्टेशनों पर वेदरप्रूफ होल्डिंग एरियाबना रहा है, ताकि यात्री प्लेटफॉर्म पहुँचने से पहले प्रतीक्षा कर सकें।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, जिले में 5 लाख 82 हजार 643 मतदाता दर्ज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया।

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को किया गया है। दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक निर्धारित है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर 2926 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने एवं अन्य आवश्यक कार्य करवा सकेंगे।

बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोहन कनास, निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री मंजू डावर सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि खुर्शीद अली दीवान, श्री हीरालाल पटेल एवं अहमद दबूक उपस्थित रहे।

दीपावली पर गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश को लगा छप्पन भोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



शहर में बुधवार को मूंदी पुनासा मार्ग स्थित प्राचीन श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश जी को 56 प्रकार के पकवानों, मिठाइयों एवं फलों का भव्य छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री गणेश जी एवं माता रिद्धि-सिद्धि का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया।धार्मिक आयोजन के अंतर्गत भगवान श्री गणेश जी का विधि-विधान से विशेष अभिषेक किया गया। इसके पश्चात पूजा-अर्चना कर भव्य महाआरती आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान के दर्शन किए और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।मंदिर के पुजारी पंडित राजेंद्र व्यास ने बताया कि दीपावली के पावन अवसर पर भगवान श्री गणेश जी का विशेष अभिषेक कर छप्पन भोग अर्पित किया गया।

उन्होंने बताया कि बुधवार का दिन भगवान श्री गणेश जी को समर्पित माना जाता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व है। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गणपति बप्पा मंडल के सेवादारों का सराहनीय योगदान रहा।

ऑपरेशन ग्रीन स्ट्राइक' के तहत सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने पकड़ी करोड़ों की गांजा खेती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

जिले में अवैध मादक पदार्थों और उनकी खेती के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन ग्रीन स्ट्राइक' के तहत थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यह कार्रवाई की गई।

11 नवंबर की सुबह पुलिस टीम ने पलासपानी के सूलिया फलिया क्षेत्र में जंगल के किनारे स्थित एक खेत पर दबिश दी, जहाँ अवैध रूप से गांजे की व्यावसायिक फसल उगाई जा रही थी। जांच के दौरान यह खेत आपसिंह पिता कमरिया डावर भिलाला (उम्र करीब 25 वर्ष, निवासीः सूलिया फलिया, पलासपानी) का होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी को नामजद कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया है।

आरोपी के विरुद्ध थाना सेंधवा ग्रामीण में अपराध का मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को आगामी वैधानिक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक ग्रामीण जोन इंदौर, श्री अनुराग व पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन, सुश्री सिमाला प्रसाद के निर्देशन में प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री विनोद कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु एक 'स्पेशल सेल' का गठन किया गया है।

श्री महालक्ष्मी माता मंदिर में भाई दूज को हुआ अन्नकूट महोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खण्डवा

लाल चौकी स्थित महारानी श्री महालक्ष्मी मंदिर में भाईदूज एवं अन्नकूट महोत्सव अंतर्गत मंदिर विशेष सजावट की गई। मंदिर में प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, 8 बजे महाआरती के बाद लक्ष्मी सूक्त का पाठ के बाद अन्नकूट महोत्सव अंतर्गत 256 प्रकार के नैवेद्य का भोग लगाकर दोपहर 1 बजे भोग के दर्शन एवं अन्नकूट महाभोग आरती हुई। माता लक्ष्मी को आज विशेष रूप से बनारसी साडी, स्वर्ण आभूषण से श्रृंगार किया गया। अन्नकूट भोग आरती में खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने माता लक्ष्मी की पूजा के साथ ठाकुरजी की पूजा अर्चना के बाद मंदिर में 256 प्रकार के अन्नकूट के व्यंजनों का भोग लगाकर आरती की। अन्नकूट भोग पूजा मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय, पंडित कार्तिक ने संपन्न कराई। इस मौके पर सांसद पाटील ने। खंडवा की महारानी माता महालक्ष्मी से प्रदेश के साथ ही खण्डवा में चहुंमुखी विकास हो सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो, ऐसी माता से प्रार्थना करते हुए दीपोत्सव, भाई दूज की सभी को शुभकामना दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, मुकेश तनवे, राजपाल सिंह तोमर आदि का अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, राकेश झंवर, पुजारी पं. बसंत महोदय ने माताजी की चुनरी, साडी भेंट कर सम्मानित किया। अन्नकूट भंडारा दोपहर 4 बजे से आरंभ होकर रात्रि तक सतत चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि भोग आरती में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजपालसिंह तोमर उपस्थित थें।

जनजातीय गौरव दिवस को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय आलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर उपस्थित रहे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल ने पत्रकारों को संबोधित किया।

सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष मकू परवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वर्ष २०२१ से महान क्रांतिकारी एवं राष्ट्रवादी जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती १५ नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष भी जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत, संस्कृति, परंपराओं और महान जनजातीय नायकों के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से 11 नवंबर से 20 नवंबर तक जनजातीय गौरव सप्ताह व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है। इसी संबंध में यह पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है। जिसके बाद पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही जनजातीय समाजजनो के मान सम्मान, समाज के अधिकारों और कल्याण के लिए भाजपा सरकारें निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। आज इसका उदाहरण मध्यप्रदेश में देखने को मिल रहा है, जहां प्रदेश सरकार में पांच जनजातीय मंत्री हैं, वहीं केंद्र सरकार में मध्यप्रदेश से दो मंत्री हैं। यह पहला अवसर है जब भाजपा सरकार ने जनजातीय जनप्रतिनिधियों को इतना सम्मान और प्रतिनिधित्व दिया है।

उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ खुलकर संघर्ष किया तथा जनजातीय समाज की जमीनों पर लगाए जाने वाले लगान का विरोध किया। भगवान बिरसा मुंडा ने सदैव जनजातीय समाज के हित, अधिकार और कल्याण की बात की। पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जिन उद्देश्यों और अधिकारों के लिए अपना बलिदान दिया, भाजपा सरकार उन्हीं विचारों को आगे बढ़ाते हुए जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और विकास के लिए कार्य कर रही है।

कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी क्रम में मध्यप्रदेश में भी प्रदेश भर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में भी जनजातीय गौरव दिवस के भव्य आयोजन किए जा रहे हैं। आलीराजपुर जिले में १५ नवंबर को राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है, जिसमें प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जी जनजातीय किसान भाई-बहनों को बड़ी सौगात देने के लिए आलीराजपुर आ रहे हैं।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार की किसान कल्याण के लिए कि गई महत्वपूर्ण घोषणा अब धरातल पर साकार हो रही है। लगभग १४०० करोड़ रुपये की लागत वाली डही सिंचाई परियोजना की घोषणा एवं शुभारंभ भाजपा सरकार द्वारा किया गया था। अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी इस परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इस परियोजना से धार एवं आलीराजपुर जिले के अनेक ग्रामों को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे कृषि विकास और किसानों की समृद्धि को नई दिशा मिलेगी।

न्यूज -कॉलम

चाचा पर हमला करने वाला भतीजा पुलिस की गिरफ्त में

उज्जैन। 500 रुपए मांगने और रुपये नहीं देने पर अपने ही चाचा के साथ मारपीट करने वाले आरोपी भतीजे को चिमनगंज मंडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने चाचा के साथ गाली-गलौज करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर दिया था। हमले में फरियादी के बाएं हाथ की उंगली में चोट आई थी। आरोपी ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक 8 मार्च 2026 को खिलचीपुर निवासी राकेश पिता नानूराम ने चिमनगंज मंडी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि वह अपने घर के सामने खड़ा था, तभी उसका भतीजा हरिओम उर्फ कान्हा निवासी खिलचीपुर नाले के पास वहां पहुंचा और उससे 500 रुपए मांगने लगा। राकेश ने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद घर जाते समय उसने किसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। बचाव के दौरान राकेश के बाएं हाथ की उंगली में चोट लग गई। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हरिओम उर्फ कान्हा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1), 115(2), 296 और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हरिओम उर्फ कान्हा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 119(1), 115(2), 296 और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी हरिओम उर्फ कान्हा का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट, गाली-गलौज, आर्म्स एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) सहित विभिन्न धाराओं में छह प्रकरण दर्ज है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, उपनिरीक्षक शिवशंकर सखवार, उपनिरीक्षक सूर्यप्रकाश तालविया और पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही।

मारपीट करने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आए

उज्जैन। घर में घुसकर पूरे परिवार पर हमला कर घर में तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ढूंढ निकाला दिया। आरोपियों ने महिला, उसके पति, सास और दो बेटियों के साथ मारपीट की। घर में तोड़फोड़ करने के साथ परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद बिरलाग्राम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे में मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल लोहे का हथौड़ा और दो लकड़ी के डंडे भी जब्त किए हैं। दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, अशोक कॉलोनी निवासी सरिता (45) पति ताराचन्द्र सैर ने 11 नवंबर को बिरलाग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को बेटी का जन्मदिन मनाने की बात को लेकर पड़ोसी विजय जिनवाल से विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते 11 नवंबर की शाम करीब 7 बजे विजय अपने चार साथियों के साथ उनके घर पहुंचा। आरोपियों के हाथों में लोहे का हथौड़ा और लकड़ी के डंडे थे। घर में घुसते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करते हुए तोड़फोड़ की। हमले में परिवार के लोगों को चोटें आईं। फरियादिया की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 334/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करनदीप सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। नगर पुलिस अधीक्षक नागदा कमल निगवाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार ने आरोपियों की तलाश शुरू कराई। पुलिस टीम ने घटना के 12 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी विजय जिनवाल सहित मुकेश भारती और उसके बेटे अमन भारती को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल एक लोहे का हथौड़ा और दो लकड़ी के डंडे जब्त किए गए। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उप जेल खाचरौद भेज दिया गया। मामले में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2027 के डमी प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी

उज्जैन। माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2027 में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं के डमी प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। संस्था प्राचार्यों द्वारा कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों के डमी प्रवेश पत्रों का सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा। इसमें विषय, माध्यम एवं अन्य त्रुटियों में संशोधन के लिए मंडल द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। संशोधन के उपरांत संबंधित प्राचार्य अथवा अग्रेषण संस्था प्राचार्य द्वारा ऑनलाइन घोषणा पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है। इसके लिए 26 अक्टूबर 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। ऑनलाइन घोषणा पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात ही विद्यार्थियों के मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।

दो थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई.....

स्कूटी की डिक्की में छिपाकर ले जा रही थी 10 लाख की एमडी ड्रग्स

पानबिहार पुलिस की कार्रवाई, 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त. महिला पहले भी काट चुकी है 10 साल की सजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए घट्टिया थाना क्षेत्र की पानबिहार पुलिस ने 60 वर्षीय महिला को 100 ग्राम NDPS ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। महिला स्कूटी की डिक्की में ड्रग्स छिपाकर ले जा रही थी। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी महिला पहले भी NDPS एक्ट के मामले में 10 साल की सजा काट चुकी है। इसी तरह जीवाजीगंज थाना पुलिस ने भी 18 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है।

पानबिहार चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव के अनुसार, बुधवार देर रात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर गरोठ हाईवे के पास पानबिहार-बच्चूखेड़ा रोड पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पानबिहार की ओर से उज्जैन जा रही एक स्कूटी को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की में 100 ग्राम एमपडी ड्रग्स मिली। इसके बाद पुलिस ने स्कूटी सवार महिला को गिरफ्तार कर लिया।



पहले भी काट चुकी है 10 साल की सजा- आरोपी महिला की पहचान नजमा पति शब्बीर खान (60), निवासी आगर नाका, उज्जैन के रूप में की है। पूछताछ में उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, महिला इंदौर में एक्ट के एक मामले में 10 साल की सजा काट चुकी है।

ताल के नय्यूम खान से ड्रग्स लाना बताया- प्रारंभिक पूछताछ में महिला ने रतलाम जिले के ताल निवासी नय्यूम खान से एमडी ड्रग्स लाना बताया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स की सप्लाई किसे की जानी थी और इस कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/12 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की तैयारी की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में नशे की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

इनकी रही सराहनीय भूमिका..... मामले का खुलासा करने में पान बिहार थाना प्रभारी करण खोवाल, चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव, सउनि रमाकांत मीणा, प्रआर राजेंद्र राठौड़, आरक्षक पवन शर्मा, महिला आरक्षक हेमलता बैरागी एवं सैनिक विक्रम डीएसपी योगेश सिंह तोमर (प्रभारी क्राइम शाखा), निरीक्षक प्रतीक यादव, प्रआर प्रेम समरवाल, प्रआर कुलदीप भारद्वाज, प्रआर सोमेंद्र दुबे, प्रआर रूपेश बिडवान, आरक्षक अनिल पंचोली, आरक्षक गुलशन चौहान, आरक्षक राहुल पांचाल एवं आरक्षक उदित नागर की सराहनीय भूमिका रही।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र से भी 18 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली

दूसरी कार्रवाई जीवाजीगंज पुलिस ने 12 नवंबर को गढ़कालिका-विक्रांत भैरव मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान की। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की ग्रे-भूरे रंग की एक्सेस स्कूटी को रोककर तलाशी ली तो उसकी डिक्की से 18 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने स्कूटी सवार सईद खान पिता छोटे खां, निवासी जूनासोमवारिया, उज्जैन को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जीवाजीगंज थाना के निरीक्षक प्रतीक शर्मा (थाना प्रभारी जीवाजीगंज), सउनि यशवंत कछवाया, आरक्षक 126 शंकर सिंह एवं आरक्षक 16 पवन कुसमारिया की अहम भूमिका रही।

सप्लाई नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

दोनों कार्रवाइयों में कुल 118 ग्राम एमडी ड्रग्स और दो स्कूटी जब्त की गई हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मादक पदार्थ कहां से लाया जा रहा था और उज्जैन में इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जानी थी। पुलिस के अनुसार नशे के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

गरोठ हाईवे पर चलते ट्रक में लगी आग ड्रायवर व हेल्पर ने कूदकर बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरुवार दोपहर चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र में गरोठ हाईवे पर एक चलते ट्रक में आग लग गई। ट्रक ड्राइवर व हेल्पर ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर पहुंची और ट्रक में लगी आग बुझाने के प्रयास शुरू किये और दमकल कर्मियों ने कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी में ट्रक का आगे का हिस्सा आग की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। आग पूरे ट्रक में फैलती इसके पहले ही दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इस कारण ट्रक के पीछे का हिस्सा सुरक्षित बच गया और उसमें रखा सामान भी जलने से बच गया। आगजनी की सूचना मिलने पर चिमनगंज मंडी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। ट्रक में रबर भरा हुआ था और उसे महाराष्ट्र के पुणे ले जाया जा रहा था। इस दौरान ट्रक में आग लग गई।



राजस्थान से रबर भर कर पुणे जा रहा था ट्रक- ट्रक ड्राइवर शहजाद ने बताया कि वह राजस्थान से रबर लेकर महाराष्ट्र के पुणे उतारने जा रहा था उसके साथ हेल्पर भी था। गरोठ हाईवे पर चलते ट्रक में अचानक वायरिंग में स्पार्किंग हुई व केबिन की तरफ से धुंआ उठने लगा और अचानक आग लग गई। ड्राइवर शहजाद ने बताया कि आग ट्रक के अगले हिस्से में तेजी से फैल गई और दोनों ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। इधर ट्रक से आग की लपटें उठती देख खेत में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दमकल मौके पर पहुंची और थोड़ी देर में दमकल कर्मियों ने ट्रक में लगी आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी की घटना में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया। हालांकि पूरे ट्रक में आग फैलती इसके पहले ही दमकल कर्मियों ने ट्रक में लगी आग बुझा दी। जिससे ट्रक का पीछे का हिस्सा और उसमें रखा रबर सुरक्षित बच गया। चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिता के निधन के बाद बेटे को मिली पुलिस में नौकरी, आरक्षक पद पर अनुकंपा नियुक्ति



उज्जैन। पुलिस विभाग में सेवा के दौरान दिवंगत हुए कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के परिवार को उज्जैन पुलिस ने संबल प्रदान किया है। उनके आश्रित पुत्र दीपक सिन्हा को पुलिस विभाग में आरक्षक (जीडी) के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 12 नवंबर को नियुक्ति आदेश जारी कर उन्हें अनुसूचित जाति के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया। जिला पुलिस बल उज्जैन के अश्वारोही दल में पदस्थ रहे स्व. कार्यवाहक प्रधान आरक्षक मुल्कराज सिन्हा (क्रमांक 202) का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद पुत्र दीपक सिन्हा ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। आवेदन के आधार पर विभाग ने नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया शुरू की। नियुक्ति प्रक्रिया के तहत दीपक की शारीरिक मापदंड संबंधी पात्रता के लिए सक्षम स्तर से आवश्यक स्वीकृति ली गई। इसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें वे निर्धारित शारीरिक मापदंडों पर खरे उतरे। चरित्र सत्यापन सहित अन्य जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए। उज्जैन पुलिस की इस पहल से दिवंगत पुलिसकर्मी के परिवार को आर्थिक और सामाजिक संबल मिलेगा। विभाग ने अनुकंपा नियुक्ति के माध्यम से दिवंगत कर्मचारी के आश्रित को परिवार की जिम्मेदारी संभालने के साथ पुलिस सेवा में आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

आबकारी विभाग की जिलेभर में छापेमारी, 7 आरोपी गिरफ्तार, 490 किलो महुआ लहान जब्त



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों में अभियान चलाकर कार्रवाई की। विभाग की टीमों ने विभिन्न वृत्तों में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 14 प्रकरण दर्ज किए। इनमें धारा 34(1) के तहत 12 और धारा 36 के तहत 2 मामले शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। टीमों ने 9.5 बल्क लीटर मदिरा, 2 लीटर हाथ भट्टी शराब और 490 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 53 हजार 475 रुपए बताई गई है।

सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देशन और कंट्रोलर मुकेश रंधा के नेतृत्व में गठित अलग-अलग टीमों ने नगर उज्जैन, नागदा, खाचरौद, बड़नगर और तराना क्षेत्र में कार्रवाई की।

नागदा और खाचरौद में महुआ लहान बरामद- वृत्त नागदा की टीम ने भड़ला क्षेत्र से 70 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्ट किया। खाचरौद वृत्त में दो प्रकरण दर्ज किए गए। भाटपचलाना निवासी लाल सिंह पिता भंवर सिंह राजपूत के कब्जे से 10 पाव मसाला मदिरा जब्त की गई। वहीं लसुड़िया खेमा में तालाब किनारे 80 किलोग्राम महुआ लहान मिला, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। एक अन्य व्यक्ति की खाली तलाशी भी ली गई।

बड़नगर क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्रवाई- बड़नगर वृत्त में आबकारी टीम ने 9 प्रकरण दर्ज किए। सिकंदरखेड़ा से तीन अलग-अलग मामलों में 215 किलोग्राम और सोहड़ से दो मामलों में 135 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया। इसके अलावा गजराज पिता नागू सिंह और उमराव पिता अंबाराम के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत कार्रवाई की गई। न्यू सोनू ढाबा पर भी कार्रवाई करते हुए सोनू पिता कन्हैयालाल के खिलाफ धारा 36(ए) और सोनू पिता महेश पाटीदार के खिलाफ धारा 36(बी) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

नगर और तराना में भी दबिश

तराना में टीम द्वारा एक प्रकरण दर्ज किया गया तराना वृत्त की टीम ने कनासिया निवासी संतोष पिता राजाराम बागरी के पास से 2 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।

देर रात तक होटल-ढाबों की जांच

आबकारी विभाग की टीमों ने देर रात तक होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट की जांच की। इसके साथ ही सड़कों पर वाहनों को रोककर भी तलाशी ली गई। सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन और संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।

14 व 15 नवंबर को होगा देवासद्वार मराठी विद्यालय का पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन जल्लोष 2026

उज्जैन। देवासद्वार मराठी माध्यमिक विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों का चतुर्थ सम्मेलन जल्लोष 2026 आगामी 14 एवं 15 नवंबर को महाराष्ट्र समाज स्थित तिलक स्मृति मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पूर्व विद्यार्थी एक मंच पर आकर बचपन की पुरानी यादें ताजा करेंगे और अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे।

संयोजक अजय भातखंडे ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न वर्षों के पूर्व विद्यार्थी, शिक्षक और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत उद्घाटन समारोह, गुरुजन सम्मान, 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मित्रों का विशेष अभिनंदन, आपसी परिचय, मनोरंजक खेल, क्विज, सांस्कृतिक गतिविधियां और स्नेह मिलन जैसे विविध आयोजन होंगे। आयोजन का उद्देश्य पीढियों के बीच मित्रता, आत्मीयता और विद्यालय के संस्कारों को सहेजना है। संरक्षक अशोक गुलजकर, दिलीप पंडित, दिलीप पागे, विजय करपे, कीर्ति पटवर्धन और उल्का भावे यादव ने सभी पूर्व विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील शुजालपुर, जिला-शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/रीडर-1/2026/4142
शुजालपुर, दिनांकः 12/11/2026

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रचालित वसीयत नामांतरण प्रकरण क्रमांक 1579/अ-6/2026-27 **वसीयतग्रहिता मोहित सहगल आदि पिता विनोदकुमार सहगल निवासी मंडी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र.** का इस न्यायालय में वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु वाद प्रचलित है। उक्त प्रकरण में **वसीयतकर्ता डॉ. विनोदकुमार सहगल पिता स्व. श्री मदनलाल जी सहगल जाति पंजाबी धंधा चिकित्सक एवं व्यापार निवासी सहगल भवन शुजालपुर मंडी जिला शाजापुर म.प्र.** द्वारा ग्राम हाईटेक कॉलोनी ग्राम कमलिया **स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 322/4/1 शान 326, 327 रकबा 3.8788 हे. भूमि जिसकी भूमि वसीयतकर्ता ने नोटरीकृत वसीयतनामा प्रस्तुत किया जिसका सरल क्रमांक 364 दिनांक 03/08/2026 से वसीयतकर्ता द्वारा वसीयतग्रहीत मोहित सहगल आदि पिता विनोदकुमार सहगल निवासी मंडी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर के पक्ष में किया गया है।**

उक्त संबंध में वसीयतकर्ता **डॉ. विनोदकुमार सहगल पिता स्व. श्री मदनलाल जी सहगल जाति पंजाबी धंधा चिकित्सक एवं व्यापार निवासी सहगल भवन शुजालपुर मंडी** के विधिक वारिसन व उक्त भूमि के वसीयतनाम पर किसी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19/11/2026 को तहसील कार्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. में उपस्थित होवे।

तहसीलदार
तहसील शुजालपुर

पश्चिम रेलवे
निर्माण कार्य
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण), पश्चिम रेलवे, मुंबई आमंत्रित करते हैं
निविदा क्र.: CE(C)CCG/362(R) दिनांक: 11.11.2026
कार्य का नाम: पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के जोगेश्वरी स्टेशन पर अतिरिक्त प्लेटफॉर्म, पिट लाइन का निर्माण, स्टेबलिंग लाइनों का निर्माण/विस्तार, स्काई-वॉक, एप्रोच रोड और सर्कुलेटिंग एरिया का विकास और बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर 2 नग 3 लेयर इंस्पेक्शन प्लेटफॉर्म का निर्माण।
एनआईटी मूल्य: ₹ 93,44,91,639.12
ईएमडी: ₹ 1,86,89,800/-
ई-बिड बंद होने की तिथि: 30.11.2026, 15.00 बजे तक।
ई-बिड खुलने की तिथि: 30.11.2026 को 15.30 बजे।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।
हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री छगनलाल जैन पिता पूनमचंद जैन एवं श्रीमती मधुबाई पति छगनलाल जैन सह निवासी ग्राम उन्हेल तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के कुल 2 सहखातेदार के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 80 रकबा 1.1300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 78 रकबा 2.400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 77/1 रकबा 0.17 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 77/2 रकबा 0.18 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 76 रकबा 1.100 हेक्टेयर, कुल खाते 5 एवं कुल क्षेत्रफल रकबा 4.980 हेक्टेयर भूमि ग्राम पिपलियाडाबी तह. उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है को मय तल लगायत हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर टोकन राशि अदा कर दी है तथा जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में बयाना राशि अदा कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा उसके पश्चात अनुबंध पत्र में उल्लेखित शर्त अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जाएगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त संपत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित लिखित में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
दिनांक 12/11/2026

शुभम सोलंकी एडव्होकेट
कार्यालय- बृजेश मार्केट उन्हेल जिला उज्जैन मध्यप्रदेश
मो. 8269772456

जाहिर सूचना

एतदु सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है। मुझ प्रार्थीया बसंतीबाई निवासी 48 एकता नगर, उज्जैन म.प्र. का पुत्र गौरव उर्फ गणपत निवासी-एकता नगर, नानाखेडा, उज्जैन म.प्र. के द्वारा निरंतर मनमाने कृत्य किये जा रहे हैं, जिसके चलते मुझ प्रार्थीया के द्वारा मेरे पुत्र को समझाईश के काफी प्रयास किये जा चुके है, किंतु उक्त सारे प्रयास असफल हो गये तथा मेरी बात नहीं सुनता हैं तथा मेरा पुत्र गौरव उर्फ गणपत जिसको मुझ प्रार्थीया के द्वारा अकेले अपने दम पर बिना पति के बचपन से पढाया, लिखाया, पाल पोष कर बढा किया तथा उसकी शादी की हैं, उसकी पत्नि का नाम पायल हैं तथा शादी पश्चात उसके दो पुत्र जिसमें बडा बेटा हेमंत एवं छोटा बेटा सचिन हैं, किंतु वह लडकियों के चक्कर में अपना घर परिवार बिगाड रहा हैं तथा अन्य लोगों के बहकावे में आकर अपनी माता से लडाई करता हैं एवं उनका कहना नहीं मानता हैं। जिस कारण से मुझ प्रार्थीया के द्वारा इस जाहिर सूचना प्रकाशन के माध्यम से अपने पुत्र गौरव उर्फ गणपत को घर से व अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल किया जा रहा हैं तथा आज के पश्चात मेरा व मेरे पुत्र के बीच माता-पुत्र का संबंध समाप्त कर रही हूं तथा भविष्य में उसके द्वारा किसी भी तरह की कोई आपराधिक घटना घटित की जाती हैं या अन्य कोई अपराध किया जाता हैं तो उसके लियें मैं किसी भी प्रकार से दायित्वाधीन या जिम्मेदार नहीं रहूंगी। इस जाहिर सूचना के जरिये सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई जनसाधारण गौरव उर्फ गणपत से किसी प्रकार का लेन देन मुझ प्रार्थीया के संबंधो को देखते नही करे अगर किसी के द्वारा उससे कोई व्यवहार किया जाता है तो वह उसके स्वयं की जिम्मेदारी का होगा। उक्त व्यवहार से मुझ प्रार्थीया या हमारे परिवार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई सरोकर नही होगा। सूचित हो। इति दिनांक 12/11/2026

बसंतीबाई
निवासी 48 एकता नगर, उज्जैन मो. 8878421088

अपनी संस्कृति पहचानिए



सिसिली का एक क्रूर माफिया अमेरिकी आपराधिक जगत में अपना दबदबा रखता था। एक समय उसे शक हुआ कि अपने गुट के किसी सदस्य ने उसके नाम आए धन का गबन कर लिया है। उसके बारे में सीधे तहकीकात करने के लिए वह विमान से अमेरिका पहुंचा, लेकिन अंग्रेजी न जानने के कारण एक दुभाषिए को अपने पास रख लिया। संदिग्ध व्यक्तियों को एक-एक करके अंदर बुलाकर उनके मुंह के सामने बंदूक की नोक रखते हुए पूछा, क्या तूने मेरे धन का गबन किया? हरेक ने डर से कांपते हुए अंग्रेजी में जवाब दिया। दुभाषिया उन उत्तरों का अनुवाद करके माफिया नेता को सुनाता रहा, नहीं हुजूर, मैंने ऐसा नहीं किया। आखिरी आदमी जो आया, उसने गुनाह को कुबूल किया, हां सरकार, यह सच है कि मैंने आपके धन का गबन किया, लेकिन उसमें से एक डॉलर भी खर्च नहीं किया। धन को दस संदूकों में भरकर मेरी मां की कब्र के पास छिपाकर रखा है। मुझे माफ कर दें। दुभाषिए ने माफिया सरगना के सामने इनका अनुवाद किया, क्या इस निहायत बेवकूफ आदमी के अंदर मुझ पर गोली चलाने की हिम्मत है? ठीक इसी तरह, कुछ लोगों ने अपने स्वार्थवश हमारी उन्नत संस्कृति के कुछ महत्वपूर्ण विषयों को बिगाड़कर पेश कर दिया। उन्हें संशोधित करके व्यवस्थित करने का दायित्व वर्तमान पीढ़ी का बन गया है। अन्य सभी बुनियादी बातों की अपेक्षा मानव अपनी स्वतंत्रता को अधिक चाहता है। इसी आजादी की तलाश में लोग दूसरे धर्मों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। स्वतंत्रता किसी पाश्चात्य देश से आया विचार नहीं है। उनके द्वारा इसकी कल्पना तक करने के हजारों साल पहले इस संस्कृति में मुक्ति नामक स्थायी स्वतंत्रता की सोच को रूप दिया जा चुका था। इससे उत्कृष्ट संस्कृति और कोई नहीं है। स्वतंत्रता का मतलब आंतरिक स्वतंत्रता है। अन्य किसी संस्कृति में ऐसा लक्ष्य नहीं मिलता। हमारी संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य ही मनुष्य की चिरस्थायी स्वतंत्रता है। जन्म और मृत्यु से भी परे आनंदपूर्ण स्वतंत्रता की स्थिति है यह। इसी को हम मुक्ति कहते हैं। चाहें तो ईश्वर को एक साधन बनाकर मुक्ति पा सकते हैं, न चाहें, तो ईश्वर के बिना भी पा सकते हैं। दोनों के लिए अवसर देने वाली संस्कृति जगत में केवल एकमात्र यही संस्कृति है। स्वतंत्र भारत के रूप में हमारी परंपरा भले कुछ साल या दशक की हो सकती है, किंतु सांस्कृतिक धरातल पर यह हजारों साल से अनुशासनबद्ध रूप से चली आ रही है। आज के हमारे युवकों में कुलबुलाती तड़प को देखने से यही लगता है कि वीजा मिलने पर उनमें से आधे अमेरिका पहुंच जाएं। हमने भारतीयता के मूल्य को सही ढंग से उनके मन में नहीं बिठाया, इसी कारण से उनका रुझान दूसरी ओर हो जाता है।


सम्पादकीय

दूध और महंगाई

दूध की कीमतों में छह महीने में दूसरी बार बढ़ोतरी ने साफ तौर पर बढ़ती महंगाई की ओर इशारा किया है। गुरुवार, 12 नवंबर से कई श्रेणियों के दूध की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई है। देश की दो बड़ी डेयरी कंपनियों अमूल और मदर डेयरी ने यह जो घोषणा की है, उससे देश की दूसरी डेयरियों को भी कीमतें बढ़ाने का मौका मिलेगा। दूध के लिए उपभोक्ताओं को प्रति लीटर 2 से 6 रुपये अधिक चुकाने पड़ेंगे। इससे पहले 14 मई को दूध की कीमतों को 2 रुपये तक बढ़ाया गया था। बढ़ती महंगाई को समग्रता में देखने से पहले दूध की कीमतों को देखना जरूरी है। भारत में दूध बुनियादी खाद्य उत्पाद है और दूध की कीमत बढ़ने का सीधा संकेत है कि दूध की लागत बढ़ रही है। पशु की कीमत, चारा, अनाज, पशुपालन, परिवहन, दुग्ध उत्पाद निर्माण, इत्यादि हर प्रकार के खर्चे बढ़ रहे हैं। प्रसंस्करण-वितरण भी महंगा होता जा रहा है। अपने देश में दूध की कीमतें अपने आप में प्रमाण है कि कैसे महंगाई बढ़ रही है। पिछली सदी जब बीत रही थी, तब प्रति लीटर दूध की कीमत 14 रुपये भी नहीं थी। साल 2006 में दूध 19 रुपये का हुआ, 2016 में 49 रुपये और 2026 में 76 रुपये का हो चुका है। लगभग एक चौथाई सदी में दूध की कीमत पांच गुना बढ़ी है। दूसरी ओर, साल 1999 से 2026 के बीच भारत की प्रति व्यक्ति आय में 12 गुना से ज्यादा वृद्धि हुई है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा आर्थिक रूप से सक्षम हुआ है, उस पर दूध के भाव बढ़ने का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन कम आय वाले लोगों का बजट दूध की कीमत से बिगड़ जाएगा। डेयरी कंपनियों का नेटवर्क काफी फैला हुआ है, उन्हें दूध की वाजिब कीमत वसूलनी चाहिए, लेकिन समग्रता में दूध की गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। आधिकारिक दूध डेयरियों के रहते अगर भारत में 68 प्रतिशत नकली या मिलावटी दूधि बिक रहा है, तो यह गंभीर आपराधिक पहलू है। देश की आय बढ़ रही है, तो दुग्ध उत्पाद ही नहीं, हर तरह के उत्पादों की गुणवत्ता बढ़नी चाहिए। ऐसा न हो कि खाद्य पदार्थों की कीमतें चढ़ें और उनकी गुणवत्ता गिरती चली जाए। ध्यान रहे, दूध की कीमत अमेरिका में भारत की तुलना में लगभग दोगुनी है, लेकिन वहां दूध सौ फीसदी तक शुद्ध है। यहां महंगाई की चिंता जरूरी है, पर उससे ज्यादा जरूरी है शुद्धता सुनिश्चित करना।

बदलाव के बेहतर संकेत

विश्व बैंक के ताजा आंकलन के अनुसार भारत में घट रही है गरीबी



प्रहलाद सबनानी (दैनिक अवन्तिका)

हाल ही में विश्व बैंक ने एक प्रतिवेदन जारी कर बताया है कि भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या तेजी से घट रही है। केंद्र सरकार की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य श्रीमती शमिका रवि ने भी अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि भारत में 10 वर्ष पूर्व तक गरीबी आंकलन के लिए सुरेश तेंदुलकर समिति की सिफारिशों के आधार पर विचार किया जाता था। इन सिफारिशों के अनुसार भारतीय नागरिकों को पूर्व निर्धारित स्तर तक कैलोरी प्राप्त करने हेतु होने वाले खर्च से यदि अधिक आय है तो उसे गरीबी की रेखा से ऊपर मान लिया जाता था। कैलोरी की आवश्यकता शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों के लिए अलग अलग स्तर पर तय की जाती थी, इसे खाद्य गरीबी की संज्ञा भी दी जाती थी। इसके बाद, रंगराजन समिति की सिफारिशों के आधार पर गरीबी का आंकलन किया जाने लगा, जिसमें खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य, कपड़ा, मकान, शिक्षा आदि को जोड़ा गया है। भारत में वर्ष 2011-12 में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या, देश की कुल जनसंख्या का, 29.5 प्रतिशत थी जो वर्ष 2023-24 में घटकर 3.9 प्रतिशत रह गई है। यह एक अतुलनीय उपलब्धि मानी जा रही है। पूरे भारत वर्ष में ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विश्व बैंक के ही एक अन्य अनुमान के अनुसार, भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या, (अर्थात 3 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन की आय वाले नागरिक) वर्ष 2011 में 27 प्रतिशत थी जो वर्ष 2023 में घटकर 2.6 प्रतिशत हो गई है। जबकि, 4.2 अमेरिकी डॉलर तक की प्रतिदिन आय वाले नागरिकों की संख्या वर्ष 2011 के 57.7 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 16.1 प्रतिशत रह गई है, जिसके वर्ष 2026 में 14.2 प्रतिशत एवं वर्ष 2028 में 12.1 प्रतिशत तक नीचे रहने का अनुमान विश्व बैंक द्वारा लगाया गया है।

भारत में निवासरत समस्त वर्गों, अल्पसंख्यकों सहित, के नागरिकों की गरीबी में कमी दिखाई दी है। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में निवासरत अल्पसंख्यक वर्ग के नागरिकों की गरीबी तेजी से घटी है। लगभग12 वर्ष पूर्व तक जनजातीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के बीच गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या 50 प्रतिशत तक थी जो अब घटकर 12 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आ गई है।

एक प्रश्न पूछा जाता है कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में यदि इतनी कमी आई है तो फिर गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत देश के 85 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज क्यों उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्र सरकार के साथ साथ राज्य सरकारों द्वारा भी गरीब वर्ग की सहायता के लिए विशेष योजनाएं क्यों चलाई जा रही है। इस प्रश्न के उत्तर में यह तर्क दिया जा रहा है कि उक्त योजनाओं के माध्यम से गरीब वर्ग को सामाजिक एवं खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इससे गरीब परिवारों को खाद्य सामग्री पर कम खर्च करना पड़ रहा है और इस मद से हुई बचत को गरीब वर्ग अपने सामाजिक स्तर में सुधार पर खर्च करने लगा है। भारत में हाल ही के समय में गरीब वर्ग की खाद्य सामग्री में फल, दूध, पनीर, दूध से बने अन्य पदार्थ, अंडे, आदि भी शामिल हो गए हैं। इससे गरीब वर्ग के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। इसके साथ ही, पूर्व में केंद्र सरकार को भारी मात्रा में अन्न का स्टॉक रखना पड़ता था। अन्न के स्टॉक को, बहुत बड़ी मात्रा में, चूहे नुक्सान पहुंचाते थे एवं वर्षा ऋतु में भी अन्न का भारी मात्रा में नुक्सान होता था। अब, चूंकि गेहूं एवं चावल जैसी खाद्य सामग्री को गरीब जनता के बीच सहायता के रूप में बांट दिया जाता है, इससे देश में अन्न की बचत ही हो रही है। केंद्र सरकार के अन्न को स्टोर करने की मद पर भी खर्च बहुत कम हो गया है। आज भारत में गरीब वर्ग भी गेहूं एवं चावल के स्थान पर पोषण सामग्री का अधिक उपयोग कर रहा है। 12 वर्ष पूर्व, भारत में 63 प्रतिशत नागरिकों द्वारा ताजे फलों का सेवन किया जाता था, आज यह संख्या बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है। देश में दालों एवं फलों जैसी खाद्य सामग्री का उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

देश में बेरोजगारी की दर में भी भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। भारत में बेरोजगारी की दर अब घटकर 3.1 प्रतिशत तक नीचे आ गई है। परंतु, विभिन्न राज्यों के बीच बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई दे रहा है। गुजरात में बेरोजगारी की दर केवल 0.9 प्रतिशत है तो छतीसगढ़ में केवल 1.9 प्रतिशत है। परंतु केरल में 12 प्रतिशत है तो हिमाचल प्रदेश में 17 प्रतिशत है। इतना बड़ा अंतर, राज्यों द्वारा निर्धारित की जा रही व्यापार की नीतियों में अंतर के चलते दिखाई दे रहा है। जिस प्रदेश की व्यापार एवं उद्योगों की नीतियां, व्यापारियों एवं उद्योगों के अधिक हित में हैं, उन प्रदेशों में रोजगार के अधिक अवसर निर्मित हो रहे हैं। आज भारत का युवा वर्ग अच्छी सरकारी नौकरी की तलाश में अधिक समय व्यतीत करने लगा है इसके कारण 18 से 30 वर्षों की उम्र के युवाओं में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक है जबकि 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों में बेरोजगारी की दर बहुत कम है। 30 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही युवाओं को आभास होने लगता है कि अब तो जो भी रोजगार मिले उसे प्राप्त करना ही बेहतर है। इसी प्रकार, लगभग 10वीं कक्षा तक शिक्षा गृहण करने वाले युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर बहुत कम है परंतु स्नातक एवं स्नात्तकोतर तक की शिक्षा गृहण करने वाले युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर बहुत अधिक है। क्योंकि, अधिक पढ़ा लिखा वर्ग सरकारी नौकरी ढूंढने में अपना अधिक समय बर्बाद कर देता है। जबकि कम पढ़ा लिखा युवा सरकारी नौकरी के चक्कर से अपने आप को दूर रखते हुए जो भी रोजगार के अवसर उसे प्राप्त होता है उसे स्वीकार कर लेता है। केरल, पंजाब एवं गोवा राज्यों में रोजगार के अधिक अवसर निर्मित नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि इन प्रदेशों में सरकारी नीतियां ही इसके लिए जिम्मेदार मानी जा रही है। जबकि, गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित हो रहे हैं क्योंकि इन प्रदेशों में वातावरण व्यापार एवं उद्योगों के लिए सहायक है। उक्त कारणों के चलते ही भारत का पश्चिमी एवं दक्षिणी भाग, उत्तरी एवं पूर्वी भाग की तुलना में अधिक तेजी से विकास कर रहा है। भारत की कुल जनसंख्या में से लगभग 60 प्रतिशत नागरिक ही श्रम के रूप में अपनी भागीदारी प्रदान कर रहे हैं जबकि वियतनाम में 70 प्रतिशत, बांग्लादेश में 67 प्रतिशत है। अर्थात, जितने अधिक नागरिकों को रोजगार उपलब्ध होगा देश के आर्थिक विकास में नागरिकों की भागीदारी उतनी अधिक होगी।

हर्ष का विषय है कि भारत के ग्रामीण इलाकों

ओडीएफ-प्लस

भोर के ठीक चार बजकर बारह मिनट पर राज्य स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास मिशन के सेंट्रलाइज्ड ह्यडिजिटल स्वच्छ भारत डैशबोर्डह्ल पर ग्राम पंचायत सुंदरपुर का नाम सुनहरे अक्षरों में जगमगा रहा था। सॉफ्टवेयर स्क्रीन पर रिपोर्ट लॉक थी–ह्यसुंदरपुरः 100% ओडीएफ-प्लस मॉडल गांव। हर घर में जियोटैग्ड पक्का शौचालय। खुले में शौच की दरः शून्य।ह्ल राजधानी के वातानुकूलित कंट्रोल रूम में बैठे अफसरों के लिए यह गांव स्वच्छता का स्वर्ग था। लेकिन रहस्य यह नहीं था कि पोर्टल पर हरा टिक लगा था या नहीं; कौतूहल और दहशत यह थी कि उस कड़ाके की सर्द सुबह में, उस गांव की औरतें और बच्चियां हाथ में प्लास्टिक की बोतलें लिए रेलवे लाइन के पार कंटीली झाड़ियों की तरफ क्यों भागी जा रही थीं? हकीकत यह थी कि गांव के अस्सी घरों में शौचालय के नाम पर ठेकेदार ने केवल दो ईंटों की एक दीवार खड़ी करके, ऊपर टिन का एक चौकोर टुकड़ा रखकर फोटो खींची थी। जीपीएस कैमरे से फोटो पोर्टल पर अपलोड हुई, सब्सिडी के बारह-बारह हजार रुपये ग्राम विकास अधिकारी और दलालों के खातों में बंट गए, और कागजों में पूरा गांव ह्यआदर्शह्ल बन गया। न कहीं पानी का पाइप था, न गड्ढा। उस घने कुहासे में दस साल की गुड्डी अपनी मां यशोदा का पल्लू पकड़े, नंगे पैर गीली घास पर चल रही थी। उसे बहुत डर लगता था अंधेरे से। लेकिन घर के आंगन में कोई कोना नहीं था। झाड़ियों के मुहाने पर जैसे ही गुड्डी का नन्हा पैर एक सूखे पत्तों के ढेर पर पड़ा, घास के भीतर से एक काले करैत ने बिजली की तेजी से उसके टखने में अपने जहरीले दांत गड़ा दिए। गुड्डी के मुंह से एक चीख निकली, अम्मा! और वह वहीं कीचड़ में गिर पड़ी। यार, तुमने कभी किसी मां को अंधेरे में अपनी बच्ची के पैर से जहर चूसते देखा है? इस मुल्क में सरकारी विज्ञापनों की दीवारें इतनी चमकदार होती हैं कि उनके पीछे रेंगती हुई मौत का काला सच किसी को दिखाई नहीं देता।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13नवंबर 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:39सूर्यास्त 17:41
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि -? चतुर्थी 18:02 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - मूल 15:55 उपरांत पूर्वाषाढा.
योग - धृति 04:52 उपरांत शूल
करण - भद्रा
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा
मुस्लिम मास - जमादुस्सानी 03मास तारिख

मेष- उच्च अधिकारियों का मार्गदर्शन तरक्की दिलाएगा। व्यापारिक विस्तार के नए विचार सफल होंगे।

वृषभ- धार्मिक गतिविधियों में परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, नया लाभ संभव है।

मिथुन- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, मानसिक शांति मिलेगी। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

कर्क- काम का दबाव रह सकता है, समय का प्रबंधन करें। व्यावसायिक सौदों में लिखा-पढ़ी स्पष्ट रखें। परिजनों की सलाह आपके काम आएगी।

सिंह- मानसिक तनाव से बचें, योग का सहारा लें। भगवान विष्णु को तुलसी दल अर्पित करें।

कन्या- दफ्तर में परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। भूमि या संपत्ति से जुड़े व्यापार में लाभ होगा।

तुला- परिवार में सुख-शांति और आनंद रहेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, धन आगमन होगा।

वृश्चिक- सेहत अच्छी रहेगी, खान-पान पर ध्यान दें। किसी मंदिर में पीली मिठाई चढ़ाएं।

धनु- नई जिम्मेदारी मिलने से दफ्तर में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में मनमुताबिक सफलता और लाभ मिलेगा।

मकर- समाज और परिवार में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

कुंभ- सेहत बहुत अच्छी रहेगी, स्फूर्ति बनी रहेगी। सत्यनारायण कथा का पाठ सुनें।

मीन- दफ्तर में आपके काम की वरिष्ठ सराहना करेंगे। व्यापारिक गतिविधियों में बड़ा मुनाफा होगा।

(नोटबंदी के दस साल)

डिजिटल क्रांति के बीच कायम नकदी का आकर्षण

भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में 8 नवंबर 2016 की रात एक ऐसा निर्णय लिया गया, जिसने देश के आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को प्रचलन से बाहर करने की घोषणा केवल मुद्रा परिवर्तन नहीं थी, बल्कि इसे काले धन, नकली नोटों, भ्रष्टाचार और आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण पर प्रहार के रूप में प्रस्तुत किया गया था। उस समय प्रचलित मुद्रा के कुल मूल्य का लगभग 86 प्रतिशत हिस्सा इन दोनों नोटों में था। आज दस वर्ष बाद जब इस फैसले का मूल्यांकन किया जा रहा है, तब एक महत्वपूर्ण विरोधाभास सामने आता है। देश में डिजिटल भुगतान का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, लेकिन नकदी का प्रचलन भी लगातार बढ़ा है। यही विरोधाभास नोटबंदी की वास्तविक उपलब्धियों और सीमाओं को समझने की कुंजी है।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

नोटबंदी के बाद सामने आया सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में देखने को मिला। हालांकि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की शुरूआत अप्रैल 2016 में नोटबंदी से पहले ही हो चुकी थी, लेकिन नोटों की अचानक कमी ने लोगों को डिजिटल भुगतान के विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। मोबाइल वॉलेट, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और क्यूआर कोड आधारित भुगतान धीरे-धीरे आम जीवन का हिस्सा बन गए। वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई के माध्यम से लगभग 241 अरब से अधिक लेन-देन दर्ज किए गए। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी संचालकों, सेवा प्रदाताओं और आम उपभोक्ताओं के बीच इसकी स्वीकार्यता ने भारतीय भुगतान व्यवस्था में व्यापक बदलाव को दशार्या है। यह कहना उचित होगा कि नोटबंदी ने डिजिटल भुगतान को अपनाने की प्रक्रिया को गति प्रदान की।

इस फैसले का एक अन्य परिणाम बैंकिंग व्यवस्था में जमा राशि की अस्थायी वृद्धि के रूप में सामने आया। पुराने नोट बैंकों में जमा होने से बैंकिंग प्रणाली में तरलता बढ़ी और वित्तीय संस्थाओं को असामान्य लेन-देन की पहचान करने के अवसर मिले। पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रहने वाली कई नकदी जमाओं का विवरण उपलब्ध हुआ। इससे आयकर विभाग को संदिग्ध लेन-देन की जांच, कर चोरी की पहचान और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने में सहायता मिली। इसके अतिरिक्त पुराने मूल्यवर्ग के नकली नोट तत्काल अमान्य हो गए। इससे मौजूदा नकली मुद्रा नेटवर्क को झटका लगा। नोटबंदी ने बैंकिंग सेवाओं, इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और वित्तीय जागरूकता के विस्तार को भी प्रोत्साहित किया।

हालांकि इन उपलब्धियों के बावजूद नोटबंदी के आर्थिक परिणाम कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करते हैं। सबसे बड़ा प्रश्न काले धन की वापसी और उसकी वास्तविक रोकथाम से जुड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, विमुद्रीकृत मुद्रा का लगभग 99.3 प्रतिशत हिस्सा वापस बैंकिंग प्रणाली में आ गया। लगभग 15.41 लाख करोड़ रुपये की अमान्य घोषित मुद्रा में से करीब 15.31 लाख करोड़ रुपये बैंकों में लौट आए। यह आंकड़ा उस अपेक्षा के विपरीत था, जिसके अनुसार बड़ी मात्रा में काला धन नकदी के रूप में होने के कारण स्वतः समाप्त हो जाएगा। यह जरूर है कि बैंक में जमा हुई पूरी राशि को वैध नहीं माना जा सकता, लेकिन इससे स्पष्ट हुआ कि नोटबंदी के माध्यम से स्थायी रूप से समाप्त हुई नकदी अपेक्षाकृत बहुत कम थी। इसका मूल कारण यह है कि काला धन केवल नकदी के रूप में नहीं रखा जाता। उसका बड़ा हिस्सा अचल संपत्ति, सोना, बेनामी संपत्तियों, विदेशों में जमा धन, फर्जी कंपनियों और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेशित रहता है।

हवा हमारी, धुआँ हमारा और साँसें दूसरों की: आखिर कब सुधरेगी हमारी सोच?



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

वायु प्रदूषण के लिए सरकारों को आखिर कितना और कब तक कोसा जाएगा? केवल उन्हें ही क्यों दोषी ठहराया जाए? सच तो यह है कि प्रदूषण फैलाने में हम मनुष्यों की आदतों और सोच की जितनी भूमिका है, उतनी शायद किसी और की नहीं। कचरा जलाना हो, पराली जलानी हो या विभिन्न अवसरों पर आतिशबाजी करनी हो, कारखानों की चिमनियों से निकलने वाले धुएँ को शुद्ध किए बिना हवा में छोड़ना हो अथवा प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों की अनदेखी करनी हो-हर बार अपने कृत्यों के बचाव में हमारे पास एक-न-एक तर्क तैयार रहता है।

सवाल उठाइए तो जवाब मिलता है-क्या पराली हटाने वाली मशीनों और मजदूरों का खर्च सरकार उठाएगी? क्या हम अपने त्योहार भी हर्षोल्लास से नहीं मनाएँ? क्या हम अपनी खुशियों का इजहार सार्वजनिक रूप से नहीं कर सकते? क्या हम अपने प्रभु श्रीराम की रावण पर विजय का उत्सव भी नहीं मनाएँ? क्या हम नए वर्ष का स्वागत भी नहीं करें? क्या बारात भी धूमधाम से नहीं निकालें? क्या खेलों में भारत की जीत का जश्न भी नहीं मनाएँ? आदि-आदि।

इतना ही नहीं, नाराजगी भरे लहजे में यह भी कहा जाता है- हमारा कचरा, हमारी पराली, हमारा खेत, हमारे पटाखे, हमारी खुशी और उसे मनाने का हमारा अपना तरीका, फिर किसी को तकलीफ क्यों? ज्यादा ही किसी को तकलीफ है, साँस लेने में परेशानी है, तो वह अपने घर के खिड़की-दरवाजे बंद करके क्यों नहीं रहता? घर में रहने से किसने किसी को मना किया है? फिर भी बाहर निकलना ही है तो मास्क लगाकर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर घूमे। आखिर वैज्ञानिकों ने पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर किस दिन के लिए बनाए हैं! और फिर मास्क बनाने वाली कंपनियों को भी तो बाजार चाहिए। वाह! प्रदूषण फैलाने वाले अपराधमुक्त और साँस लेने वाले अपनी समस्या के लिए खुद जिम्मेदार!

लेकिन जरा सोचिए, जब आतिशबाजी से आगजनी की घटनाएँ होती हैं और वायु प्रदूषण के कारण लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता है, तब दोष किसे दिया जाए? पटाखे बनाने वाली कंपनी को, उन्हें बेचने वाले को, चलाने वाले को या फिर उन लोगों को, जो दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं? अथवा उस व्यवस्था को, जो सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर आँखें मूँदे रहती है?

वर्ष 2026 की दीपावली की रात का ही उदाहरण लीजिए। मुंबई में पटाखों से जुड़ी 140 से अधिक आगजनी की घटनाओं की खबरें और राजधानी दिल्ली सहित देश के विभिन्न शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का आसमान छूना इसी चिंता को सामने लाता है। पूरे देश में इस अवसर पर वायु प्रदूषण की स्थिति कितनी खतरनाक रही होगी और पटाखों से आगजनी तथा दुर्घटनाओं का आँकड़ा कितना बड़ा रहा होगा, इस पर आतिशबाजी करने वालों को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

विडंबना यह है कि हमें अधिकार और स्वतंत्रता तो पूरी चाहिए, लेकिन जिम्मेदारियाँ आधी भी मंजूर नहीं। सरकार प्रदूषण रोकने के लिए नियम बनाए और उनका पालन सुनिश्चित करे तो इसे स्वतंत्रता पर हमला बताया जाता है और यदि ऐसा न करे तो सरकार निकम्मी कहलाती है। जनता को समझना होगा कि प्रदूषण का वास्तविक समाधान केवल सरकारी आदेशों और व्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि हमारी नागरिक समझ और सोच में भी निहित है। निश्चित रूप से सरकारों को जवाबदेह होना चाहिए, लेकिन नागरिकों को भी अपने कर्तव्यों से बचने के बहाने नहीं तलाशने चाहिए। आखिर देश भी हमारा है और प्रदूषण की तकलीफ झेलने वाले लोग भी हमारे अपने हैं।

धर्म-आस्था

त्योहारों एवं परंपराओं की तिथियों पर देशभर में हो एकरूपता



पं.रामगोपाल शर्मा (दैनिक अवन्तिका)

भारतवर्ष अपनी समृद्ध सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं पर्व-त्योहारों के लिए विश्वविख्यात है। हमारे तीज-त्योहार केवल उत्सव मात्र नहीं, बल्कि हमारी आस्था, परंपरा, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक हैं।

विगत कुछ वर्षों से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न पंचांगों में पर्व-त्योहारों की तिथियों एवं उनके निर्धारण को लेकर मतभिन्नता बनी रहती है। कहीं दो-दो तिथियों पर होली मनाई जाती है, तो कहीं दीपावली सहित अन्य प्रमुख त्योहारों के आयोजन को लेकर अलग-अलग मत सामने आते हैं।

इस स्थिति के कारण सामान्य नागरिक, जो ज्योतिषीय गणनाओं, तिथि, नक्षत्र, योग एवं खगोलीय सिद्धांतों की सूक्ष्मताओं से परिचित नहीं हैं, असमंजस में पड़ जाते हैं। उन्हें यह समझना कठिन हो जाता है कि आखिर किस दिन पर्व मनाना शास्त्रसम्मत एवं परंपरानुकूल है।

निश्चित रूप से खगोलीय गणनाओं का अपना वैज्ञानिक एवं विशिष्ट महत्व है। तिथि निर्धारण में शास्त्रीय मान्यताओं, धर्मशास्त्रों, खगोलीय गणनाओं एवं क्षेत्रीय परंपराओं का विशेष स्थान है। किंतु इन सभी विषयों पर विद्वानों के बीच समन्वय एवं एकमत होना भी उतना ही आवश्यक है।

अतः देश के समस्त ज्योतिषाचार्यों, धर्मशास्त्र के विद्वानों, खगोलशास्त्रियों एवं पंचांग निमार्ताओं से विनम्र निवेदन है कि वे आपसी विचार-विमर्श, शास्त्रीय प्रमाणों एवं वैज्ञानिक गणनाओं के आधार पर पर्व-त्योहारों की तिथियों के निर्धारण हेतु एक साझा सहमति बनाने का प्रयास करें।

आवश्यकता इस बात की है कि देशभर के प्रमुख पंचांग निमार्ता एवं ज्योतिषीय संस्थान एक मंच पर आएँ तथा प्रमुख पर्वों की तिथियों के निर्धारण के लिए सर्वमान्य दिशा-निर्देश तैयार करें। जहाँ क्षेत्रीय परंपराओं अथवा स्थानीय सूर्योदय-काल के कारण भिन्नता अपरिहार्य हो, वहाँ उसका स्पष्ट एवं सरल स्पष्टीकरण भी आमजन तक पहुँचाया जाए।

हमारा उद्देश्य किसी एक पंचांग, परंपरा अथवा विद्वान के मत को कमतर बताना नहीं है, बल्कि सभी विद्वानों के ज्ञान, अनुभव एवं शोध का सम्मान करते हुए ऐसा समन्वय स्थापित करना है, जिससे आम नागरिकों को त्योहार मनाने के लिए बार-बार असमंजस का सामना न करना पड़े।

आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हमारी समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में तिथि निर्धारण को लेकर अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। विद्वानों में समन्वय हो, पंचांगों में यथासंभव एकरूपता हो और आमजन के मन में अपने पर्व-त्योहारों को लेकर स्पष्टता एवं प्रसन्नता बनी रहे।

मानता गणेश मंदिर

इंदौर से मनावर की दूरी 125 किमी है।तहसील मनावर के समीप 2 किमी की दूरी पर काली किराय है।जहाँ पर मानता गणेश मंदिर निर्मित है।भगवान गणेशजी की मूर्ति 275 वर्ष पूर्व कालूजी लोहार को मान नदी में मिली थी।जिसे उन्होंने देवली बनाकर स्थापित की।वर्तमान में मंदिर समिति द्वारा भव्य मंदिर, सुंदर बगीचा,एवं हनुमानजी,शिवजी की मूर्ति स्थापित की।शिव की मूर्ति मान नदी जो मंदिर के ठीक तकरीबन 100 फिट नीचे प्रवाहमान है।वहाँ चट्टानों के नीचे स्थापित है।चट्टानों से शिव के ऊपर प्राकृतिक रूप से जल अभिषेक होता रहता है। मानता गणेश में जो मानता मानी जाती वो अवश्य पूरी होती है।शिव भक्ति का प्राकृतिक, सुंदर स्थल में ॐ शिवाय नमस्तुम्भयम के मंत्र के साथ भक्त भजन,पूजन कर मनोकामना को पूर्ण करते है।भगवान गणेश के बारे में विभिन्न ग्रंथो में उनकी महत्ता का वर्णन मिलता है` भगवान गणेश देवो के देव महादेव शिव के पुत्र हैं। भगवान गणेश की पत्नी का नाम रिद्धि और सिद्धि है। रिद्धि और सिद्धि भगवान विश्वकर्मा की पुत्रियां हैं। भगवान विश्कर्मा *वास्तु ग्रंथो के रचनाकार है ! भगवान विश्वकर्मा को निर्माण के भी देवता माने जाते हैं ! *निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा भगवान गणेश के ससुर हैं ! इसलिए भी गणेश जी का वास्तु शास्त्र के निराकरण में प्रमुख भूमिका है !

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्न



अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

शाजापुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पिता कैलाश निवासी अभयपुर बुधवार को अपने गांव से बाइक पर सवार होकर किसी काम के लिए शाजापुर आ रहा था, तभी पनवाड़ी गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में धर्मेंद्र घायल हो गया। धर्मेंद्र के घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े होने की सूचना मिलने पर डायल 112 के आरक्षक सुनील राजपूत, पायलेट महेंद्रसिंह जादौन मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज किया गया।

ब्रह्म मुहूर्त में अजीतनाथ जैन मंदिर का द्वारोद्घाटन

आगर मालवा। मंगलवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में अजीतनाथ जैन मंदिर में विधि-विधान एवं धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का द्वारोद्घाटन संपन्न हुआ। इसके बाद प्रथम अभिषेक, आरती एवं प्रभावना का आयोजन किया गया। इन सभी धार्मिक क्रियाओं का पुण्यलाभ पूर्व विधायक कैलाशचंद मदनलाल भंडारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी एवं कर्मचारियों का सम्मान कर उनका बहुमान किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। अभिषेक-आरती के बाद इमली गली स्थित उपाश्रय में धार्मिक आयोजन हुआ, जहां गौतम रास का आयोजन किया गया। इसके दौरान साध्वी सौम्यवदना श्रीजी मसा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

हाईवे पर पोल शिफ्टिंग के दौरान फूटी पाइप लाइन, सड़क पर बहा पानी

शाजापुर। शहर के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए चल रहे शहरी हाईवे का निर्माण कार्य वर्तमान में दुकानदारों के लिए असुविधा का कारण भी बना हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया के बीच बुधवार को उस वक्त एक नई परेशानी खड़ी हो गई, जब बिजली के पोल शिफ्ट करते समय अचानक नगर पालिका की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक तरफ व्यापारी पहले से ही खुदाई और धूल से परेशान हैं, वहीं जलभराव की इस स्थिति ने उनकी मुश्किलें कुछ और बढ़ा दीं। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के समीप बिजली के पोल शिफ्ट करने का कार्य करवाया जा रहा है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी धनसिंह पिता श्री आत्माराम आदि जाति आंजना निवासी ग्राम शंकरपुर जागीर तहसील घट्टिया व कृषक ग्राम खुरचन्या चन्द्रभान तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 95/1/1 रकबा 0.50 हेक्टर,सर्वे नम्बर 95/1/2 रकबा 0.57 हेक्टर में से विक्रीत रकबा 0.32 हेक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.82 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम खुरचन?या चन?द्रभान तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 12-11-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मो.नं-8719997462, 9584898788

राघोगढ़ जाते समय शाजापुर में हुआ पीसीसी चीफ का स्वागत, 5 दिन के विधानसभा सत्र को बताया सरकार की घबराहट

प्रदेश में 52 तरह के माफियाओं का राज, भ्रष्टाचार ने ली 500 से ज्यादा की जान-पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



मध्यप्रदेश में आगामी शीतकालीन विधानसभा सत्र से पहले राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ पूरी तरह से मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को शाजापुर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में माफियाराज इस कदर बेलगाम हो चुका है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में अब तक 500 से अधिक लोगों की हत्याएं हो चुकी हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी राघोगढ़ में आयोजित सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनका शाजापुर में अल्प प्रवास हुआ। नेशनल हाईवे 52 पर भारी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। यहां मीडिया से रूबरू होते हुए पटवारी ने भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

प्रदेश में बढ़ते अपराधों का जिक्र करते हुए जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश के अंदर शराब, खनिज और प्रशासनिक समेत कुल 52 तरह के माफिया सक्रिय हैं। पीसीसी चीफ ने सीधा आरोप लगाया कि इन माफियाओं को सत्ता का खुला संरक्षण मिला हुआ है। इसी गठजोड़ के कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है, लेकिन सरकार इन पर नकेल कसने और कार्रवाई करने के बजाय इन्हें बचाने में जुटी हुई है।

भ्रष्टाचार छिपाने के लिए छोटा रखा गया सत्र

प्रदेश सरकार द्वारा बुलाए गए महज पांच दिवसीय शीतकालीन विधानसभा सत्र को लेकर भी पटवारी ने सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने इस छोटे सत्र का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सरकार घबराई हुई है और अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती है। पटवारी ने कहा कि सत्र की अवधि जानबूझकर छोटी रखी गई है ताकि जनता से जुड़े अहम और ज्वलंत मुद्दों पर सदन में चर्चा न हो सके और विपक्ष को सरकार से सवाल पूछने का पर्याप्त समय न मिले। उन्होंने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में ईमानदार है।



कपड़ा दुकान में आग लगने से माल स्वाहा

शाजापुर। कपड़ा दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का कपड़ा स्वाहा हो गया। जानकारी के अनुसार बेरछा स्थित गायत्री वस्त्रालय से मंगलवार रात करीब 12 बजे स्थानीय लोगों ने धुआं उठते देखा तो संचालक और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दुकान संचालक मौके पर पहुंचे और शटर खोला। वहीं दमकल भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक लाखों रुपए का कपड़ा जल चुका था। दुकान में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। दुकान संचालक की कहना है कि इस घटना में करीब 20 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।

वेल्डिंग दुकान पर ग्लाइंडर पत्ता टूटकर गले में धंसने से युवक की मौत

शाजापुर। वेल्डिंग दुकान पर काम करते समय ग्लाइंडर का पत्ता टूटकर गले में लगने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अरनियाकला में बुधवार को स्टील वेल्डिंग की दुकान पर 25 वर्षीय दीपक स्टील पाइप काट रहा था, तभी अचानक से पत्ता टूटा और उसके गले में धंस गया। दीपक को तुरंत ही उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक जादौन ग्राम अलीसरिया निवासी था। बताया जा रहा है कि दीपक अपने परिवार के इकलौते बेटे और घर में कमाने वाले अकेले सदस्य थे। बचपन में उनकी मां का निधन हो गया था। परिवार में पिता धरम सिंह और एक बहन हैं, जिसकी शादी हो चुकी है। दीपक अपने पिता के साथ रहते थे और पांच साल से परिवार का खर्च चला रहे थे। परिवार में दीपक की शादी की तैयारियां चल रही थीं। अगले महीने उनकी शादी होने वाली थी।

निगम कमिश्नर के बंगले पर दमकल से धुली सड़क-सीढ़ियां:सफाई करते दिखे दमकलकर्मी

देवास। देवास में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने बंगले पर दमकल की गाड़ी बुलाकर सड़क, फुटपाथ और घर की सीढ़ियां धुलवाईं। दमकल की गाड़ी से पानी डालकर सफाई कराई गई। घटना गुरुवार सुबह की है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। जिसमें दिख रहा है कि कुछ दमकलकर्मी उनके बंगले के बाहर सफाई कर रहे हैं। घर की सीढ़ियों पर पानी से छिड़काव करके साफ कर रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद दमकल की गाड़ी को वहां से हटा ली गई। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि धूल जमा होने पर दमकल की गाड़ी से शहर के फुटपाथों की नियमित सफाई कराई जाती है। उन्होंने आयुक्त के बंगले पर गाड़ी भेजने से इनकार किया। फायर अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया ने बताया कि शहर के दूसरे फुटपाथ भी इसी तरह धोए जाते हैं। कमिश्नर के बंगले पर गाड़ी नहीं भेजी गई। हालांकि, वायरल वीडियो में नगर निगम आयुक्त के बंगले के सामने दमकल की गाड़ी खड़ी दिखाई दे रही है। कर्मचारी गाड़ी से पानी डालकर सड़क और फुटपाथ धोते नजर आ रहे हैं। इससे अधिकारियों के दावे पर सवाल उठ रहे हैं।

शराब के ठिकानों पर छापे, 4500 किलो महुआ लाहन जब्त

देवास में आबकारी-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 4.68 लाख रुपए का सामान जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को अवैध शराब के ठिकानों पर छापे मारे। धानीघाटी कंजर डेरे से 4500 किलो महुआ लाहन, 80 लीटर हाथ भट्टी शराब और 22 बीयर केन जब्त किए गए। जब्त सामान की कीमत 4 लाख 68 हजार 200 रुपए बताई गई है।

टीम ने नेवरी, मानकुंड, धानीघाटी कंजर डेरा और रोजड़ी समेत कई जगहों पर तलाशी ली। धानीघाटी में पहाड़ी के पास झाड़ियों और टप्परों में महुआ लाहन से भरे कई ड्रम छिपाकर रखे गए थे। वहां शराब बनाने के उपकरण भी मिले।

कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन और सहायक आबकारी आयुक्त राकेश कुमार कुर्मी के मार्गदर्शन में कार्रवाई हुई। कंट्रोलर दिलीप कनासे के नेतृत्व में आबकारी दलों और नेवरी पुलिस चौकी के स्टाफ ने अलग-अलग जगह तलाशी ली। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 7 प्रकरण दर्ज किए गए।

अभियान जारी रहेगा

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी महेश पटेल, नेवरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक हर्ष चौधरी, आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, कैलाश जामोद, रोहित मुकाती, योगेंद्र सिंह ठाकुर, अरविंद सोलंकी, राजाराम रैकवार और दीपक धुरिया शामिल रहे।

आबकारी मुख्य आरक्षक राजेश जोशी, गोविंद, सुरेंद्र वर्षी, अरविंद जिनवाल, आरक्षक निहाल खत्री, सनत ओझा, गीतेश, सविता धाकड़, निकिता परमार और नगर सैनिक किशोर सिसोदिया भी टीम में थे।

नेवरी चौकी के प्रधान आरक्षक मनोज शर्मा, सैनिक बॉबी सिंह बैस, भगवान सिंह और जितेंद्र यादव ने भी कार्रवाई में हिस्सा लिया। विभाग ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही है।



हर्षोल्लास के साथ मनाया भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व भाई दूज

शाजापुर। नगर एवं अंचल में भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और भारी उत्साह के साथ मनाया गया। पांच दिवसीय दीपोत्सव के इस अंतिम पर्व पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीघार्यु और सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व को लेकर बुधवार सुबह से ही शहर भर में चहल-पहल और उल्लास का माहौल रहा। शुभ मुहूर्त में बहनों ने भाइयों की आरती उतारी, माथे पर कुमकुम और अक्षत का सजाकर तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाइयों ने भी अपनी बहनों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, उन्हें जीवन भर रक्षा का वचन दिया और स्नेह स्वरूप आकर्षक उपहार भेंट किए। भाई दूज के चलते बाजारों में भी विशेष रौनक नजर आई।

दीपोत्सव का समापन

भाई-बहन के इस पावन पर्व के साथ ही धनतेरस से शुरू हुए पांच दिवसीय दीपोत्सव का भी विधिवत समापन हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक पूरे दिन परिवारों में उत्सव और मेल-मिलाप का दौर चलता रहा।

बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की लंबी उम्र की कामना

अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



पोलायकला गुलाना सलसलाई नगर और आसपास के गांवों में बुधवार को भाई दूज मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार दिए।

दोपहर 12 बजे के बाद से शाम तक घरों में तिलक और पूजा-अर्चना का सिलसिला चला। बहनों ने सुबह स्नान के बाद पूजा की थाली सजाई। उसमें रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई और पूजा की सामग्री रखी। शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई।

कई भाई अपनी बहनों के घर पहुंचे, जबकि कुछ बहनों ने भाइयों को घर बुलाकर परंपरा निभाई। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

पर्व के चलते बाजारों में मिठाई और पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की आवाजाही रही। परिवारों में पकवान बनाए गए और सभी ने साथ बैठकर भोजन किया। नौकरी और कारोबार के सिलसिले में बाहर रहने वाले भाई भी पर्व मनाने घर पहुंचे।

भाई-बहन के प्रेम का पर्व

धार्मिक मान्यता के अनुसार, भाई दूज पर बहन के तिलक लगाने से भाई को सुख-समृद्धि और लंबी उम्र का आशीर्वाद मिलता है। इस पर्व को यम द्वितीया भी कहा जाता

दीपावली के बाद अकोदिया मंडी में खरीदी शुरू

नीलामी में सोयाबीन 8511 रुपए क्विंटल बिकी, किसान का साफा बांधकर सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



अकोदिया में दीपावली की छुट्टियों के बाद गुरुवार को कृषि उपज मंडी में खरीदी और नीलामी का शुभारंभ हुआ। सुबह 11 बजे श्री गणेश पूजन के साथ नए कारोबारी सत्र की शुरूआत की गई। इस दौरान बैलगाड़ी से सोयाबीन लेकर मंडी पहुंचे पहले किसान का हार-फूल पहनाकर और साफा बांधकर स्वागत किया गया। खरीदी शुरू होने पर आतिशबाजी भी की गई। शुभारंभ के पहले दिन ही सोयाबीन, प्याज और लहसुन के अच्छे भाव मिलने से किसानों में उत्साह नजर आया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि नरेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष अरविंद परमार, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मेवाड़ा, व्यापारी संघ अध्यक्ष घनश्याम लोहार, ब्रजमोहन विजयवर्गीय, भारसाधक अधिकारी घनश्याम लोहार और मंडी सचिव चंद्रसिंह परमार मौजूद रहे। सबसे पहले मंडी के तोल कांटे का पूजन किया गया। इसके बाद आतिशबाजी के बीच खरीदी शुरू हुई। व्यापारियों ने कहा कि किसान अन्नदाता है और उसकी मेहनत का सम्मान करना सभी का दायित्व है।

शुभ मुहूर्त में हुई पहली नीलामी में छिलोचा के किसान लखनसिंह की सोयाबीन 8511 रुपए प्रति क्विंटल में बिकी। इसे महाकाल ट्रेडर्स के व्यापारी कृपालसिंह राठौर ने खरीदा। वहीं कोहलिया के किसान बाबूलाल की प्याज 5581 रुपए प्रति क्विंटल में अदनान ट्रेडर्स के व्यापारी हिम्मत बैग ने खरीदी। अकोदिया के किसान रवि की लहसुन 28 हजार रुपए प्रति क्विंटल में समर ट्रेडिंग कंपनी के व्यापारी अब्दुल सईद मंसूरी ने

अच्छे भाव मिलने से किसानों में उत्साह

पहले दिन उपज के अच्छे दाम मिलने से किसान उत्साहित नजर आए। किसानों ने कहा कि दीपावली की छुट्टियों के बाद शुभ मुहूर्त में अच्छी शुरूआत हुई है। उन्हें आने वाले दिनों में भी अच्छे भाव मिलने की उम्मीद है। व्यापारियों ने भी उपज की गुणवत्ता के अनुसार उचित दाम देने का भरोसा दिलाया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री राजेन्द्र पिता पोखरलाल निवासी ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के संयुका भूनिस्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित मूल भूमि सर्वे क्र. 147 रकबा 0.324 हे. है। उक्त भूमि में मेरे पक्षकार का तथा अन्य सहस्वानियों का नाम वर्ष 2005-08 के कम्युटरीकृत खसरा अभिलेख में त्रुटि कर हटा दिया गया था एवं वर्ष 2023-24 में उक्त भूमि पर हीरालाल का नाम उनकी पात्रता से अधिक भूमि पर कर दिया गया एवं अन्य सहस्वामियों लीलाबाई, गोविन्द जाट, उम। जाट, गोपाल, भूरी बाई का भी उक्त भूमि पर उनकी पात्रता से अधिक भूमि पर कर दिया गया था। जिसका फायदा उठाकर इनके द्वारा उक्त भूमि भूमि के सर्वे क्र. 147/1/2 रकबा 0.0७० हे० को दीपेश जाट पिता भगतसिंह जाट विक्रय कर दी गई। दीपेश जाट द्वारा उक्त भूमि नीलेश जयसिंघानी को विक्रय करना बता दिया गया। जबकि दीपेश जाट एवं नीलेश जयसिंघानी उक्त भूमि के स्वामी नहीं है। अब ये लोग एवं अन्य सहस्वामी उक्त भूमि के मूल सर्वे क्रमांक के बर्टांकित सबै क्रमांकों अपनी भूमि बताकर विक्रय करने के प्रयास में है जिसका उनको कोई अधिकार नहीं है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय अनु विभागीय अधिकारी महोदय उज्जैन नगर के समक्ष भू अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु कार्यवाही आरंभ कर दी गई है। मेरे पक्षकार उक्त भूमि के संबंध में सिविल न्यायालय में भी कार्यवाही कर रहे हैं।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमियों को कोई भी व्यक्ति, क्रय, विश्य अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियों व परिणामों का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन देन विलेख शुन्यवत होगा सो सूचित हो

राजपालसिंह बैस
बी.एससी. एल.एल.एम हायकोर्ट एडव्होकेट
समय-सुबह 9 से 10 शाम 6 से 8
कार्यालय 25 ए. मोहन नगर आगर रोड उज्जैन (म.प्र.)
मोबाईल: 099074-03536

सार्वजनिक सूचना (आम सूचना)

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रघुवीरसिंह यादव, आत्मज श्री चुन्नीलाल यादव, निवासीः मकान क्र. 32-33 (पुराना क्रमांक 163), यंत्रमहल मार्ग क्रमांक 1, गली क्रमांक 4, वार्ड क्रमांक 43, संतराम सिंधी कालोनी, उज्जैन (म.प्र.) की पैतृक एवं अविभाजित संपत्ति ₹रघुवीर भवन₹ (नया क्रमांक 32 व 33, पुराना क्रमांक 163), जो कि संतराम सिंधी कालोनी, मुख्य मार्ग, उज्जैन में स्थित है, मेरे पक्षकार के दादाजी स्व. श्री शोभाराम जी यादव द्वारा निर्मित कराई गई थी।

उक्त संपूर्ण पैतृक भवन एवं उसके भूतल पर स्थित दुकानों में मेरे पक्षकार का वैधानिक स्वत्व, बराबर का हिस्सा तथा निरंतर भौतिक आधिपत्य है। मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि परिवार के ही श्री दीपक यादव (आत्मज श्री चुन्नीलाल यादव) व अन्य व्यक्ति उक्त पैतृक संपत्ति व दुकान को हड़पने की नीयत से फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रहे हैं तथा मेरे पक्षकार को अवैध रूप से बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं।

अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण, बैंक, वित्तीय संस्थाओं एवं शासकीय/अर्धशासकीय विभागों को सचेत किया जाता है कि उक्त पैतृक संपत्ति ₹रघुवीर भवन₹ (नया क्र. 32-33, पुराना क्र. 163, सिंधी कालोनी, उज्जैन) या उसके किसी भी भाग के संबंध में श्री दीपक यादव या किसी अन्य व्यक्ति से किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, दान, गिरवी, किरायेदारी, अनुबंध या अन्य कोई भी संव्यवहार (लेन-देन) मेरे पक्षकार की लिखित सहमति के बिना न करें। यदि कोई व्यक्ति या संस्था ऐसा कोई व्यवहार करता है, तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा पूर्णतः शून्य व अवैध माना जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं व्यवहारकर्ता की होगी।

दिनांकः-12/11/2026 स्थानः उज्जैन (म.प्र.)

शैलेश परमार एडवोकेट
हाईकोर्ट एडवोकेट एवं भारत सरकार द्वारा अधिकृत नोटरी
ऑफिसः एम.आई.जी. एफ-2/9ए (MIG F-2/9A), जवाहर नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) मो. नं.: 98934-43124

स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में नंबर-1:50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों पहले नंबर पर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

स्वच्छता सर्वेक्षण में देवास ने 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में पहला स्थान हासिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में शहर को सम्मानित किया।

महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल और निगमायुक्त दलीप कुमार ने सम्मान लिया। घर-घर कचरा उठाने, गीला-सूखा कचरा अलग करने, सफाई मित्रों की मेहनत और लोगों की भागीदारी से यह उपलब्धि मिली।

700 सफाई मित्र, 50 से ज्यादा वाहन

महापौर ने कहा- यह देवास के लोगों का सम्मान है। लोगों ने कचरा अलग करने, 3-आर मॉडल और घर-घर कचरा उठाने की व्यवस्था अपनाई। सभापति रवि जैन ने कहा कि ओडीएफ प्लस-प्लस और वॉटर प्लस के बाद पहला स्थान टीम के साथ काम करने का नतीजा है।

निगमायुक्त दलीप कुमार ने बताया कि कचरे का सही निपटान, शौचालयों की बेहतर व्यवस्था, सफाई मित्रों को पीपीई किट, स्वास्थ्य जांच और प्रशिक्षण दिया गया। पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और साफ किए गए पानी का दोबारा उपयोग भी किया गया। स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम, रैलियां और नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जोड़ा गया।



रोज निकलता है 110 टन कचरा

देवास के 45 वार्डों में 50 से ज्यादा वाहन घरों से कचरा उठाते हैं। 700 से ज्यादा सफाई मित्र सफाई संभालते हैं। रोज करीब 110 टन कचरा निकलता है। इसमें 65 टन गीला और 45 टन सूखा कचरा होता है।

पहले भी मिल चुका है पहला स्थान

देवास को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों में पहला स्थान मिला था। शहर को फाइव स्टार गार्बेज फ्री सिटी का दर्जा भी मिल चुका है। 3 दिसंबर 2022 को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी देवास 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में पहले स्थान पर रहा था।

गीले कचरे से खाद बनती है। सूखे कचरे व प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल के लिए भेजा जाता है। बैकलेन की सफाई पर भी ध्यान दिया गया।

गुना में धूमधा से मनेगा राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस

गुना। भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पूरे देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश और गुना जिले में भी धूमधाम से मनाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने प्रेस वार्ता में कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। सिकरवार ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ जनजाति समाज के लिए ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में भगवान बिरसा मुंडा जी को याद करने के साथ-साथ क्षेत्र के उन महापुरुषों को भी याद किया जाएगा, जिनकी जयंती या पुण्यतिथि पूरे साल में आती है। पूरा आयोजन जनजाति अस्मिता, जनजाति पहचान, लोक कला-संस्कृति और समग्र विकास पर केंद्रित होगा। आगे उन्होंने कहा कि अगर हम अपने महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास को युवा पीढ़ी के सामने ठीक से नहीं रख पाएंगे, तो यह इतिहास सिर्फ फाइलों और अखबारों तक सीमित रह जाएगा। इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने सतत प्रयास किया है कि जनजाति महापुरुषों के साथ-साथ देश के अन्य महापुरुषों को भी इतिहास के पन्नों पर उकेर कर समाज और देश के सामने लाया जाए।

सोयाबीन की फसल लेकर आए किसान का किया सम्मान

बडौद। आज गुरुवार को कृषि उपज मंडी में दीपावली के बाद मुहूर्त के सौदे में बैलगाड़ी से सोयाबीन की फसल लेकर आए किसान की फसल की नीलामी कर किसान कन्हैयालाल ग्राम बिलिया की फसल 8001रुपए क्विंटल के भाव बिकी जो पीयूष ट्रेडर्स ने खरीदी और किसान का साफा बांधकर कर माला पहनकर व्यापारी समिति अध्यक्ष कैलाश जैन, मंडी सचिव रामचंद्र भास्करे एवं किसान संघ ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना और मंडी समिति के समस्त सदस्य, कर्मचारी और किसान उपस्थित थे।

भारत में हुई शादी के लिए विदेशी तलाक अमान्य

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों और विदेशी अदालतों से लिए जाने वाले तलाक के मामलों पर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि शादी भारत में हुई है तो विदेश के उदार कानूनों का सहारा लेकर वहां की अदालत से तलाक लेने मात्र से भारतीय कानून के अनुसार शादी समाप्त नहीं हो जाती। यदि कोई व्यक्ति ऐसे तलाक के आधार पर दूसरी शादी करता है, तो उस पर बिगैमी (पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने) का आपराधिक मुकदमा चल सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि कई पुरुष अपनी पत्नियों की असहमति के बाद भी शादी के पूरी तरह टूट जाने का हवाला देकर विदेशी अदालतों से तलाक ले लेते हैं और फिर दूसरी शादी कर लेते हैं।

कच्चे तेल की कीमते गिरने से डॉलर की मांग घटी

नई दिल्ली। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 33 पैसा कमजोर हुआ और यह 94.04 के स्तर पर बंद हुआ लेकिन रुपया की असल तस्वीर यह नहीं है। दो महीने पहले डॉलर के मुकाबले रुपये जब 96-97 के स्तर को छू रहा था तो इसके शतक (100 के स्तर के पार) लगाने की आशंका जताई जा रही थी। अब तस्वीर बदल गई है।आज की गिरावट को भी जोड़ दिया जाए तब भी यह पिछले दो महीने में करीब 2.25 रुपये रुपये मजबूत हो चुका है। अक्टूबर की शुरुआत में यह 96 के आसपास था, जबकि अब एक दिन पहले सात महीनों के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गया था।

पीएम मोदी ने दिवाली और नूतन वर्ष की शुभकामाएं दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा को दिवाली और गुजराती नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक वीडियो के जवाब में यह संदेश दिया, जिसमें कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों के बारे में बहुत आत्मीयता से बात की थी।पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सैम भाई और अंजना बेन आपको दिवाली और नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला साल आपके लिए सुखद और स्वस्थ रहे, यही कामना है। जय जगन्नाथ! प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट साझा की, जिसमें पित्रोदा ने उनके व्यक्तिगत संबंधों का जिक्र किया था। इस वीडियो में कांग्रेस नेता ने मोदी को अपना गुजराती दोस्त बताया।

हमलावर अभी तक पकड़ा नहीं गया, पुलिस की कार्रवाई जारी

वाशिंगटन। अमेरिका में वाशिंगटन डीसी के लोगन सर्कल इलाके में पांच लोगों को गोली मार दी गई। इस घटना के बाद व्हाइट हाउस से लगभग एक मील उत्तर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस प्रवक्ता निकोल डीनर ने बताया कि हमलावर को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है और गोलीबारी की सटीक जगह की अभी भी स्पष्ट नहीं है। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, पुलिस इस इलाके में कई जगहों पर कार्रवाई कर रही थी, जिसमें 15वीं स्ट्रीट का 1500वां ब्लॉक भी शामिल है। यहां अधिकारियों ने दुकानों, एक चर्च और रिहयशी इमारतों की घेराबंदी की। मेट्रोपॉलिटन पुलिस डिपार्टमेंट ने लोगों से इस इलाके से दूर रहने की अपील की, जबकि पुलिस अधिकारी घटना स्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने अभी तक उन पांच पीड़ितों की पहचान या उनकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। साथ ही, यह भी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें ठीक कहां गोली मारी गई या इस हिंसा की वजह क्या थी। यह गोलीबारी 15 वीं और क स्ट्रीट के चौराहे के पास हुई।

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

स्वामित्व योजना, नरवाई प्रबंधन, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

दैनिक अवन्तिका ›› गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वामित्व योजना, नरवाई जलाने पर रोक, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, सीएम हेल्पलाइन, पेंशन प्रकरणों सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं आमजन की समस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामित्व योजना के लक्ष्यों को समय-सीमा में करें पूरा- कलेक्टर श्री कन्याल ने स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि तहसीलदार एवं पटवारियों को आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य कर निर्धारित समय-सीमा में प्रगति सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम योजना के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।



नरवाई जलाने की घटनाओं पर करें नियमानुसार कार्रवाई- कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि जहां नरवाई जलाए जाने की पुष्टि हो, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सभी एसडीएम फील्ड में जाकर स्थिति की निगरानी करें तथा संबंधित प्रकरण तैयार कर जुर्माने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों को नरवाई नहीं जलाने के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्धारित समय-सीमा से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। निराकरण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए तथा संबंधित अधिकारी नियमित रूप से लंबित शिकायतों की प्रगति की समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना- बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आगामी 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ग्यारस के अवसर पर प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी भी दी गई। आयोजन के लिए 01 नवंबर 2026 से संबंधित जनपद पंचायतों, नगरपालिका एवं नगर परिषदों के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। योजना का लाभ लेने के लिए कन्या एवं उसके अभिभावक का गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार से संबंधित होना आवश्यक है। इसके साथ ही हितग्राही का बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। इच्छुक पात्र हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित जनपद पंचायत, नगरपालिका अथवा नगर परिषद कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना के तहत सामूहिक विवाह में शामिल होने वाली प्रत्येक पात्र वधू को 49 हजार रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। शेष 6 हजार रुपये सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन एवं व्यवस्थाओं पर व्यय करने के लिए जिला स्तर से प्रदाय किए जाएंगे। हितग्राहियों को आवेदन के साथ बीपीएल पोर्टल पर जानकारी का सत्यापन एवं बैंक खाते से संबंधित विवरण सही होना सुनिश्चित करना होगा।

यात्रा में शामिल हुए प्रदेश के कई जिलों के नेता और जनप्रतिनिधि



गुना/आरोन। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का प्रथम चरण दीपावली से पूर्व राघोगढ़ में संपन्न हुआ। यात्रा का द्वितीय चरण बुधवार को पुन: राघोगढ़ से प्रारंभ हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। इस दौरान राघोगढ़ में विशाल आमसभा का आयोजन भी किया गया।

इसके पश्चात बुधवार रात्रि ग्रामों के बीच होकर यात्रा का आगमन आरोन नगर में हुआ। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही दीपावली जैसा उत्साह देखने को मिला। नगर के प्रथम प्रवेश द्वार पर 1100 दीपक प्रज्वलित कर यात्रा का भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। इसके बाद नगर में झिलमिलाती रोशनी के बीच जगह-जगह विभिन्न समाजों एवं संगठनों द्वारा पुष्पमालाओं और आतिशबाजी स्वागत के साथ यात्रा का अभिनंदन किया गया। अंबेडकर पार्क पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद विभिन्न स्वागत स्थलों से होते हुए यात्रा श्रीदास हनुमान मंदिर पहुंची, जहां चल रही रामधुन में दिग्विजय सिंह सम्मिलित हुए। रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार को यात्रा पुन: आगे के लिए रवाना हुई। गुरुवार को यात्रा संकादिक आश्रम से जनपद चौराहा, मुख्य बाजार होते हुए हनुमान चौराहे के समीप पहुंची, जहां नगर परिषद द्वारा निर्मित आश्रय भवन का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात यात्रा सिरोंज रोड स्थित गोंड मोहल्ला होते हुए ग्राम सोबत की ओर रवाना हुई। यात्रा का आगामी रात्रि विश्राम अशोकनगर रोड पर निर्धारित ग्राम सोबत में है। पूरे आयोजन के दौरान आरोन नगर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। जगह-जगह विभिन्न समाजों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत-सत्कार कर यात्रा के प्रति अपना सम्मान और सहभागिता प्रदर्शित की। दीपों की रोशनी और स्वागत के उत्साह ने नगर का वातावरण दीपावली मय बना दिया।

त्योहारी भीड़ में यात्रियों का सहारा बने एनएफआर स्काउट्स एवं गाइड्स

मालीगांव/गुवाहाटी। दीवाली और छठ पूजा की तैयारियों के बीच पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने कामाख्या रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को और मजबूत किया है। एनएफआर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवक रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और वाणिज्य कर्मचारियों के साथ मिलकर प्लेटफॉर्मों पर मोर्चा संभाल रहे हैं।

त्योहारों की भारी भीड़ के दौरान, ये स्वयंसेवक कोच के दरवाजों के पास कतारें लगवा रहे हैं ताकि यात्रियों को सुरक्षित रूप से ट्रेन में चढ़ने और उतरने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इसके अलावा, लंबी दूरी के यात्रियों और तीर्थयात्रियों के बीच नि:शुल्क पेयजल का वितरण भी किया जा रहा है। यह विशेष पहल एनएफआर के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के मार्गदर्शन में आयोजित की गई है।

यात्री सुविधा और भीड़ प्रबंधन के अन्य उपाय

यात्रियों की सहूलियत के लिए विभिन्न स्टेशनों से फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं और मौजूदा ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर वेदरप्रूफ होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं ताकि यात्री प्लेटफॉर्म पहुँचने से पहले आराम से प्रतीक्षा कर सकें। टिकट खरीदारी को आसान बनाने के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं और ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीनें चालू की गई हैं। छठ पूजा के विशेष अवसर पर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों का स्वागत पारंपरिक छठ गीत के साथ किया जा रहा है।

हरिहर मिलन 22 को, कार्तिक- अगहन की पांच परंपरागत सवारियां निकलेंगी



उज्जैन। भगवान श्री महाकालेश्वर की परंपरानुसार कार्तिक एवं अगहन (मार्गशीर्ष) माह में पांच सवारियां निकलेंगी। इस दौरान भगवान श्री महाकालेश्वर , चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में रजत पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे तथा मार्ग में उपस्थित श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इसी क्रम में 22 नवंबर को रात्रि 11 बजे हरिहर मिलन सवारी निकलेगी।

परंपरानुसार रविवार, 22 नवम्बर 2026 को रात्रि 11 बजे भगवान श्री महाकालेश्वर जी की हरिहर मिलन सवारी निकाली जाएगी। इस अवसर पर भगवान श्री महाकालेश्वर मनमहेश स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इसके अगले दिन सोमवार, 23 नवम्बर को कार्तिक माह की द्वितीय सवारी निकाली जाएगी। 16 से शुरू होगा सवारियों का क्रम- प्रथम सवारी-सोमवार, 16 नवम्बर 2026 द्वितीय सवारी-सोमवार, 23 नवम्बर 2026, तृतीय सवारी- सोमवार, 30 नवम्बर 2026- चतुर्थ सवारी (राजसी सवारी)-सोमवार, 07 दिसम्बर 2026।

दो दिन लगातार सवारी- 22 नवंबर को हरिहर मिलन की सवारी रात्रि में निकलेगी एवं 23 नवम्बर को अपरांह में मंदिर से भगवान की सवारी निकलेगी। लगातार दो दिन भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारियां निकलने के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

कैंसर पीड़ित पत्नी की याद आई तो हाइजैक मैसेज लिखा

कोलकाता। कोलकाता में कैंसर से जूझ रहा एक शख्स विदेश में नौकरी करने के लिए फ्लाइट में बैठा, लेकिन कुछ देर बाद उसका मन बदल गया। उसे ख्याल आया कि कैंसर से जूझ रही पत्नी को अकेला छोड़कर वह विदेश कैसे जा सकता है। इसके बाद उसने फ्लाइट के टॉयलेट में जाकर लिपस्टिक से एक नोट लिख दिया- प्लेन हाईजैक होगा। इस धमकी के बाद अफरा-तफरी मच गई। विमान को सुरक्षित जगह ले जाया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी और फ्लाइट को 7 घंटे से ज्यादा समय तक उड़ान भरने से रोक दिया। मामला बुधवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट का है। आरोपी की पहचान 56 साल के पार्थ प्रतिम नंदी के रूप में हुई है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी दिलीप पिता श्री मांगीलाल जी आयु 65 वर्ष व्यवसाय-व्यापार निवासी-01, ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-416/2 रकबा 0.680 हेक्टयर में से रकबा 0.380 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-416/1 रकबा 1.730 हेक्टयर में से रकबा 0.320 हेक्टयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.700 हेक्टयर तथा क्रय अनुबंध के आधार पर दिलीप पिता श्री मांगीलाल जी निवासी-01, ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके द्वारा मूल भूमि स्वामी से क्रय अनुबंधित कृषि भूमि भूमि सर्वे नम्बर-416/1 रकबा 1.730 हेक्टयर में से रकबा 0-180 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-416/2 रकबा 0.680 हेक्टयर में से रकबा 0.300 हेक्टयर, सर्वे नम्बर-417/1 रकबा 0.070 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-117/2 रकबा 0.250 हेक्टयर में से रकबा 0.1250 हेक्टयर कुल किता 4 कुल रकबा 0.6750 हेक्टयर, इसी प्रकार कुल रकबा 1.3750 हेक्टयर अर्थात 5.5 बीघा भूमि स्थित ग्राम छज्जूखेड़ी तहसील झारड़ा जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-28 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-12.11.2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. - बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन
मो. 9993079516-9425094349

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती शानू पति श्री अविन्द्र भटनागर द्वारा DEEPA DEVELOPERS उज्जैन से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 24 व 25, जो की, श्री लक्ष्मीपति पदमा कालोनी, ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन में ग्राम पंचायत सीमा के अन्दर स्थित हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य वहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 12-11-2026

सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट
ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो. 96177-77776

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य की एक संपत्ति 120/1. पंडित मदनलाल शर्मा मार्ग, गौपाल मंदिर मार्ग, उज्जैन पर स्थित है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में वर्तमान में न्यायालय माननीय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय वरि खण्ड उज्जैन के समक्ष एक प्रकरण विचाराधीन है जिसका प्र.क्र. आरसीएसए 78/2024 है तथा उक्त प्रकरण शारदा भट्ट विरूद्ध नारायण भट्ट आदि उनवानी का होकर उक्त प्रकरण में दिनांक 14.11.2026 तारीख / पेशी नियत है। मेरे पक्षकारगणों को ज्ञात हुआ है कि नारायण भट्ट पिता स्व. रामकिशन भट्ट तथा जगदीश भट्ट पिता रामकृष्ण भट्ट के द्वारा भवन क्र. 120/1 को स्वयं का बताकर उस पर निर्माण कार्य करने का प्रयत्न किया जा रहा है तथा मेरे पक्षकारगणों की संपत्ति को अपना बताकर उसे विक्रय करने एवं किराये पर देने का प्रयास भी किया जा रहा है जिसका कोई वैधानिक अधिकार उपरोक्त वर्णित दोनों व्यक्तियों को नहीं है। इस संबंध में मेरी पक्षकार ने पुलिस थाने में तथा नगर पालिका निगम, उज्जैन में शिकायती आवेदन पत्र भी प्रस्तुत किया है ऐसी दशा में कोई भी व्यक्ति नारायण भट्ट पिता रामकृष्ण भटट तथा जगदीश भट्ट पिता रामकृष्ण भट्ट से संपत्ति क्र. 120/1, पंडित मदनलाल शर्मा मार्ग, गोपाल मंदिर मार्ग, उज्जैन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार ना करे, न किराये पर प्राप्त करें और ना ही किसी भी प्रकार का कोई अंतरण कर भारग्रस्त करे। यदि किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा उपरोक्त वर्णित दोनों व्यक्तियों से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया तो वह इस जाहिर सूचना के मुकाबले शून्य होकर मेरे पक्षकारगणों पर बंधनकारक नहीं होगा तथा उसके परिणामों के लिये वह स्वयं जिम्मेदार व जवाबदार होगा।

सूचित हो। दिनांक-12-11-2026

चेतन नाईक एडवोकेट
पता-1, दीप ज्योति, धनवंतरी मार्ग, गली क्र. 03, गुरुद्वारे के पीछे फ्रीगंज, उज्जैन मो. 90745-74503

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा नरेन्द्र सिंह पंवार पिता श्री विक्रम सिंह पंवार, निवासी- ग्राम पिपलिया बीछा तहसील व उज्जैन (म.प्र.) एवं डूंगर सिंह राजपूत पिता श्री खरारी शरण, निवासी- ए-120, खण्डेलवाल नगर, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1482/1 रकबा 0.67 हेक्टर में से पश्चिम तरफ की रकबा 0.19 हेक्टर जो कि अनुबंधित भूमि हैं, जो कि ग्राम उज्जैनिया तहसील घटिया जिला उज्जैन में रोड़ पर स्थित हैं। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी / अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 12-11-2026

सौरभ जैन, (चौरडिया) एडव्होकेट
ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 96177-77776

न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, जिला उज्जैन

विशाला भवन भरतपुरी तीसरी मंजिल देवास रोड उज्जैन

(समक्ष-अरूण कुमार मिश्रा, उप पंजीयक)

आव्हान-पत्र

प्र.क्र. DR/UJN//64/2025-26/00012
पंजीयन दिनांक- 21.01.2026

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. निपानिया गोयल, शाखा घटिया द्वारा - समिति प्रबंधक.....वादी

विरूद्ध

4. चन्द्रेश जोशी (मृतक) वारिसान:
4 (अ) श्रीमती कविता जोशी पति स्व. श्री चन्द्रेश जोशी
4 (ब) श्री विक्रम जोशी पिता स्व. श्री चन्द्रेश जोशी
4 (स) श्री गौतम जोशी पिता स्व. श्री चन्द्रेश जोशी
पता-सभी निवासीगण 46/1 केवलजी मंगलजी मार्ग बुरहानपुर (म.प्र.) .....**प्रतिवादी क्र. 04 फोत के वारिसान**

विषय: आवेदन पत्र धारा 64 के अंतर्गत राशि रू. 4,67,48,187.00 की वसूली बाबत ।

वादी ने आपके विरूद्ध उपरोक्त उल्लेखित राशि की वसूली हेतु म.प्र. सहकारी संस्थाएँ अधिनियम 1960 की धारा 64 के अंतर्गत इस न्यायालय में वाद पेश किया है। वादी के द्वारा मृतक के वैध वारिसान कायमी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 24.08.2026 अधीन आदेश 22 नियम 4 सीपीसी व धारा 151 सी.पी.सी. के तहत प्रस्तुत किया है। अत: आपको उक्त राशि मय दण्ड ब्याज वसूली के प्रकरण में पक्षकार बनाये जाने संबंधी आवेदन पत्र पर सुनवाई के लिये यदि कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक 19.11.2026 को मय प्रमाण/दस्तावेज के न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, भरतपुरी देवास रोड उज्जैन में दिन के 2.00 बजे उपस्थित होवे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी। किया गया। यह आव्हान पत्र आज दिनांक 04.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एच न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी

संलग्न - 1 आवेदन की नकल

उप पंजीयक
सहकारी संस्थाएँ, जिला उज्जैन

न्यूज-कॉलम

श्री जफर नीमच के उप-संचालक (अभि योजन) पदस्थ हुए



नीमच। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा बताया गया कि अभियोजन संचाल नालय, भोपाल द्वारा अभियोजन अधिकारियों की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई हैं, जिसमें श्री मोहम्मद जफर को सहायक निदेशक (अभियोजन) के पद से पदोन्नत करके उप-संचालक (अभियोजन) के पद पर पदोन्नत किया गया हैं तथा उनकी पद स्थापनाउप-संचालक (अभियोजन), जिला नीमच में की गई हैं। नवागत उप-संचालक (अभियोजन) श्री मोहम्मद जफर ने गत दिनों नीमच अभियोजन कार्यालय में पदभार ग्रहण किया, इस अवसर पर जिला अभियोजन संचालनालय, नीमच में पदस्थ सभी अभियोजन अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा श्री मोहम्मद जफर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

पेंशनर महासंघ का दीपावली मिलन समारोह आज

मन्दसौर। मंदसौर नगर में निवास करने वाले सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ के सभी सदस्यों के लिए आज दिनांक 13 नवंबर 2026, गुरुवार को दोपहर 3 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केन्द्र मंदसौर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संगठन का दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर की पूर्व बैठक में लिए गए सर्वसम्मति के निर्णय के अनुसार सभी बन्धु अपने घर पर बनी विशेष मिठाई या नमकीन भी थोड़ी-थोड़ी साथ लेकर आए हैं ताकि स्नेह मिलन और आत्मीयता का यह अवसर और अधिक प्रगाढ़ हो सके, साथ ही इस कार्यक्रम में सभी सदस्य अपने भजन व गीत भी प्रस्तुत कर रहे हैं।

द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 15 नवम्बर को

मंदसौर । स्थानीय स्नेह नगर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में महिला भक्त मित्र मंडल समिति के तत्वावधान में आगामी 15 नवंबर, रविवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 8वां अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह एक भव्य महाआरती के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति की मीडिया प्रभारी किरण शर्मा ने जानकारी दी कि समिति की अध्यक्ष नीलम शर्मा की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी बैठक में इस आयोजन की रूपरेखा तय कर ली गई है जिसके तहत समारोह के दौरान महादेव के आशीर्वाद स्वरूप सभी भक्तजनों को ससम्मान चार पूड़ी, मिक्स सब्जी और मिठाई की प्रसादी वितरित की जाएगी। इस पूरे आयोजन में प्रसादी वितरण की कमान महिला भक्त मित्र मंडल की सदस्याएं संभालेंगी जो विशेष पहचान के रूप में एक ही रंग की नारंगी साड़ी और विशेष बैच धारण कर अपनी सेवाएं देंगी।

मोबाइल हैककर युवक के खाते से 73 हजार रुपये निकाले

मंदसौर। जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र में अज्ञात आरोपी ने एक युवक का मोबाइल हैक कर उसके खाते से 73 हजार रू. निकाल लिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुवासरा थाने पर फरियादी पंकज (27) पिता भगवानलाल निवासी लाववा थाना सुवासरा ने रिपोर्ट की है कि अज्ञात आरोपी ने टीवी वन एक के माध्यम से फरियादी का मोबाइल हैक कर उसके खाते से 73 हजार रू. निकाल लिये है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया।

80 वर्षीय बुजुर्ग से घर में घुसकर मारपीट

खंडवा। पिपलोद थाना क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ में 80 वर्षीय अनोखीलाल मोरे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी के अनुसार आरोपी अजय बारे घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

रतलाम पुलिस की बड़ी सफलता: 27 लाख का चोरी हुआ ट्रक 24 घंटे में हरियाणा से बरामद

ट्रक छोड़ भागे आरोपी, अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम,



थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा पुलिस ने मुस्तैदी और अंतरराज्यीय समन्वय का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए चोरी गया 27 लाख रुपये की कीमत का आयशर ट्रक 24 घंटे के भीतर हरियाणा से बरामद कर लिया है।

पुलिस से मेरी जानकारी के अनुसार ग्राम भूतेड़ा निवासी फरियादी अंकलेश्वर 22 पिता प्रभुलाल भील का आयशर ट्रक अनुमानित कीमत 27 लाख) अज्ञात बदमाश चुरा ले गए थे। दो दिन पूर्व सोमवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने ऐसे बिछाया जाल

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी रतलाम अमित कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी सुमित मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज और वाहन ट्रैकिंग सिस्टम की मदद ली। जांच में पता चला कि आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले ट्रक को मुंबई की तरफ ले गए और फिर तड़के लगभग ३ बजे दिल्ली की ओर मुड़ गए।

एक्सप्रेस-वे पर ट्रक डिटेक्ट होते ही रतलाम पुलिस की टीम तुरंत रवाना हुई और आगे के पुलिस थानों को अलर्ट भेजा।

हरियाणा पुलिस के सहयोग से मिली सफलता

रतलाम पुलिस ने हरियाणा के जिला नूंह स्थित चौकी जयसिंह पुरा पुलिस से संपर्क साधा। सूचना मिली कि कलिंजरा टोल के पास तकनीकी खराबी के कारण बदमाश ट्रक छोड़कर फरार हो गए। जयसिंहपुरा पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लावारिस हालत में खड़े ट्रक को जब्त कर लिया। रतलाम पुलिस और नूंह पुलिस के बेहतर तालमेल से 24 घंटे के भीतर पूरा मशरूका बरामद कर लिया गया। फिलहाल अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

इस त्वरित कार्रवाई में जावरा थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित मिश्रा, उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा, प्रधान आरक्षक बालकृष्ण चंदेल, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह तथा नूंह (हरियाणा) की जयसिंहपुरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बलवीर सिंह एवं सहायक उप निरीक्षक शमीम की मुख्य भूमिका रही।

दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया दीपावली मिलन समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



नगर में योग की अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा गुरुवार की प्रातःकाल की शुभ बेला में योग भवन परिसर में साधकों का दीपावली मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर योग गुरू सुरेन्द्र जैन ने कहा कि दिवाली का पर्व केवल प्रकाश का नहीं बल्कि आत्म निरीक्षण का भी पर्व है, यदि दैनिक जीवन में योग रूपी दीप प्रज्जवलित कर साधना की जाए तो सभी स्वस्थ और निरोगी रहकर सुखमय जीवन प्राप्त कर सकते हैं।

डाइट प्राचार्य डॉ. प्रमोद सेठिया ने पाँच दिवसीय दीपोत्सव के विस्तार से महत्व और उनके वैज्ञानिक कारणों पर प्रकाश डालते हुए इन्हें जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी, जबकि सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, एल्डरमेन पं. अरूण शर्मा, योग शिक्षक विजय पलोड़, धरमदास संगतानी, भगवानदास कोठारी, राजेन्द्र चास्टा और जया सेवानी आदि ने भी दीपावली पर्व के आध्यात्मिक व सामाजिक पहलुओं पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के दौरान नीलम जैसवानी, प्रीति जैन, कृष्णा मण्डलोई और प्रियंका मिण्डा ने संयुक्त रूप से मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी, जिसकी शुरूआत श्ऊँश की ध्वनि व गायत्री मंत्र के साथ हुई थी। समारोह का संचालन संस्था उपाध्यक्ष जितेश फरक्या ने किया तथा आभार संस्था सचिव लोकेन्द्र जैन ने माना। जिसमें संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, सोरभ जैन, कैलाश रिछावरा, दिनेश पारिख, सुमन रावल, ललित जैन, महेश सेठिया, साधना जैन, सुनीता सेठिया, जापानी भावनानी, आनन्द कश्यप, शांकी कश्यप, अनिल कोठारी, सुभाष पाटीदार, संध्या शर्मा, पीहू पुनवानी, विष्णु डाबर आदि उपस्थित थे।



पोथी यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का शुभारंभ

मंदसौर । जीवागंज स्थित श्री जगदीश विलास के सभागार में श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज महिला मंडल के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसकी शुरूआत से पूर्व जगदीश मंदिर से पोथी यात्रा निकाली गई। कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पं. डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी मुंबई ने प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायंकाल 5.30 बजे तक चलने वाले कथा प्रवचन के तहत श्रीमद् भागवत कथा का महात्म्य विस्तार से बताया। इस धार्मिक आयोजन में समाज की महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, संरक्षक राजश्री शर्मा, सचिव कुसुम उपाध्याय, उपाध्यक्ष मंजु शर्मा, इन्दिरा जोशी, किरण शर्मा, मीनाक्षी पुराणिक, कांता शर्मा, स्मिता उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सरिता उपाध्याय सहित विजय लक्ष्मी पंचारिया, अर्चना राजोरा, तरुणा शर्मा, सुषमा द्विवेदी, कुसुम तिवारी, प्रतिभा भट्ट, चंदा चाष्टा, गोपाल भट्ट, राजेंद्र चाष्टा, प्रद्युम्न शर्मा, नंद किशोर शर्मा, प्रहलाद शर्मा पेंटर, पं. गोपाल पंचारिया, सत्यनारायण पंचारिया, भेरूलाल शर्मा, ब्रजेश जोशी, राहुल त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



बाल शिक्षा शास्त्री गिजुभाई बधेका की जन्म जयंती पर आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम

मन्दसौर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले गुरूवारीय कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रसिद्ध बाल शिक्षा शास्त्री एवं बाल देवो भवः की संकल्पना देने वाले गिजुभाई बधेका की १४१वीं जन्म जयंती मनाई गई। शुरूआत दीप प्रज्वलन और माँ सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके पश्चात डाइट प्राचार्य प्रमोद कुमार सेठिया ने गिजुभाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन बाल शिक्षा को समर्पित कर दिया और बाल मनोविज्ञान को बारीकी से समझाते हुए शिक्षा के ऐसे सूत्र दिए जो आज भी प्रासंगिक हैं। उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार के कारण बच्चे उन्हें मूंछाडी माँ यानी मूछों वाली माँ कहकर पुकारते थे।इस अवसर पर डी.एल.एड प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक सपन शर्मा और नितेश खराडी द्वारा बनाई गई एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री का लोकार्पण भी हुआ। छात्राध्यापकों ने गिजुभाई की पुस्तक दिवास्वप्न पर आधारित घटनाक्रम का रोल-प्ले प्रस्तुत करने के साथ अपने मनोगत विचार भी प्रकट किए।

नीमच में अन्नकूट पर्व हेतु एक दिन का सराफा बाजार में लगा सब्जी बाजार

अन्नकूट सब्जी खरीदी के लिए उमड़ी भारी भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



दीपावली के एक दिन बाद मनाए जाने वाले पावन पर्व अन्नकूट के अवसर पर नीमच शहर में एक अनूठी परंपरा की रौनक देखने को मिली। शहर के मुख्य व्यापारिक केंद्र कहे जाने वाले घंटाघर के समीप स्थित सराफा बाजार क्षेत्र में अन्नकूट के उपलक्ष्य में एक दिन के लिए विशेष सब्जी बाजार सजाया गया।

अन्नकूट पर्व पर विभिन्न प्रकार की ताजी सब्जियों और पारंपरिक व्यंजनों का विशेष महत्व होता है। इसी परंपरा को निभाते हुए हर साल की तरह इस बार भी सराफा बाजार की तंग गलियों और मुख्य मार्गों पर अस्थाई दुकानें सज गईं। आमतौर पर आभूषणों और कपड़ों के लिए पहचाने जाने वाले इस बाजार में एक दिन के लिए हरी सब्जियों की महक और देखी गई।

सजी हुई दुकानों और ताजी सब्जियों के कारण बाजार में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिली। अन्नकूट के प्रसाद और भोज के लिए आवश्यक सब्जियाँ खरीदने हेतु बड़ी संख्या में शहरवासी घंटाघर क्षेत्र पहुँचे, जिससे पूरे इलाके में खासी चहल-पहल और उत्साह का माहौल बना रहा। यहां से सब्जियों की खरीदी के बाद विभिन्न मंदिरों धार्मिक स्थलों और घर-घर अनापुर का प्रसाद निर्मित हुआ और उसे श्रद्धा और विश्वास के साथ ग्रहण किया।

भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर निकलेगी भाजपा की भव्य कलश यात्रा

मंदसौर । जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश चैहान के नेतृत्व में जनजाति गौरव सप्ताह-2026 के आयोजनों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई जिसमें सप्ताहभर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और इस पूरे कार्यक्रम का जिला प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा घटावदा को बनाया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया था और इसी उपलक्ष्य में 14 से 20 नवंबर तक विविध आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत 14 नवंबर को प्रत्येक विधानसभा में दो स्थानों पर जनजातीय महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं देवस्थलों पर स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन व लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मंदसौर में गांधी चैराहे से जिला भाजपा कार्यालय तक एक भव्य कलश यात्रा एवं जुलूस निकाला जाएगा, 16 व 17 नवंबर को जनजाति छात्रावासों में युवा संपर्क अभियान के तहत विद्यार्थियों से संवाद होगा, तथा 18 से 20 नवंबर के मध्य ग्रामीण क्षेत्रों में जनजाति गौरव चौपाल लगाकर समाज के इतिहास, संस्कृति व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

पुराने विवाद में चार लोगों ने की मारपीट

खंडवा। कोतवाली थाना क्षेत्र की पुरानी मल्टी चीराखदान में पुराने विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी विजय शंकर उर्फ विज्जू बाबा की शिकायत पर पूर्णिमा उर्फ पूनम, चंदू उर्फ अमित सहित चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया है।

नीलगाय का बढ़ता आतंक, कार के सामने अचानक आया रोजड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलियामंडी



क्षेत्र में नीलगाय(रोजड़ो)के लगातार बढ़ते आतंक से किसान,वाहन चालक एवं आमजन काफी परेशान होरहे है ज्ञापन,धरने एवं आंदोलनों के बाद भी शासन, प्रशासन के कानों पर जु तक नही रेंगी है।

गुरुवार दोहपर लगभग 11.30 बजे कुलमीपुरा (राजस्थान) के उदयराम पाटीदार नारायणगढ में शादी की पत्रिकाएं बांटने जारहे थे कि पिपलिया से लुनाहेड़ा फंटे के बीच कार के सामने अचानक नीलगाय के आजाने जबरदस्त टक्कर होगई ओर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होगई गनीमत यह रही कि कार के एयरबैग खुलने से कोई जनहानि नही हुई, नीलगाय भी गम्भीर घायल होगई ओर कुछ समय बाद उसने भी दम तोड़ दिया।इस दौरान नीलगाय कार से टकराकर एक बाइक सवार से भी टकरागई जिससे एम,पी, एम,सी, 1911 भी घायल होगया जिसे एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय मन्दसौर लेजाया गया।

शासन एवं वन विभाग की उदासीनता से रोजड़ो के टकराने से मर लोग जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष किशोर उणियारा भी सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे एवं जिला वन अधिकारी संजय खरखेरे को घटना से अवगत करवाया।शर्मा एवं उणियारा ने कहा कि इस गम्भीर व जानलेवा समस्या के प्रति शासन एवं वन विभाग काफी उदासीनता बरत रहा है यही कारण है कि रोजड़े जहां एक ओर फसलों को रौंद रहे तो दूसरी ओर वाहन चालकों की जान भी ले रहे है।नेताद्वय ने कहा कि कांग्रेस बार बार मांग कर रही कि इन्हें गांधीसागर अभ्यारण्य में छोड़ा जाय लेकिन यह मामला भी ठंडे बस्ते में ही है।शर्मा एवं उणियारा ने कहा कि कांग्रेस शीघ्र ही बड़ा आंदोलन करेगी।

न्यूज कालम



गोवर्धन पूजा पर श्री किलेश्वर महादेव को लगा अन्नकूट का भोग

युवा समाजसेवी अरुल अरोरा के आयोजन मे श्रद्धालुओं ने ली प्रसाद

नीमच। जिले भर के साथ शहर मे गोवर्धन पूजा के अवसर पर मंगलवार को किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में युवा समाजसेवी अरुल अरोरा द्वारा भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान श्री किलेश्वर महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उन्हें अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया। इसके साथ ही महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक निरंतर चलता रहा। मंदिर के पीछे स्थित सुंदर बगीचे में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। अन्नकूट महाप्रसादी ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं का आगमन शाम से ही शुरू हो गया था। उपनगर बघाना, नीमच कैंट, घनेरिया कला, लेवडा, नीमच सिटी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

शार्ट सर्किट से सोफा-कुशन दुकान में आगजनी, दमकल ने पाया काबू

नीमच । शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत टीआईटी कॉलोनी के बाहर नगर पालिका से गोमाबाई मार्ग पर स्थित श्री जी सोफा-कुशन वर्क दुकान श्री जी सोफा-कुशन वर्क में बुधवार रात 9 बजे लगभग अचानक आग लग गई । मिली जानकारी अनुसार शॉर्ट सर्किट के चलते लगी आग ने देखते ही देखते दुकान में रखे सामान जल गया । इस घटना में दुकान का काफी सामान जलने से नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग पर शीघ्र काबू पा लिया गया।आग लगने की घटना के बाद मौके पर लोगों ने दुकान से सामान हटाने में मदद की । फिर भी समय पर दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया और अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। समय पर आग पर नियंत्रण से नुकसान बढ़ने से बच गया।

नीमच व क्षेत्र में पवित्र प्रेम का पर्व 'भाई दूज' मनाया



नीमच। नीमच शहर व आसपास के क्षेत्र में दीपावली के बाद तीसरे दिन आने वाले भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह के प्रतीक पर्व 'भाई दूज' का पर्व नीमच शहर और पूरे क्षेत्र में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तिलक लगाने के पश्चात बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया और भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार व आशीर्वाद प्रदान कर जीवनभर रक्षा करने का संकल्प लिया।घरों में सुबह से उत्साह माहौल देखने को मिला, जहाँ पारंपरिक अनुष्ठानों को पूरे उल्लास के साथ निभाया गया। इस पावन पर्व ने कई परिवार के सदस्यों के बीच आपसी स्नेह और आत्मीयता को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्नेह और उत्साह से भाई दूज पर्व मनाया गया।

नीमा समाज मंदसौर का दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव



मन्दसौर। मंदसौर के पशुपतिनाथ परिसर स्थित द्वारकाधीश मंदिर में नीमा समाज मंदसौर द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव पूरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ जिसका शुभारंभ भगवान द्वारकाधीश जी की भव्य आरती और पूजन के साथ किया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में लोग सपरिवार सम्मिलित हुए तथा उन्होंने भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर महाप्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर नीमा समाज मंदसौर के अध्यक्ष निलेश डोसी ने आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले समाज के समस्त सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता, आपसी सहयोग और सकारात्मक भावना ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और समाज के प्रत्येक सदस्य की सहभागिता इसे और अधिक मजबूत बनाती है। उन्होंने सभी से यह आशा भी व्यक्त की कि भविष्य में भी समाज के सभी सदस्य इसी प्रकार एकजुट होकर सामाजिक गतिविधियों एवं आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान करते रहेंगे जिससे समाज निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

जावरा के पास अनियंत्रित होकर सुरक्षा रेलिंग में घुसी कार

रतलाम। दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर रतलाम जिले के जावरा के समीप बड़ायला चौराहे के पास आज सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गुजरात के बड़ौदा (वडोदरा) से उत्तर प्रदेश के उन्नाव जा रहा एक परिवार इस हादसे का शिकार बन गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए उसमें जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए।

श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में 14 को अन्नकूट

सुसनेर। नगर के प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान मठ मंदिर में 14 नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव क्षेत्र के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल है, जिसमें प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान के दर्शन करते हैं और प्रसादी ग्रहण करते हैं। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां की जा रही हैं। महोत्सव के तहत 13 नवंबर को सुबह 10 बजे हवन एवं शांति अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। वहीं 14 नवंबर को धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत सुबह 7 बजे भगवान के अभिषेक के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल होंगे। इसी क्रम में शाम 4 बजे महाआरती की जाएगी। महाआरती के पश्चात भगवान को अन्नकूट का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

हर्षोल्लास से मनाया भाई दूज पर्व



अकोदिया। शुजालपुर क्षेत्र में भाई बहिन के स्नेह का प्रतीक पावन पर्व हर्ष उल्लास से मनाया। बहिन ने मंगल तिलक लगाकर भाई की आरती उतारी तो भाई ने भेंट देकर चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इसी तारतम्य में वरिष्ठ समाजसेवी तथा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के ब्लाक कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सुशील गेहलोत ने अपनी बहिन श्रीमती मधुकांता नागजी के घर पहुंच कर मंगल तिलक लगवाया और उपहार देकर, चरणस्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रामचंद्र नागजी, आचार्य प्रवीण नागजी, शिक्षक प्रदीप नागजी, कपिल गेहलोत, अयांश गेहलोत सहित अन्य सभी परिवार जन उपस्थित रहें।

दिवाली के बाद शुभ मुहूर्त में मंडी में 8300 रुपये प्रति क्विंटल बिका सोयांबीन



मक्सी। कृषि उपज मंडी समिति मक्सी में दीपावली के बाद गुरुवार, 12 नवंबर को शुभ मुहूर्त में सोयाबीन की खरीदी का शुभारंभ उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर किसान राजेंद्र नागर, निवासी ग्राम झोंकर का सोयाबीन 8300 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से भगवती ट्रेडिंग कंपनी द्वारा खरीदा गया। दीपावली के बाद शुभ मुहूर्त में सोयाबीन को मिले इस अच्छे भाव से मंडी परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंडी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें श्री अजय मालवीय (उपनिरीक्षक), विजेंद्र गुर्जर (सहायक वर्ग-3), दीपक लुवानिया (सहायक वर्ग-3) एवं कर्मचारी चंद्रपाल सिंह तंवर (चौकीदार) शामिल रहे। वहीं भगवती ट्रेडिंग कंपनी के फर्म मालिक महेश जागीरदार, भूमिका इंटरप्राइजेज के मालिक यश राठौर, तुलावटी मुकेश परमार एवं संतोष सहित किसान आनंद मालवीय, चतुर्भुज जलोदिया, शंकर ठाकुर, भगवान ठाकुर (उपड़ी), झोंकर के किसान एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

छोटे खां मेवाती का निधन

सारंगपुर। शेखर चाचा और शम्मी चाचा के बडे भाई समाजसेवी छोटे खां मेवाती का गुरूवार को इंतकाल हो गया है। इस अपूरणीय क्षति से पूरे शहर परिवार में शोक की लहर दौड गई है। उनके नमाज-ए-जनाजा ईशा की नमाज के ठीक बाद अदा की गई। इसके बाद उन्हें स्थानीय कब्रस्तान में सुपूर्दे खाक किया गया। जनाजे के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर साइबर ठगी करने वाला आरोपी असम से गिरफ्तार

2 लाख रुपये नगद बरामद तथा एमआरएम पोर्टल के माध्यम से अतिरिक्त ठगी राशि पीड़ित को वापस कराई

■ माचलपुर पुलिस ने असम पहुंचकर आरोपी को पकड़ा,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता एवं कार्रवाई अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन एवं एसडीओपी खिलचीपुर धर्मवीर सिंह नागर के नेतृत्व में थाना माचलपुर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजगढ़ से सुदूर असम राज्य पहुंचकर साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 2 लाख रु नगद बरामद किए तथा एमआरएम पोर्टल के माध्यम से अतिरिक्त ठगी राशि पीड़ित को वापस कराई। फरियादी घनश्याम वर्मा पिता बापूलाल वर्मा 27 वर्ष ग्राम खेड़ी पोलखेड़ा माचलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी द्वारा टेलीग्राम के माध्यम से निवेश के बदले अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर छलपूर्वक उससे कुल 2,04,320 की राशि जमा कराकर साइबर ठगी की है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 223/2026, धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने असम राज्य पहुंचकर आरोपी अब्दुल रसीद को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 2 लाख रु नगद बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त एमआरएम पोर्टल के माध्यम से ठगी की शेष राशि पीड़ित को वापस कराई।

आरोपी असम से गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी अब्दुल रसीद पिता मोहम्मद अक्कास 30 वर्ष ग्राम अमलासी भटडवा जिला नौगाँव असम से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से नगद 2 लाख रु बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी से साइबर धोखाधड़ी की घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। ठगी की घटना से जुड़े अन्य तथ्यों एवं संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विवेचना जारी है। साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



भैंस एवं पाड़ा चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, 5 लाख 59 हजार रु नकद जप्त

ब्यावरा। राजगढ़ जिले के जीरापुर पुलिस ने ग्राम रामपुरिया से भैंस एवं पाड़ा चोरी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के मामले का खुलासा किया है।फरियादी विष्णु पिता कंवरलाल वर्मा 32 वर्ष ग्राम रामपुरिया जीरापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी भैंस एवं पाड़ा चोरी कर लिया है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 360/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के आधार पर प्रकरण में संलिप्त 03 आरोपी मोहन पिता शंकर बागरी 40 वर्ष ग्राम पिपल्या बिजारेल। अर्जुन पिता रामप्रसाद बागरी 23 वर्ष ग्राम मोड़ी सुसनेर। महेश पिता बालचंद राठौर 28 वर्ष ग्राम गोटड़ा नलखेड़ा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 5 लाख 59 हजार रु नकद एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04 जीए 670 जप्त किया। फोटो ब्यावरा 41

वैश्य महासम्मेलन इकाई ने दीपावली पर किया कंबल वितरण, सेवा का दिया संदेश



सुसनेर। दीपावली के शुभ एवं पावन अवसर पर वैश्य महासम्मेलन इकाई सुसनेर द्वारा सेवा और सहयोग की भावना के साथ कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत पहुंचाना और त्योहार की खुशियां उनके साथ साझा करना रहा। इस सेवा कार्य के आयोजन को लेकर संभाग अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने आगर जिले के प्रदेश मंत्री पंकज अटल से चर्चा की, जिसके बाद सुसनेर नगर में कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक मोदानी, अशोक अटल, अनिल जैन एवं राजेंद्र माहेश्वरी ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए वितरण कार्य को संपन्न कराया। इस अवसर पर सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता दिखाई दी। संगठन के इस प्रयास की सराहना की गई। दीपावली के अवसर पर जरूरतमंदों की मदद कर पर्व की खुशियां साझा करने का संदेश दिया गया।

माँ लक्ष्मी की झांकी ने मनमोहा

ब्रह्माकुमारीज के नए भवन शिव पावन धाम में दीपावली का भव्य दीप उत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



दीपावली के पावन पर्व पर सेवाकेंद्र में दीपावली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। दीपावली का दृश्य बहुत ही सुंदर और आकर्षक था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माँ लक्ष्मी की मनमोहक जीवंत झांकी रही। कमल आसन पर विराजमान लक्ष्मी स्वरूपा कन्या ने सभी को आशीर्वाद दिया। इसके बाद सभी उपस्थित भाई-बहनों का मुकुट एवं पीला चुन्नी पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी ने हाथों में दीप लेकर दीपदान किया। ब्यावरा सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी नगर के गणमान्य नागरिक वरिष्ठ एडवोकेट चन्द्र कान्त त्रिपाठी, वरिष्ठ एडवोकेट गोपाल दास शाक्यवार, रामबगस दांगी, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी आदि सभी अतिथियों ने मां लक्ष्मी की भव्य आरती की।

सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि त्रेतायुग में भगवान श्रीराम 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने घी के दीये जलाकर उनका स्वागत किया था। तब से यह प्रकाश पर्व मनाया जाता है। दीदी ने दीपावली की विशेषताएं बताते हुए कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर दीपावली अंधेरे पर उजाले की जीत का प्रतीक है।

दादा गुरुदेव की छतरी पर गूंजे जयकारे, भक्ति संगीत से भक्ति मय हुआ दादावाडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

नगर के बडाबाग स्थित दादावाडी में श्वेतांबर जैन समाज द्वारा दादा गुरुदेव की छतरी पर श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण, विधि-विधान से पूजन और संगीतमय भक्ति की प्रस्तुतियों के बीच पूरा परिसर दादा गुरुदेव के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाजजन और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। ध्वजारोहण का लाभ वीरेंद्र बरडिया परिवार ने लिया। इसके बाद दादा गुरुदेव की छतरी पर विधि-विधान से पूजन किया गया। कानड से आए संगीतकार अंकित ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। पूजन विधि प्रियंक पारख द्वारा संपन्न कराई गई। मधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और पूरे आयोजन में भक्तिमय माहौल बना रहा। धार्मिक आयोजन के बाद स्वामीवात्सल्य रखा गया। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव की झलक भी दिखाई दी।

नगर के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल बडाबाग दादाबाडी में दादा गुरुदेव के पूजन, संगीतमय भक्ति और स्वामीवात्सल्य आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजनों ने धार्मिक लाभ लिया। जिसमें प्रभावना वितरण का लाभ का यश कुमार अंश कुमार बरडिया परिवार, प्रथम जल पूजा संतोष कुमार बसंतीलाल बरडिया परिवार, द्वितीय केसरचंद पूजा वीरेंद्र कुमार बाबेल परिवार, तृतीय पुष्प पूजा दीपक कुमार संजय कुमार बरडिया परिवार लाभ लिया।

भाई दूज का पर्व, बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर की लंबी उम्र की कामना



सुसनेर। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व के अंतिम दिन भाई दूज का त्योहार नगर में परंपरागत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और अटूट रिश्ते का प्रतीक यह पर्व घर-घर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही पर्व को लेकर महिलाओं और युवतियों में उत्साह दिखाई दिया। भाई दूज के अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि, खुशहाली और दीर्घायु की कामना की। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। मान्यता के अनुसार इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाकर उसके मंगलमय जीवन की कामना करती हैं। पर्व के चलते कई घरों में पारिवारिक मिलन का माहौल रहा। जिन बहनों के भाई दूसरे शहरों में रहते हैं, उन्होंने भी फोन और अन्य माध्यमों से शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। बाजारों में भी त्योहार को लेकर रौनक दिखाई दी।दीपावली के बाद भाई दूज के पर्व ने भाई-बहन के रिश्ते में

भाई को मंगल तिलक लगाकर बहिनों ने मनाया भाई दूज का पर्व



महिदपुर रोड। बुधवार को नगर में भाई दूज का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में निवास रत बहुओं के भाई अपनी बहिनों से मंगल तिल क लगवाने विभिन्न गांवों तथा शह रों से यहां पहुंचे, जहां बहिनों ने उनका मंगल तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए उनके दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए शुभ कामनाएं दी, मान्यता है कि दीपा वली के बाद आने वाली भाई दूज यम द्वितीया के दिन जो बहिनें अपने भाई का मुंह मीठा कराते हुए मंगल तिलक लगाती है, उसे किसी प्रकार का अनजाना भय तथा भाई के जीवन में किसी प्र कार की विपत्ति नहीं आती।

मंदसौर से अपनी बहिन से मंगल तिलक लगाने आये विप्लव राठौर ने कहा वे अपनी बडी बहिन से हर वर्ष भाई दूज पर आशीर्वाद लेने हमेशा आते हैं ,रतलाम से आये सर्वज्ञ डोरिया ,आगर से आये वीरेंद्र पोरवाल ,नीमच से जितेंद्र चंद्रावत अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ अपनी बहिनों से मंगल तिलक लगवाने आये ,ये सभी भाई यों ने अपने भांजे ,भांजियों के लिये भी साथ में मिठाइयां भी लेकर आये।

तस्करी की मिल रही थी सूचना

इंगोरिया पुलिस ने 19 ग्राम एम डी ड्रग्स जब्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से एम डी ड्रग्स तस्करों की सूचना मिल रही थी। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश व्यास ने बताया कि एस डी ओ पी एम एस परमार के नेतृत्व में इंगोरिया में एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने दिनांक 10 नवंबर को देहात भ्रमण के दौरान बड़नगर रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय ग्राम धुरेरी पर एक संदिग्ध व्यक्ति को खड़े हुए देखा। उसकी तलाशी में जेब से 19 ग्राम एम डी ड्रग्स मिला। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कैलाश पिता रमेश चौधरी उम्र 45 साल निवासी ग्राम बलेडी बताया। नशीला पदार्थ एम डी ड्रग्स जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। इस एम डी ड्रग्स की बाजार कीमत 1 लाख 90 हजार रुपए होना पाई गई। आरोपी के खिलाफ थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 388/ 2026 धारा 8 /22 एन डी पी एस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । पूछताछ में आरोपी ने अमीन निवासी ग्राम ढोलाना तहसील बदनावर से यह एम डी ड्रग्स लेना बताया गया। आरोपी को बुधवार को विशेष न्यायालय एन डी पी एस एक्ट जिला उज्जैन पर पेश किया गया।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश व्यास, स ऊ नि कनीराम डिंडोर, प्र आ राजेंद्र सिंह परिहार, प्र आ नरेंद्र सिंह परिहार, प्र आ प्रकाश मई डा, आरक्षक प्रिंशू भदौरिया, शिवकांत पांडेय, दिलीप सिंह राणा और संदीप बामनिया का आरोपी को पकड़ने में सराहनीय सहयोग रहा।

शर्मा के निधन पर आज शोक सभा आयोजित, समाज में शोक की लहर



नागदा। आदिगौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं ट्रस्टी श्री मणिराम शर्मा का बीते दिनों अहमदाबाद में दुखद निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से समाजजन एवं शहरवासियों में गहरा शोक व्याप्त है।

श्री मणिराम शर्मा वर्ष 1984 में आदिगौड़ ब्राह्मण समाज की स्थापना के समय से ही निरंतर समाज से जुड़े रहे और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे। समाज के संस्थापक सदस्यों में से एक श्री शर्मा अपने हंसमुख स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण नागदा शहर में अत्यधिक लोकप्रिय थे।

दिवंगत मणिराम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 12 नवंबर को आदिगौड़ ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में शोक सभा का आयोजन हुआ। इस शोक सभा में समाज के सभी सम्मानित सदस्य एवं ट्रस्टी उपस्थित रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

उद्योग से समाज तक दिया योगदान

उन्होंने केमिकल डिविजन नागदा में एक अधिकारी के रूप में अपनी लंबी सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के पश्चात वे अहमदाबाद में रह रहे थे। आदिगौड़ ब्राह्मण समाज की धर्मशाला निर्माण व भूमि क्रय प्रक्रिया में उन्होंने तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एस.एन. शर्मा के

किसानों के अपमान पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

सारंगपुर। देश के अन्नादाता किसानों के खिलाफ बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा के कथित आपत्तिजनक बयानों के विरोध में गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय के नेतृत्व मंडलम आसारेटा पंवार के करौंदी जोड पर एक उग्र प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों के द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान और जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के निदेर्शानुसार आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बडी संख्या में एकत्रित होकर अपना विरोध जताया। सुबह 11 बजे करौंदी जोड पर जुटे कार्यकताओं ने केंद्र और प्रदेश के बीजेपी नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोधस्वरूप बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक अध्यक्ष बनवारी मालवीय ने कडे शब्दों में आरोप लगाया कि बीजेपी सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा देश के किसानों के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

देवउठनी एकादशी से गूंजेंगी शहनाइयां, नवंबर-दिसंबर में विवाह के 11 शुभ मुहूर्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

चार माह के चातुर्मास के बाद अब देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरूआत होने जा रही है। इसके साथ ही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शादी-ब्याह की रौनक देखने को मिलेगी। इस वर्ष 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागते हैं और इसके साथ ही शुभ एवं मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू हो जाता है। लंबे समय से विवाह आयोजनों का इंतजार कर रहे परिवारों में अब तैयारियां शुरू हो गई हैं।

नवंबर और दिसंबर 2026 में विवाह के कुल 11 प्रमुख शुभ मुहूर्त रहेंगे। नवंबर माह में 20, 21, 24, 25, 26 और 30 नवंबर को विवाह के शुभ योग बताए गए हैं। वहीं दिसंबर माह में 1, 6, 9, 11 और 12 दिसंबर को विवाह समारोह आयोजित होंगे। इस प्रकार नवंबर में छह और दिसंबर में पांच मिलाकर कुल 11 शुभ तिथियां रहेंगी। इन तारीखों पर विवाह समारोहों के आयोजन को लेकर परिवारों में



उत्साह है। कई परिवारों ने मैरिज गार्डन, धर्मशालाओं और विवाह स्थलों की बुकिंग के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं करना शुरू कर दिया है।

विवाह सीजन शुरू होने के साथ ही सुसनेर के बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगेगी। कपड़ा, आभूषण, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावट और उपहार सामग्री की दुकानों पर खरीदारी का दौर तेज होगा। वहीं मैरिज गार्डन, टेंट हाउस, कैटरिंग, बैंड-बाजा, घोड़ी, लाइटिंग और फोटोग्राफी से जुड़े व्यवसायियों को भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है। हलवाई, फूल-माला विक्रेता और अन्य छोटे व्यापारियों को भी विवाह आयोजनों से रोजगार मिलेगा। देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाला यह विवाह सीजन नगर के व्यापारिक बाजारों में नई रौनक लेकर आएगा। घरों में मांगलिक गीतों की गूंज के साथ विवाह की रस्में शुरू होंगी और एक बार फिर सुसनेर सहित आसपास के क्षेत्रों में शहनाइयों की आवाज सुनाई देने लगेगी।

खरमास के चलते एक माह रहेगा विराम

दिसंबर माह में विवाह के शुभ मुहूर्त पूरे होने के बाद खरमास के कारण विवाह सहित प्रमुख मांगलिक आयोजनों पर विराम लग जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खरमास की अवधि में विवाह जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। इसके बाद जनवरी 2027 में खरमास समाप्त होने पर एक बार फिर विवाह समारोहों की शुरूआत होगी।

मंडी में सोयाबीन की पहली बैलगाड़ी की सर्वाधिक बोली 7311 प्रति क्विंटल खरीदी



महिदपुर रोड। दीपावली व अन्य धार्मिक त्यौहारों की छः दिनों की लगातार कृषि उपज मं डी की छुट्टियों के बाद नगर में स्थित कृषि उपज उप मंडी में नी लामी का कार्य गुरुवार से शुरू हुआ उप मंडी में नीलामी कार्य मैं शामिल होने आये व्यापारियों ने ग्राम रोहल खुर्द के अपनी बैल गाड़ी में सोयाबीन लेकर आये कि सान जीवन भेरूलाल चौधरी की प्रथम गाड़ी की सोयाबीन खरीदी की नीलामी शुरू की जो से नर्मदा एंटरप्राइजेज के संचालक मंडी व्यापारी संजय शर्मा ने 7311 प्रति क्विंटल के भाव से सर्वाधिक ऊंची बोले लगाकर ख रीदी उप मंडी कार्या लय प्रभारी चंदरलाल परमार तथा मंडी व्या पारियों ने कृषक जीवन लाल का सफा बांध कर पुष्प माला पहना कर स्वागत किया इस दौरान मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी महेंद्र अरोड़ा मनोहर लाल फरक्या अविनाश जैन सहित अन्य मंडी व्यापारी मौजूद रहे भारतीय मज दूर संघ के प्रदेश मंत्री जाकिर मेव भास्कर शिंदे आदि ने भी मंडी व्यापारी संजय शर्मा तथा अन्य का पुष्प माला से स्वागत किया वर्षों से कृषि उपज उप मंडी में पहले किसान की बैलगाड़ी में लाई सोयाबीन फसल उपज की नीलामी के बाद सम्मान किया।



हुमा कुरैशी एक बार फिर रानी भारती के दमदार रोल में नजर आने वाली हैं। उनकी पॉपुलर ड्रामा सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन का प्रोमो रिलीज हो गया है। मेकर्स ने हुमा के कैरेक्टर की पहली झलक भी दिखा दी है। प्रोमो से पता चलता है कि इस बार नए सीजन के साथ एक नई शुरूआत होने वाली है। 'महारानी' बदले की आग लेकर आ रही है। प्रोमो शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, कुछ कर्ज. समय के साथ नहीं, बल्कि हिसाब-किताब से उतरते हैं। रानी भारती वापस आ गई हैं और इस बार यह पर्सनल है। 'महारानी सीजन-5' फरवरी में स्ट्रीम होगा।₹ फिलहाल कोई रिलीज डेट सामने नहीं आई है। हुमा इस सीरीज के सीजन 5 को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका मानना है कि इस बार कहानी कई लेवल पर दर्शकों को सरप्राइज करेगी। उन्होंने कहा, मुझे सच में लगता है कि सीजन 5 दर्शकों को कई तरह से सरप्राइज करेगा। 'द क्वीन' का हर सीजन एक परफॉर्मर के तौर पर मेरे लिए कुछ नया लेकर आया है, लेकिन यह सीजन बहुत खास है।

अहान के साथ अनित के अफेयर की चर्चा फिर से

अनित पड्डा और अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' को रिलीज हुए एक साल से ज्यादा हो गया है। हालांकि, दोनों के डेटिंग की अफवाहें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अनीत की लेटेस्ट तस्वीरों ने इन अफवाहों पर फिर से विराम लगा दिया है। असल में, एक्ट्रेस अक्सर पांडे परिवार के फैमिली फंक्शन में जाती हैं। हाल ही में, उन्होंने अहान और उनके परिवार के साथ दिवाली भी मनाई। इसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अनित के कपड़ों ने सबका ध्यान खींचा है। दिवाली पर उन्होंने जो पिंक एथनिक सूट पहना है, वह अहान की मां डीन पांडे का है। वह इसे पहले भी फैमिली इवेंट्स में पहन चुकी हैं। अब खबर है कि डीन ने यह सूट अनित को गिफ्ट किया है। अहान की मां के सूट में अनित को देखकर पांडे परिवार के साथ उनकी बॉन्डिंग फिर से चर्चा में आ गई। फैंस इस पर जोरदार रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने जहां अनित को 'एक वजह से बहू' कहा, वहीं दूसरे ने कमेंट्स में लिखा, ₹कृष कपूर और वाणी बत्रा का रिश्ता असल ज़िंदगी में भी तय है।

चित्रकूट मेले में बिक गया चंकी पांडे...

हर साल की तरह इस साल भी मध्य प्रदेश के चित्रकूट में गधों का मेला लगा। व्यापारियों का ध्यान खींचने के लिए, दुकानदारों ने अपने गधों के नाम कई बॉलीवुड स्टार्स के नाम पर रखे। मेले में 'चंकी पांडे' नाम का गधा बहुत हिट रहा। यह गधा कुल 72,000 रुपये में बिका और इस साल मेले का सबसे महंगा जानवर था। इसने अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और मिथुन चक्रवर्ती जैसे स्टार नामों वाले गधों को भी पीछे छोड़ दिया। जब यह मजेदार खबर एक्टर चंकी पांडे तक पहुंची, तो वे अपनी हंसी नहीं रोक पाए। वे खूब हंसे और मजेदार रिएक्शन दिए। चंकी ने हंसते हुए कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि लोगों ने ऐसा किया। मेरे दोस्त मुझे इस खबर की क्लिपिंग भेज रहे हैं। वैसे भी, कोई भी खबर अच्छी खबर होती है! पिछले 30 सालों से मैं देख रहा हूं कि इस तरह के हेयरस्टाइल को प्रमोट किया जाता है। एक बर्गर जॉइंट में तो 'चंकी पनीर पांडे' नाम का बर्गर भी मिलता है।₹ चंकी पांडे करीब 40 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में हैं। उन्होंने 1987 में फिल्म 'आग ही आग' से डेब्यू किया था। उसी साल रिलीज हुई 'बेबी डू डाई डू' में वे नजर आए थे।





नई सीरीज 'ओ साथी रे'

'मैं वापस आऊंगा' के बाद, राइटर-डायरेक्टर इम्तियाज अली की अगली पेशकश अब सीधे डळळ पर रिलीज होगी। यह एक सीरीज है, जिसका नाम है 'ओ साथी रे'। इस सीरीज में अदिति राव हैं। अदिति ने अर्जुन और अविनाश के साथ मिलकर इसे रिलीज किया हैदरी, अविनाश तिवारी और अर्जुन रामपाल लीड रोल में हैं। सीरीज का पहला पोस्टर भी रिलीज डेट से सामने आ गया है। इम्तियाज इस सीरीज के राइटर और प्रोड्यूसर हैं, जबकि डायरेक्शन उनके भाई आरिफ अली ने किया है, जो पहले 'शी' नाम की सीरीज डायरेक्ट कर चुके हैं। 'ओ साथी रे' का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ₹ओ साथी रे... एक अलग हो रहे कपल की लव स्टोरी। इसका प्रीमियर 4 दिसंबर को होगा। इम्तियाज के मुताबिक, यह एक ऐसे कपल के बीच बढ़ते अटैचमेंट की कहानी है जो डिवोर्स लेने जा रहे हैं।

अदिति के साथ अर्जुन और अविनाश



रोहित ने अलर्ट किया

फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने सोशल मीडिया पर उनके नाम से चल रहे फेक अकाउंट्स के बारे में फैंस और फॉलोअर्स को चेतावनी दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि फेसबुक या जैसे प्लेटफॉर्म पर उनका कोई अकाउंट नहीं है...। उन्होंने साफ किया कि इन फोरम पर उनके नाम से चल रहा कोई भी अकाउंट या प्रोफाइल फेक और अनऑथराइज्ड है। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर मेरी सिर्फ ऑफिशियल प्रेजेंस इंस्टाग्राम पर है। मैं फेसबुक या पर नहीं हूं। मैं सभी से रिक्वेस्ट करता हूं कि ऐसे अकाउंट्स से न जुड़ें और न ही उनके जरिए शेयर किए गए किसी भी कंटेंट को मेरी तरफ से बोला गया मानें।

Sport

पिछली बार पाकिस्तान जीता था; 14 नवंबर को खेला जाएगा खिताबी मुकाबला

भारत-पाकिस्तान फिर अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय अंडर-19 टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। 14 नवंबर को खिताबी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें पिछली बार भी एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने थीं, जहां पाकिस्तान ने भारत को 191 रन से हराया था। गुरुवार को ओमान के मस्कट में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 9 विकेट से मात दी। अफगानिस्तान ने भारत को 228 रन का लक्ष्य दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 227 रन बनाए। जवाब में भारत ने 36.5 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत टूर्नामेंट का पिछला 2 फाइनल हारा है। 2024 में उसे बांग्लादेश के खिलाफ हार मिली थी। वहीं 2025 में पाकिस्तान ने 191 रन के बड़े अंतर से भारत को हराया था। हालांकि ओवरऑल भारत ने इस टूर्नामेंट को सबसे ज्यादा 8 बार जीता है।



वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर की फिफ्टी, कप्तान लक्ष्य के 93 रन

सेमीफाइनल में भारत के लिए आर्यवीर सहवाग ने 57 बॉल पर 51 रन बनाए। वहीं कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 93 रन की पारी खेली। वीके विनीत 57 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने छक्का लगाकर जीत दिलाई। इससे पहले, अफगानिस्तान की ओर से नुमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने 51-51 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से ईशान सूद सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 9 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट लिए। आर्यन सावसानी ने 29 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।



जेम्स एंडरसन काउंटी टीम सरे से खेलेंगे

इंग्लैंड। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 2027 में काउंटी चैंपियनशिप में सरे की टीम से खेलेंगे। 25 साल तक एंडरसन लंकाशायर से जुड़े रहे, लेकिन टीम ने अगले सीजन के लिए उनका कॉन्ट्रैक्ट नहीं बढ़ाया। इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके 44 साल के एंडरसन ने 2026 के काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 50 विकेट लिए और लंकाशायर के प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गए थे। एंडरसन ने लंकाशायर से विदाई के तरीके पर निराशा जताई थी। उन्होंने कहा था- 'अगर फैसला मेरे हाथ में होता, तो यह रिश्ता इस तरह खत्म नहीं होता।' इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने भी लंकाशायर के इस फैसले की आलोचना की थी। उन्होंने क्लब के रवैये को अपमानजनक बताया था। अब एंडरसन सरे के साथ अपने करियर का नया अध्याय शुरू करेंगे। यहां उनकी मुलाकात इंग्लैंड के पूर्व साथी एलेक स्टीवर्ट से होगी, जो फिलहाल सरे मेंस क्रिकेट के डायरेक्टर हैं।

रैंडेल को पहली बार न्यूजीलैंड टीम में मौका

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों के लिए 31 साल के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को टीम में शामिल किया है। रैंडेल को पहली बार सीनियर इंटरनेशनल टीम में जगह मिली है। वहीं, ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन पांचवें और आखिरी वनडे के लिए टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी आज़ाद नगर 1
हाल, 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम किराये से देना है
संपर्क: 8319023209 8989404428

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

कर्मचारी की आवश्यकता
वेटर
किचन हेल्पर
सिक्योरिटी गार्ड
सफाई हेतु
कर्मचारी की आवश्यकता है
पता : क्षिप्रा ढाबा हरि फाटक इंदौर रोड उज्जैन
7610571808
9098080060

नैनो न्यूज

- **श्रेयस अय्यर बनेंगे कप्तान:** न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी चौथे और पांचवें वनडे मैच के लिए शुभमन गिल की जगह श्रेयस अय्यर को भारतीय टीम की कमान सौंपी गई है।
- **विराट और रोहित नहीं खेलेंगे चौथा वनडे:** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच से विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी आराम दिया जा सकता है।
- **काव्या मारन की शादी:** सनराइजर्स हैदराबाद टीम की मालकिन काव्या मारन ने मशहूर म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध रविचंदर के साथ शादी कर ली है।
- **ताजा टेस्ट रैंकिंग:** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की नई टेस्ट रैंकिंग जारी हो गई है, जिसमें भारत के शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है।
- **हार्दिक पांड्या की पंजाब किंग्स में एंट्री:** आईपीएल मिनी ऑक्शन से पहले ट्रेड डील के तहत हार्दिक पांड्या पंजाब किंग्स में शामिल हो गए हैं।
- **शतरंज में भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर:** अनुज श्रीवत्री भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए हैं, जिसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है।

डी सिल्वा ने 167 और मेंडिस ने 119 रन बनाए; साकिब खान ने 7 विकेट लिए

श्रीलंका ने पहली पारी में 446 रन बनाए

एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी

पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले जा रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका की टीम पहली पारी में 446 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह टीम ने पाकिस्तान के 434 रन के जवाब में 12 रन की बढ़त हासिल की। दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बनाए हैं।

श्रीलंका की ओर से धनंजय डी सिल्वा ने 167 और कप्तान कुसल मेंडिस ने 119 रन बनाए। पाकिस्तान के साकिब खान ने 7 विकेट लिए।श्रीलंका ने चौथे दिन अपनी पहली पारी 404/4 के स्कोर से आगे बढ़ाई। धनंजय डी सिल्वा 167 और कुसल मेंडिस 117 रन बनाकर नाबाद थे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 249 रन की साझेदारी की। धनंजय डी सिल्वा 246 गेंदों पर 167 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 20 चौके शामिल रहे। वहीं, कप्तान कुसल मेंडिस ने 202 गेंदों पर 119 रन बनाए। उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। इन दोनों के अलावा कामिंदु मेंडिस ने 58 और लाहिरू उदारा ने 42 रन बनाए। श्रीलंका की पूरी टीम 117.2 ओवर में 446 रन बनाकर आउट हुई। पाकिस्तान की ओर से साकिब खान सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 34 ओवर में 130 रन देकर 7 विकेट लिए। मोहम्मद अब्बास को 2 विकेट मिले, जबकि रजाउल्लाह ने एक विकेट हासिल किया।



पाकिस्तान ने पहली पारी में 434 रन बनाए थे

पाकिस्तान ने पहली पारी में 106.3 ओवर में 9 विकेट पर 434 रन बनाकर पारी घोषित की थी। टीम की ओर से सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 93 रन बनाए। वह शतक से चूक गए।

तैयब आरिफ ने 51 गेंदों पर 57 रन बनाए। मोहम्मद ताहा ने 105 गेंदों पर 51 और आराफात मिन्हास ने 72 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली। कप्तान बाबर आजम ने भी 58 गेंदों पर 50 रन बनाए। गाजी घोरी ने 48 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका ने 3-3 विकेट लिए। मिलान रथनायके और सोनल दिनुषा को एक-एक विकेट मिला। श्रीलंका से 12 रन पिछड़ने के बाद पाकिस्तान ने दूसरी पारी शुरू की। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 15 ओवर में एक विकेट पर 45 रन बना लिए थे।

न्यूज कॉलम

बोहरा समाज के धर्मगुरु का काफिला धामनोद से गुजरा

धामनोद। दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का काफिला 12 नवंबर को दोपहर 1 बजे धार जिले के धामनोद से गुजरा। समाज के लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। डॉ. सैयदना गौतमपुरा से बड़वाह जाते समय धामनोद होकर निकले। महेश्वर रोड स्थित नए बस स्टैंड पर सड़क के दोनों ओर समाज के महिला-पुरुष और दूसरे समुदायों के लोग खड़े थे। काफिला निकलते ही लोगों ने मौला-मौला कहा। धामनोद, गुजरी, धरमपुरी और कालीबावड़ी समेत आसपास के गांवों से आए महिला, पुरुष और बच्चे उनकी एक झलक पाने के लिए जुटे।

15 नवंबर को मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

धार। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को धार जिले के डही में जनजातीय गौरव दिवस का राज्यस्तरीय समारोह होगा। इसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री हेलीपैड से सभा स्थल तक रोड शो करते हुए पहुंचेंगे और ग्रामीणों से संवाद करेंगे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। 1,353.18 करोड़ रुपए की इस परियोजना से धार और आलीराजपुर जिले के 126 गांवों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

60 फीट गहरे कुएं में गिरे बंदर का रेस्क्यू

झाबुआ। पेटलावद के कोदली गांव में 60 फीट गहरे कुएं में गिरे बंदर को करीब 24 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वन विभाग और ग्रामीणों ने मिलकर रेस्क्यू किया। बाद में बंदर को जंगल में छोड़ दिया गया। यह घटना 10 नवंबर 2026 की शाम की है। बंदर कालूराम रामचंद्र पाटीदार के डाबरिया रोड स्थित खेत के कुएं में गिर गया था। खेत मालिक की सूचना पर ग्रामीणों ने रस्सी से खाट कुएं में उतारी, ताकि बंदर उस पर चढ़ सके लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हुई।

धार मंडी में रौनक, सात दिन बाद खुला कारोबार



मुहूर्त की बोली में 10,001 रुपए क्विंटल बिका नया सोयाबीन; पहले दिन 300 वाहन लेकर पहुंचे किसान

धार। त्योहारों के चलते करीब सात दिन बंद रहने के बाद धार कृषि उपज मंडी में गुरुवार को फिर से कारोबार शुरू हुआ। पहले दिन व्यापारियों ने नई सोयाबीन फसल के आगमन पर पारंपरिक मुहूर्त का आयोजन किया। इसमें कलेक्टर राजीव रंजन मीना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुहूर्त की पहली बोली में कालूखेड़ी निवासी किसान बहादुर की सोयाबीन 10,001 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बिकी। कलेक्टर ने व्यापारियों और मंडी अधिकारियों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद बैलगाड़ी में लाई गई सोयाबीन पर मुहूर्त की पहली बोली लगाई गई। व्यापारियों ने बोली लगाकर नई फसल की खरीदी शुरू की। इस दौरान मंडी सचिव मंसाराम जमरे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, किसान और मंडी कर्मचारी मौजूद रहे। मंडी खुलने की सूचना मिलते ही सुबह से किसानों की आवाजाही शुरू हो गई थी। पहले दिन करीब 300 वाहन उपज लेकर मंडी पहुंचे। इनमें ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित अन्य लोडिंग वाहन शामिल थे। लंबे समय बाद कारोबार शुरू होने से मंडी परिसर में सुबह से ही चहल-पहल रही। किसान उपज लेकर पहुंचे तो व्यापारी भी खरीदी की तैयारियों में जुटे नजर आए।

नैनो न्यूज

- **छावनी मंडी में आज व्यापारिक गतिविधियां शुरू,** छावनी अनाज मंडी में गुरुवार को दीपावली बाद मुहूर्त सौदों के साथ व्यापारिक गतिविधियां शुरू हुई। व्यापारी पूजन और अन्नकूट आयोजन के साथ नए कारोबारी वर्ष का स्वागत करेंगे।
- **सराफा कारोबार में ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद-** इंदौर सराफा बाजार में दीपावली सीजन के दौरान 100 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ। व्यापारियों ने ग्राहकी को बेहतर बताते हुए पार्किंग और व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने की मांग उठाई।
- **आलू प्याज मंडी में कारोबार की रफ्तार बढ़ी-** दीपावली अवकाश के बाद इंदौर की आलू-प्याज मंडी में गुरुवार सुबह से सौदे शुरू हुए। मंडी खुलने के साथ किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों की कारोबारी गतिविधियां फिर तेज हुईं।
- **गोदरेज प्रॉपर्टीज का बड़ा अधिग्रहणः** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने इंदौर में 24 एकड़ जमीन खरीदी है। इस नए प्रोजेक्ट में हाउसिंग प्लॉट्स के जरिए कंपनी ने 500 करोड़ रुपये के रेवेन्यू का लक्ष्य रखा है।
- **हेटिच का नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांटः** जर्मन फर्नीचर फिटिंग दिग्गज हेटिच ने इंदौर में नया प्लांट शुरू किया है, जिसके जरिए भारत को एक प्रमुख ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी है।

महापौर के स्वागत समारोह के बीच भागीरथपुरा दूषित पानी कांड को लेकर नाराज लोग काली तख्तियां लेकर एयरपोर्ट पहुंचे

अवॉर्ड लेकर लौटे इंदौर मेयर का एयरपोर्ट पर स्वागत, एमआईसी सदस्यों ने फूलों से लादा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





स्वच्छता के क्षेत्र में अवॉर्ड लेकर लौटे महापौर पुष्यमित्र भार्गव का इंदौर एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान एमआईसी सदस्यों ने उन्हें फूलों से लाद दिया। कार्यकर्ताओं ने महापौर को कंधों पर उठाकर मिठाई खिलाई। ढोल-ढमाकों के बीच नाच-गाने के साथ उनका अभिनंदन किया गया।

स्वागत के दौरान नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, राजेंद्र राठौर सहित भाजपा के अन्य पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हालांकि एयरपोर्ट पर कोई बड़ा जनप्रतिनिधि नजर नहीं आया। कुछ देर बाद एयरपोर्ट से मेयर सहित पूरी टीम राजबाडा पहुंची और अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सफाई मित्रों का सम्मान किया।

महापौर के स्वागत समारोह के बीच भागीरथपुरा दूषित पानी कांड को लेकर नाराज लोग भी एयरपोर्ट पहुंचे। उनके हाथों में काली तख्तियां थीं, जिन पर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग लिखी थी।

तख्तियों पर 'लापरवाही बरतने वाले कब जेल जाएंगे' और 'पीड़ित परिवारों को न्याय कब मिलेगा' जैसे सवाल लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारी इस मामले में जवाबदेही तय करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हालांकि भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को अंदर नहीं आने दिया। दिया। इस तरह एक ओर एयरपोर्ट पर अवॉर्ड को लेकर जश्न और स्वागत का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर भागीरथपुरा हादसे को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। बाद में पुलिस ने यहां से कुछ लोगों को एरोड्रम थाने भेज दिया। फिर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जिन्हें थाने पर बैठाया उसमें एक बुजुर्ग महिला और बच्चा भी था।


देपालपुर की तस्वीर बदल दी

इंदौर ने स्वच्छता में अपने अनुभव और मॉडल की मदद से देपालपुर की तस्वीर बदल दी। इसी उपलब्धि के लिए स्वच्छ शहर जोड़ी पहल में इंदौर-देपालपुर की जोड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों शहरों को यह सम्मान प्रदान किया। करीब 20 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देपालपुर ने यह उपलब्धि हासिल की। इंदौर की मेंटरशिप में देपालपुर ने एक साल के भीतर स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा सुधार किया। सभी 15 वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण, पुराने कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण और बेहतर मॉनिटरिंग से शहर की व्यवस्था बदली। राष्ट्रीय सम्मान मिलने की खुशी में बुधवार को इंदौर के राजबाड़ा पर विशेष आयोजन किया गया।

डेढ़ महीने से पत्नी-बेटी के साथ 3 स्टार होटल में ठहरा था, 70 हजार बिल देना था

रिटायर्ड लोकायुक्त डीएसपी का इंजीनियर बेटा चौथे फ्लोर से कूदा, मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के निपानिया स्थित त्रिवेणा होटल की चौथी मंजिल से कूदने से 46 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर राजकुमार यादव की मौत हो गई। राजकुमार पिछले करीब डेढ़ महीने से अपनी पत्नी सरवरी बेगम और 8 साल की बेटी के साथ होटल में रह रहा था।

3 स्टार होटल में ठहरने के दौरान बिल 70 हजार रुपए से ज्यादा हो चुका था। बुधवार शाम पत्नी-बेटी होटल से कोलकाता के लिए रवाना हुईं और उसी रात करीब 2 बजे राजकुमार का शव होटल के पीछे खाली प्लॉट में मिला।

जानकारी के मुताबिक, राजकुमार होटल के चौथे फ्लोर पर कमरा नंबर 401 में ठहरा हुआ था। बुधवार रात करीब 2 बजे होटल कर्मचारी अर्जुन ने उसे होटल के पीछे खाली प्लॉट में गंभीर हालत में पड़ा देखा। कर्मचारी उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि राजकुमार होटल की चौथी मंजिल से कूदा है। हालांकि, वह कूदा है, या गिरा है या फिर प्लाट में कैसे पहुंचा, पुलिस ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है।

रात 1 बजे कैमरे में कैद हुआ इस मामले में जांच की एक अहम चुनौती होटल की छत और पीछे की तरफ सीसीटीवी कैमरों का नहीं होना है। जानकारी के मुताबिक, जिस तरफ से राजकुमार नीचे गिरा और जिस स्थान पर उसका शव मिला, वहां कैमरे नहीं लगे हैं। छत पर भी सीसीटीवी कवरेज नहीं होने से घटना सीधे कैमरे में रिकॉर्ड नहीं हो सकी। हालांकि वह होटल के एक कैमरे में 1 बजे कैद हुआ है। वह कमरे से छत के रास्ते जाते दिखा है, हालांकि इसके बाद वापस नहीं आया। पुलिस होटल के अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग, चौथे फ्लोर के कॉरिडोर, कमरे तक आने-जाने वाले रास्तों और होटल कर्मचारियों के बयानों के आधार पर घटनाक्रम को जोड़ने की कोशिश कर रही है।

होटल में रुककर काम करेगा और बकाया चुका देगा

पुलिस को दिए बयान में सरवरी बेगम ने बताया कि होटल में रहते हुए उनका बिल 70 हजार रुपए से अधिक हो गया था। लगातार बढ़ते बकाया भुगतान के कारण होटल संचालक ने उनसे कहा था कि वह बेटी को लेकर होटल से चली जाएं। राजकुमार होटल में रुककर काम करेगा और बकाया किराया चुका देगा। इसके बाद बुधवार शाम सरवरी अपनी बेटी के साथ कोलकाता के लिए रवाना हो गई। उसने राजकुमार से कहा था कि कोलकाता पहुंचने के बाद उसे रुपए भेज देगी। इसके कुछ घंटे बाद ही राजकुमार की मौत की खबर सामने आ गई।

मॉल के पीछे खड़ी कार से 80 लाख की नगद राशि बरामद

देवास के दो किसान हिरासत में, इंदौर में नहीं दिखा सके दस्तावेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



कनाड़िया पुलिस ने टीपीएस-05 मेन रोड स्थित फिनिक्स मॉल के पीछे एक खाली मैदान में संदिग्ध हालत में खड़ी वेगनर कार से 80 लाख रुपए की नकद राशि बरामद की है।

बुधवार की रात करीब 8 बजे कार की जांच करने पर पुलिस को 500 रुपए के 75 लाख, 100 रुपए के 3 लाख और 200 रुपए के 2 लाख रुपए के नोट मिले। मौके से पुलिस ने देवास जिले के रहने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान तिलोक पिता भेरूलाल गामी और मनोज पिता भेरूलाल गामी, दोनों निवासी बरखेड़ा सोमा, थाना बागली (जिला देवास) के रूप में हुई है। दोनों पेशे से खेती-किसानी करते हैं। इतनी बड़ी रकम के संबंध में मौके पर दोनों व्यक्ति कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पूछताछ के दौरान दोनों बार-बार अपने बयान बदलते रहे। उन्होंने दावा किया कि यह पैसा देवास के बरखेड़ा बागली की जमीन का है, जिसे वे बिचौली निवासी सुरेश पटेल से लेकर आ रहे थे। बयानों में विरोधाभास होने के कारण मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। कनाड़िया थाना पुलिस ने नियमानुसार 80 लाख रुपए की नकद राशि जब्त कर ली है। मामले की सूचना आयकर विभाग को दी जा रही है। इसके बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर-पटना ट्रेन फुल, खड़े रहने तक की जगह नहीं



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

छठ महापर्व के लिए घर जाने वाले यात्रियों की भीड़ है। इंदौर-पटना एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में ठीक से खड़े रहने तक की जगह नहीं बची। सभी ट्रेन फुल हैं। इंदौर से बिहार जाने वाली ट्रेनों में सीटों के लिए ऐसी मारामारी है कि चार्ट बनने के बाद भी यात्रियों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रहे।

बुधवार को इंदौर-पटना एक्सप्रेस में जनरल के चारों कोच ठसाठस भरे रहे। स्लीपर में भी चार्ट बनने के बाद भी वेटिंग 100 के पार पहुंच गई। एसी क्लास में भी राहत नहीं है। फर्स्ट एसी में काफी समय पहले से ही रिग्रेट पोजिशन रही। सेकंड एसी और थर्ड एसी में भी लंबी वेटिंग रही। बुधवार को इंदौर से पटना जाने वाली ट्रेन में छठ की भीड़ का असर प्लेटफॉर्म से लेकर कोच तक नजर आया। जनरल के चारों कोच यात्रियों से खचाखच भरे थे। जिन्हें बैठने की जगह नहीं मिली, वे खड़े होकर ही सफर करने को मजबूर हुए। ट्रेन में सवार जगदीश ने बताया कि उन्हें छठ पूजा के लिए घर पहुंचना है। छठ महापर्व साल का सबसे बड़ा त्योहार है। ऐसे में सफर कितना भी मुश्किल हो, घर तो जाना ही है। इसी तरह रामेश्वर कुमार ने बताया कि उन्होंने काफी पहले स्लीपर क्लास का टिकट बुक कराया था, लेकिन कन्फर्म नहीं हुआ। उनका कहना था कि परिवार के साथ छठ मनाने के लिए घर जाना जरूरी है।

आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में पहली बार बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्नूकर प्रतियोगिता का रोमांच देखने को मिलेगा। 12 से 21 नवंबर तक यशवंत क्लब में आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जाएगा।

इसमें दुनिया के 30 से अधिक देशों के खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे। चैंपियनशिप में भारत की 22 सदस्यीय टीम भी हिस्सा लेगी। इसमें देश के दिग्गज स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी और



महिला चैंपियन अनुपमा रामचंद्रन शामिल हैं। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। 12 नवंबर को शाम 7 बजे खिलाड़ियों और रेफरियों की बैठक होगी। इसके बाद 13 नवंबर से क्वालिफाइंग मुकाबलों की शुरूआत होगी। प्रतियोगिता 21 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान विभिन्न देशों के खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस चैंपियनशिप के आयोजन से इंदौर को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। देश-विदेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों की मौजूदगी से शहर में खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

टीसीएस कर्मचारी की मौत पर 3.50 करोड़ रुपए का मुआवजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले टीसीएस कर्मचारी के परिवार को जिला न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने मृतक के परिजनों को 3 करोड़ 20 लाख रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश बस का बीमा करने वाली कंपनी को दिया है। इसके साथ ही 10 जनवरी 2025 से 6 प्रतिशत सालाना ब्याज भी चुकाना होगा।

कॉलेज असाइनमेंट को बनाया स्टार्टअप

लॉन्च किया आयुर्वेदिक स्किनकेयर ब्रांड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कॉलेज में मिलने वाला एक असाइनमेंट अक्सर पढ़ाई पूरी करने की औपचारिकता बनकर रह जाता है, लेकिन इंदौर के दो टएअ विद्यार्थियों ने इसी असाइनमेंट को अपने स्टार्टअप की नींव बना दिया।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईआईपीएस संस्थान में एमबीए (एंटरप्रेन्योरशिप) की पढ़ाई कर रहे अवधेश मोटसरा और क्रिश सोनी ने अपने आइडिया को बिजनेस में बदलते हुए प्रीमियम आयुर्वेदिक स्किनकेयर ब्रांड नुस्खा लॉन्च किया है। इसकी शुरूआत 10 सितंबर 2026 को हुई। दरअसल, दोनों विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान एक कॉलेज असाइनमेंट के तहत बिजनेस आइडिया पर काम करना था। इसी दौरान उन्होंने भारतीय आयुर्वेदिक परंपराओं और घरेलू नुस्खों को आधुनिक स्किनकेयर से जोड़ने की योजना बनाई। प्रोजेक्ट को लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया और सराहना मिली तो दोनों ने इसे केवल असाइनमेंट तक सीमित रखने के बजाय अपना व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया।

अवधेश और क्रिश का मानना है कि स्किनकेयर केवल खूबसूरती तक सीमित नहीं, बल्कि आत्म-देखभाल का भी अहम हिस्सा है। दोनों का लक्ष्य भारतीय आयुर्वेदिक विरासत से प्रेरित ऐसे उत्पाद विकसित करना है, जिन्हें युवा पीढ़ी भी आसानी से अपनी दिनचर्या में शामिल कर सके। एक कॉलेज असाइनमेंट से शुरू हुआ यह सफर अब बिजनेस की पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है। दोनों युवाओं की पहल बताती है कि क्लासरूम में तैयार हुआ आइडिया भी सही दिशा, मेहनत और हौसले के साथ स्टार्टअप का रूप ले सकता है।

आयुर्वेदिक परंपरा को आधुनिक अंदाज में पेश करने की कोशिश

नुस्खा की अवधारणा भारतीय पारंपरिक ज्ञान को आज की पीढ़ी की जरूरतों के मुताबिक पेश करने पर आधारित है। ब्रांड का उद्देश्य प्राकृतिक सामग्रियों से प्रेरित स्किनकेयर विकल्पों को आधुनिक और सुविधाजनक स्वरूप में उपलब्ध कराना है। इसके जरिए त्वचा की देखभाल को रोजमर्रा की जीवनशैली का हिस्सा बनाने की कोशिश की जा रही है। ब्रांड की योजना उत्पादों की गुणवत्ता, सामग्री के चयन और ग्राहकों को सही जानकारी देने पर विशेष ध्यान देने की है। साथ ही प्रीमियम स्किनकेयर का अनुभव उचित और किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com